स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

बुधवार, 28 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 243 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

राज्यसभा चुनाव की वोटिंग के बीच अखिलेश को झटका ...पेज-12

Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

HONDA
The Power of Dreams

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 | Service: +91 8009090093

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)

सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977

इस बार टाइम, काउंटडाउन और रॉकेट भी हमारा : मोदी

●प्रधानमंत्री ने की अंतरिक्ष मानव मिशन में जाने वाले यात्रियों के नामों की घोषणा

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केरल के तिरुवनंतपुरम में पहुंचे हुए हैं। इस दौरान उन्होंने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) का दौरा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के पहले अंतरिक्ष मानव मिशन पर जाने वाले चार भारतीयों को आज सम्मानित किया। अंतरिक्ष में जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों में ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं। मौके पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, राज्य मंत्री मुरलीधरन और इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने स्पेस सेक्टर को बढ़ावा देने वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। ये प्रोजेक्ट्स सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा में पीएसएलवी एकीकरण सुविधा, महेंद्रगिरि के इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में नई सेमी-क्रायोजेनिक्स इंटीग्रेटेड इंजन और स्टेज टेस्ट सुविधा और वीएसएससी तिरुवनंतपुरम में ट्राइसोनिक विंड टनल हैं। इन्हें तैयार करने में करीब 1800 करोड़ रुपये लागत आई है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि कुछ देर पहले देश

पहली बार 4 गगनयान यात्रियों से परिचित हुआ। ये सिर्फ 4 नाम या 4 इंसान नहीं हैं, ये वो चार शक्तियां हैं जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष तक ले जाने वाली हैं। 40 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जा रहा है, लेकिन इस बार वक्त भी हमारा है, काउंट-डाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है।

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि हर कोई हमारे साहसिक अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खड़े होकर तालियां बजाएं। तालियों के साथ ही पीएम ने भारत माता की जय के नारे लगाए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे ये जानकर बहुत अच्छा लगा कि गगनयान में इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर उपकरण मेड इन इंडिया है। ये कितना बड़ा संयोग है कि जब भारत दुनिया की टॉप तीन इकोनॉमी बनने के लिए उड़ान भर रहा है, उसी समय भारत का गगनयान भी हमारे अंतरिक्ष सेक्टर को एक नई बुलंदी पर ले जाने वाला है।पीएम मोदी ने कहा कि हमारे अंतरिक्ष सेक्टर में महिला शक्ति को बहुत महत्व दिया जा रहा है। चंद्रयान हो या गगनयान, महिला वैज्ञानिकों के बिना ऐसे किसी भी मिशन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। मोदी ने कहा कि पिछले साल भारत वह पहला देश बना जिसने चंद्रमा के साउथ पोल पर तिरंगा फहराया। आज शिव-शक्ति पॉइंट पूरी दुनिया को भारत के सामर्थ्य से परिचित करा रहा है। 2035 तक अंतरिक्ष में भारत का अपना स्पेस स्टेशन होगा। इसकी मदद से भारत अंतरिक्ष का अध्ययन कर सकेगा। अमृत काल के इस दौर में भारतीय एस्ट्रोनॉट हमारे अपने रॉकेट पर सवार होकर चंद्रमा की सतह पर उतरेंगे।

अन्तरिक्ष यात्रियों में लखनऊ के शुभांशु शुक्ला भी शामिल

चुने गए चारों एस्ट्रोनॉट्स इंडियन बेंगलुरु स्थित एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट एंड सिस्टम टेस्टिंग एस्टेब्लिशमेंट के टेस्ट पायलट्स हैं। खास बात यह है कि इसमें लखनऊ के रहने वाले शुभांशु शुक्ला भी शामिल हैं। लखनऊ के त्रिवेणी नगर में शुभांशु शुक्ला का पूरा परिवार रहता है। शुभांशु शुक्ला ने लखनऊ के अलीगंज सेक्टर-ओ के सीएमएस स्कूल से पढ़ाई की थी। उनका का जन्म 10 अक्टूबर 1985 में हुआ था। उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) से ग्रेजुएशन किया फिर 18 दिसंबर 2004 में इंडियन एयरफोर्स में तैनात हुए। उन्होंने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है। विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला एसयू-30 एमकेआई,मिग-21, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 एयरक्राफ्ट उड़ा चुके हैं। शुभांशु की शादी 2009 में कामना शुक्ला के साथ हुई थी। दोनों का एक बेटा भी है जिसका नाम कियास है, जिसकी उम्र लगभग 5 साल है।

योगी के चक्रव्यूह में फंसे अखिलेश

राज्यसभा चुनाव

●यूपी की 8 सीटें भाजपा ने जीती, हिमाचल में बीजेपी जीती, कर्नाटक में कांग्रेस के 3, भाजपा का 1 प्रत्याशी जीता

●हिमाचल की राज्यसभा सीट भाजपा ने लॉटरी से जीती

लखनऊ/ नई दिल्ली। यूपी में योगी के चक्रव्यूह में फंस कर सपा अपनी राज्य सभा की एक सीट हार गई और भाजपा को 8 सीटों पर विजय प्राप्त हुई। इनमें भाजपा के अमरपाल मौर्य को 36 वोट, आरपीएन सिंह को 34, साधना सिंह को 34, संजय सेठ को 29, संगीता बलवंत बिंद को 36, सुधांशु त्रिवेदी को 38, तेजवीर सिंह को 38, नवीन जैन को 34 वोट मिले। वहीं सपा की जया बच्चन को 34, रामजी लाल सुमन को 34 वोट मिले। ये सभी जीत गए। सपा प्रत्याशी आलोक रंजन को हार का मुंह देखना पड़ा। उन्हें सिर्फ 16 वोट मिले। बीजेपी को 8वें प्रत्याशी को जिताने के लिए 8 वोटों और सपा को तीसरे प्रत्याशी जिताने के लिए 3 वोटों की जरूरत थी। मगर सपा के 7 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। इसके साथ ही जनसत्ता लोकतांत्रिक के 2 विधायक और बसपा के एक विधायक ने भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई वरिष्ठ नेता सुबह ही मतदान के लिए विधानसभा पहुंचे। योगी आदित्यनाथ ने वोट डालने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विजयी मुद्रा की अपनी तस्वीर साझा करते हुए कहा कि राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आज विधान भवन, लखनऊ में मतदान किया। सभी भाजपा प्रत्याशियों की विजय हेतु हार्दिक मंगलकामनाएं। वहीं हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सीट पर भाजपा के हर्ष महाजन जीत गए हैं।



दो सड़क हादसों में दस की मौत, कई घायल

बलिया/ शाहजहांपुर। बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र में मंगलवार को जीप और पिकअप वाहन की भिड़ंत में छह लोगों की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए । पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के खेजुरी थाना क्षेत्र के मासूम पुर गांव से एक लड़की का तिलक चढ़ाकर दो मार्शल जीप में सवार लोग आज भोर दोकटी क्षेत्र के भगवानपुर गांव वापस लौट रहे थे कि तभी बैरिया थाना क्षेत्र के हल्दी बैरिया बॉर्डर पर स्थित सुघर छपरा मोड पर सामने से आ रही टमाटर लदी पिकअप ने दोनों जीपों में टक्कर मार दी । इस हादसे में अमित कुमार गुप्ता (46),रणजीत शर्मा (32),यश गुप्ता(9), राज गुप्ता (11),राजेन्द्र गुप्ता(50) और एक अज्ञात उम्र लगभग 45 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बब्बन प्रसाद गौड़ (35), हजारी गुप्ता (60),रमाशंकर गुप्ता

(60), सोनू गुप्ता (31), सतेन्द्र गुप्ता (55), पंकज गुप्ता (30), छितेश्वर गुप्ता (30), अमित (9) और परशु राम घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से चार घायलों को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है । शेष घायलों का इलाज बलिया जिले के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है । वहीं दूसरी तरफ शाहजहांपुर जिले के कांट क्षेत्र में मंगलवार को बोर्ड परीक्षा में पेपर देने जा रहे छात्रों से भरी कार के पेड़ से टकराने से चार परीक्षार्थियों की मौत हो गई जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र के गांव बरेंड़ा निवासी दस छात्र-छात्राएं आज सुबह जैतीपुर स्थित द्वारिका प्रसाद इंटर कालेज में हाई स्कूल के गणित का पेपर देने जा रहे थे। सभी छात्र (इको) वैन में सवार थे। वैन जलालाबाद शाहजहांपुर मार्ग पर जारवान गांव के पास पहुंची कि तभी कार का अगला टायर फट गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा कर खाई में पलट गई। इस हादसे में अनुरूप कुशवाहा (15) ,अनुराग श्रीवास्तव (14), प्रतिष्ठा मिश्रा (15) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि मोहनी मौर्य (16) की मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर मौत हो गई।

आर्थिक तंगी से बढ़ रही हैं आत्महत्या की घटनाएं : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार एक तरफ गरीबी खत्म करने का ढिंढोरा पीट रही है और दूसरी तरफ सरकारी आंकड़ा बताता है कि आर्थिक तंगी के कारण देश में बड़ी संख्या में लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अकेले 2022 में सात हजार से ज्यादा लोगों ने आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या की है।

हर घंटे दो किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं और हर दिन 40 युवा हताश होकर जान देने को मजबूर हैं लेकिन सरकार का दावा है कि देश में सब चकाचक है। आज नीति आयोग यह साबित करने पर तुला है कि सरकार ने देश में गरीबी खत्म कर दी है लेकिन इसी रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के सबसे गरीब पांच प्रतिशत लोग अपना गुजर-

बसर सिर्फ 46 रुपए प्रतिदिन पर करने को मजबूर हैं। नीति आयोग का यह सर्वे देश के अमीरों और गरीबों के बीच बढ़ती खाई को सही साबित कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि नीति आयोग की इस रिपोर्ट के अनुसार -शहर के पांच प्रतिशत सबसे अमीर लोग, शहर के पांच प्रतिशत सबसे गरीब लोगों से 10 गुना ज्यादा खर्च करते हैं। गांव के पाच प्रतिशत सबसे अमीर लोग, गांव के पांच प्रतिशत सबसे गरीब लोगों से आठ गुना ज्यादा खर्च करते हैं। मतलब.. अगर गांव में रहने वाले पांच प्रतिशत सबसे अमीर हर दिन 350 रुपए खर्च करते हैं तो पांच प्रतिशत सबसे गरीब 46 रुपए खर्च करते हैं। वहीं शहर के पांच प्रतिशत सबसे अमीर 700 रुपए खर्च करते हैं, तो सबसे गरीब औसतन 67 रुपए खर्च करते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार के अनुसार अगर देश में सिर्फ सात करोड़ लोग ही गरीब हैं तो फिर 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है। देश के 35 करोड़ लोगों के पास आवाजाही का कोई साधन और 45 करोड़ लोगों के पास टीवी क्यों नहीं है। रोज़मर्रा की चीजों में भी गिरावट आई है जो साबित करता है कि लोग खर्च नहीं कर पा रहे हैं। दो साल पहले भारत का घरेलू सेविंग रेट जीडीपी से 11 प्रतिशत ऊपर रहता था लेकिन 2 साल में यह जीडीपी के अनुपात में गिरकर पांच प्रतिशत पर आ गया है।

अर्थ आवाज़

बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का 2024 संस्करण शुरू

कानपुर। बीएमडब्ल्यू मोटोराड भारत में अपने सर्वाधिक प्रतीक्षित राइडिंग एक्सपीरियंस बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का शुभारंभ कर रहा है। केवल ठर्ड मोटोराड ओनर्स के लिए संकल्पित बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी पूरी दुनिया में अल्टीमेट राइडिंग एक्सपीरियंस प्रदान करता है। विक्रम पावाह प्रेसिडेंट बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा मोटरसाइकिल महज भ्रमण से कहीं ज्यादा है जो निजी जुनून की खोज करने अनछुए इलाकों को सामने लाने और बेमिसाल आजादी को अपनाने के लिए एक विशिष्ट रास्ता प्रदान करता है। बीएमडब्ल्यू मोटोराड अनुभवों का विस्तृत संसार प्रस्तुत करता है, जिसे हर राहडर की जरूरतों के अनुसार तैयार किया है। बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का लक्ष्य नए ऐडवेंचर्स को जाहिर करना और मालिकों को उनकी मोटोराड मोटरसाइकिलों की क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाना है। दूसरों के साथ से राइडिंग का आनंद बढ़ जाता है और इस प्रकार ठर्ड मोटोराड सफारी को सभी प्रतिभागियों के लिए अविस्मरणीय यादों, विवरणों और यात्राओं के लिए डिजाइन किया है, जो मोटरसाइकि्लंग समुदाय को साझा बंधनों और यादों से समृद्ध करता है। बीएमडब्ल्यू मोटोराड-24 में मोटोराड सफारीज और वीकएंड एस्केप के माध्यम से 72 से ज्यादा एक्सपिडिशन्स पेश करेगा।

आशा हीलिंग कैंप में शामिल हुए सीएम तामांग

लखनऊ। हेवनली निर्वाण पथ द्वारा जोरेथांग खेल के मैदान में 15 दिवसीय मेगा आशा हीलिंग कैंप का आयोजन किया। कैंप के आखिरी दिन मुख्यमंत्री तामांग शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने लोगो का आभार व्यक्त किया और सिक्किम के लोगों के कल्याण के लिए सेवा प्रदान करने और काम करने के लिए उनके समर्पण और बलिदान के लिए स्वामी बाल तपस्वी सदुरु मास्टर गॉड एंजेल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लविज्म एक विचारधारा है जो अहिंसा और प्रेम को बढ़ावा देती है। उन्होंने जनता से हर धर्म का समान रूप से सम्मान करने और नागरिकों के बीच शांति और सद्भाव फैलाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने नाडुगांव में निर्वाणिक आश्रम/आमाशा हीलिंग कैंप को विश्व स्तरीय केंद्र बनाने में राज्य सरकार और गुरु हजूर के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला जो विश्वभर के लोगों की सेवा करता है। मुख्यमंत्री ने आगामी जन भरोसा सम्मेलन के बारे में जानकारी दी, जो जनता को विभिन्न लाभ प्रदान करने के लिए 26 फरवरी से राज्य में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 29 को रंगपो में युवा भरोसा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जहां सिक्किम के युवाओं को नियुक्तिपत्र वितरित किए जाएंगे।

टीसीआई का स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

मथुरा। टीसीआई ग्रुप भारत की प्रमुख एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता अपने टीसीआई सेफ सफर सड़क सुरक्षा माह का सफल समापन घोषित करता है, जो 15 जनवरी से 14 फरवरी तक था। इस व्यापक पहल को राष्ट्रीय स्तर पर अयोजित किया गया। जिसका उददेश्य सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना था विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों पर उच्च दुर्घटना क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना था। भारत में 10 लाख व्यक्तियों तक पहुंचकर सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने एवं परिवहन और लॉजिस्टिक्स उद्योगों में ड्राइवर्स के पद को ऊंचा करने का लक्ष्य पूरा किया। मार्ग परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट से प्रेरित होकर टीसीआई सेफ सफर ने राष्ट्रीय राजमार्गों के दो उच्च जोखिम क्षेत्रों को सुरक्षित करने के लिए एक अभियान शुरू किया। बैंगलोर से चेन्नई हाईवे के माध्यम से और चेन्नई से सलेम के माध्यम से हैं। इस मार्ग पर होते हुए हमने होसूर, कृष्णागिरी, वेल्लोर, कांचीपुरम, श्रीपेरंबदुर, चेन्नई में माधवाराम / एनोर पोर्ट, डबासपेट और दोबल्लापुर तथा ग्रेटर नोएडा से आगरा यमुना एक्सप्रेसवे से और आगरा से लखनऊ एक्सप्रेसवे से इस मार्ग से होते हुए नोएडा, फरीदाबाद रुद्रपुर, पंटनगर, बाजपुर, बदायूं, खातिमा, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी में इसका सम्पादन किया।

स्कोडा ऑटो की ऑल न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा

लखनऊ। स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए अपनी नई योजनाओं की घोषणा की। इस एसयूवी को 2025 की पहली छमाही में भारत में लॉन्च किया जाएगा यह कंपनी का तीसरा मेड-फॉर-इंडिया प्रोडक्ट होगा यह नई कार कुशाक और स्लाविया की तरह एमक्यूबी-ए0-आईएन प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी। इस लॉन्च के साथ स्कोडा ऑटो इंडिया 2026 तक साल भर में 100,000 कारों की बिक्री के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। स्कोडा ऑटो ए.एस के सीईओ क्लॉस जेल्मर ने कहा पूरी दुनिया में स्कोडा ऑटो के विकास के लिए भारत महत्वपूर्ण बाजार है। भारत अपनी बाजार की जबर्दस्त ताकत के साथ विश्व के अन्य देशों के बाजारों में स्कोडा ऑटो के विस्तार के लिए विकास और निर्माण का आधार भी है। इन देशों में आसियान और मध्यपूर्व के देश भी शामिल हैं। 2021 के बाद कंपनी ने भारत में अपनी कारों की बिक्री दोगुनी की है। अब हम भारत समेत विश्व के देशों में उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किए मॉडलों का विस्तार कर अगला कदम उठा रहे हैं। 25 में लॉन्च की जाने वाली ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी से उपभोक्ताओं के लिए जरूरी सेग्मेंट जोड़ा जाएगा।

निसान फॉर्मूला ई टीम की कोरल आईवियर से साझेदारी

नई दिल्ली। निसान फॉर्मूला ई टीम ने सनग्लासेज एवं अपैरल कंपनी कोरल आईवियर से साझेदारी का एलान किया है। दोनों के बीच मल्टी-ईयर डील हुई है। इस साझेदारी के तहत 2023/24 में सभी कैंपेन एवं अन्य गतिविधियों के लिए कोरल आईवियर निसान फॉर्मूला ई टीम के सभी सदस्यों को अपने अनूठे प्रोडक्ट्स की आपूर्ति करेगी। इन प्रोडक्ट्स को रिसाइकिल्ड प्लास्टिक और प्लांट-बेस्ड मैटेरियल्स से बनाया गया है। कंपनी निसान फॉर्मूला ई टीम सनग्लासेज का स्पेशल एडिशन भी लॉन्च करेगी। मार्च में टोक्यो ई-प्री के उद्घाटन से पहले इन सनग्लासेज को लॉन्च किया जाएगा। इनमें टीम के रंगों और लोगो का इस्तेमाल होगा। निसान फॉर्मूला ई टीम के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं टीम प्रिंसिपल टोमासो वॉल्पे ने कहा कोरल आईवियर के साथ इस साझेदारी की शुरुआत करते हुए मुझे खुशी है। उनका मिशन पूरी तरह से हमारी टीम और फॉर्मूला ई के सिद्धांतों के अनुरूप है। हम दोनों पर्यावरण के अनुकूल सॉल्यूशंस को बढ़ावा देकर विश्व को दिखाना चाहते हैं कि सस्टेनेबिलिटी के लिए गुणवत्ता से समझौता नहीं करना पड़ता है। अगले वर्षों में साझा लक्ष्य पाने की दिशा में मैं कोरल आईवियर के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। कोरल आईवियर के सह-संस्थापक जॉर्ज बेली ने कहा हमें निसान फॉर्मूला ई टीम के साथ साझेदारी का गर्व है।

बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रहे फातिमा अस्पताल को शिकायत पर चिकित्सा अधीक्षक ने किया सीज, हड़कंप

दरियाबाद बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) । स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा अधीक्षक की तमाम सख्ती के बावजूद दलालों का हस्तक्षेप कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

मंगलवार को ऐसा ही एक मामला तब प्रकाश में आया है जब एक पीड़ित की शिकायत पर चिकित्सा अधीक्षक ने संज्ञान लेकर प्राइवेट अस्पताल के विरुद्ध कार्रवाई की है तब दलालों में हड़कंप मच गया है जांच में अस्पताल का रजिस्ट्रेशन भी नहीं पाया गया है । बताते चलें कि मंगूपुर निवासी पवन कुमार श्रीवास्तव की पुत्रवधू को मंगलवार को प्रसव पीड़ा होने पर प्रसव हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरा नगर में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों ने उसे जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया ।

परिजन उसे लेकर जिला महिला अस्पताल जाते इससे पहले अस्पताल के इर्द-गिर्द टहल रहे दलालों ने परिजनों को बहला फुसलाकर जिला अस्पताल न ले जाकर उसे फातिमा अस्पताल में भर्ती कर दिया इस बात की जानकारी जब पवन को हुई तो उन्होंने न केवल इस पर विरोध जताया बल्कि इसकी सूचना चिकित्सा अधीक्षक को भी दी जिस पर चिकित्सा अधीक्षक द्वारा त्वरित मामले का संज्ञान लेते हुए जांच पड़ताल की तो मामला सही पाया गया इस पर न केवल चिकित्सा अधीक्षक ने फातिमा अस्पताल को सीज कर दिया बल्कि अस्पताल प्रशासन के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी शुरू की है जिससे दलालों वह नर्सिंग होम संचालकों में हड़कंप मचा है पूछे जाने पर अधीक्षक द्वारा बताया गया कि उक्त अस्पताल का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है ।

किसानों के सच्चे हिमायती थे दिवंगत सांसद शफीक उर रहमान बर्कः फरीद

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) । दिवंगत सांसद शफीक उर रहमान बर्क का निधन समाजवादी आंदोलन की छती है वह समाजवादी विचारों व सिद्धांतों के प्रबल समर्थक थे समाजवादी विचारधारा को बढ़ाने में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता ।उक्त विचार लोहिया भवन में सांसद शफीक उर रहमान वर्क के निधन पर आयोजित शोक सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने व्यक्त किए ।श्री फरीद महफूज किदवई ने कहां कि शफीक उर रहमान बर्क किसानों के सच्चे हिमायती थे जीवन पर्यंत वह शोषित वंचित समाज के लिए लड़ते रहे । प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा ने भी श्री बर्क के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शफीक उर रहमान बर्क विधाययी व संसदीय मामलों के ज्ञाता थे सांसद और विधायक रहते उन्होंने क्षेत्र व प्रदेश के विकास को प्रमुखता से रखने का कार्य सदन में किया ।पूर्व प्रमुख प्रदेश सचिव मौलाना असलम इस अवसर पर कहा कि उन्होंने उन्होंने पूरी जिंदगी आवाम की खिदमत के लिए समर्पित कर दिया था और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए आवाज बुलंद की ।सपा जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा के संचालन में इस शोक सभा को संबोधित करने वालों में सपा जिला उपाध्यक्ष मो सबाह जिला सचिव जैसी राम यादव सिराज उस्मानी आफाक मनोज पाल चौधरी विनोद, राम पाल यादव,अशोक सिंह महिपाल सैनी अखिलेश यादव रोहित यादव रोहित वर्मा चंद्र प्रकाश राजवंशी प्रमुख थे ।

केजीएमयू : सुरक्षा गार्ड चला रहा फर्जी वाहन स्टैंड

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के वृद्धावस्था मानसिक विभाग के परिसर में सुरक्षा गार्ड फर्जी वाहन स्टैंड का संचालन कर धन उगाही कर रहा था। मंगलवार को तीमारदार के विरोध करने पर आरोपी ने अभद्रता भी की। केजीएमयू में वाहन का स्टैंड संचालित करने वाले अतिन श्रीवास्तव की टीम की जांच में भी इस फर्जी स्टैंड संचालन की पुष्टि हुई है। इसके बाद स्टैंड के एक कर्मचारी को हटा दिया गया। केजीएमयू परिसर में स्टैंड संचालन का ठेका अतिन श्रीवास्तव का है। ट्रॉमा सेंटर के सामने स्थित वृद्धावस्था मानसिक विभाग में मंगलवार को यहां का सुरक्षा गार्ड स्टैंड का संचालन कर रहा था। वह वाहनों पर लाल रंग का टोकन लगा रहा था। जिस पर केजीएमयू व ठेके से सम्बंधित किसी प्रकार की जानकारी अंकित नहीं थी। एक तीमारदार ने विरोध किया तो आरोपी गार्ड अभद्रता करने लगा। मौके पर जुटे कई अन्य तीमारदारों ने बताया कि यहां काफी समय से इस फर्जी स्टैंड का संचालन कराया जा रहा था।

नोटिस के बावजूद दबंगों ने तालाब व रास्ते की भूमि पर किया कब्जा

फतेहपुर (स्पष्ट आवाज) । अतिक्रमणकारी ने नगर पंचायत की नोटिस को ठेंगा दिखाते हुए तालाब व रास्ते की भूमि के अंशभाग पर निर्माण कर कब्जा कर लिया। इसे नगरपंचायत की मिलीभगत कहें या अतिक्रमणकारी की दबंगई। कस्बे के मोहल्ला नालापार दक्षिणी मुसाफिर खाना के सामने स्थित गाटा संख्या 839 रास्ता व 836 तालाब सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। उपरोक्त गाटा संख्याओं के आंशिक भू-भाग पर नालापार दक्षिणी निवासी मो0 वैस ने पक्की दुकान बनाकर कब्जा कर लिया था जिसकी शिकायत मिलने पर अधिशाषी अधिकारी विनय शंकर अवस्थी ने 6 फरवरी 2023 को अतिक्रमणकारी को एक सप्ताह में स्वय्म कब्जा हटा लेने की नोटिस जारी की थी न हटाने पर नगरपालिका अधिनियम 1916 के तहत विधिक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी थी। अतिक्रमणकारी ने नगरपंचायत की नोटिस को ठेंगा दिखाते हुए पुरानी सिलेप की जगह नयी सिलेप लगाने का प्रयास कर रहा था, कि प्रकरण तहसील प्रशासन के संज्ञान में आने पर 13 जनवरी 2024 को लेखपाल ने नगरपंचायत की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रूकवा दिया था परन्तु नगर पंचायत की प्रभावी कार्यवाही के अभाव में अतिक्रमणकारी ने पिछले पखवारे नयी सिलेप डलवा दी। एसडीएम आर जगत साई ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है जांचकर कार्यवाही की जायेगी।

यूपी फार्मासिस्ट फेडरेशन बाराबंकी ईकाई का अधिवेशन संपन्न

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) ।फार्मासिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश की शाखा बाराबंकी का अधिवेशन सोमवार को प्रशासनिक भवन जिला चिकित्सालय बाराबंकी में संपन्न हुआ। अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुनील यादव, संरक्षक डॉ के के सचान, महामंत्री डॉ अशोक कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ जेपी नायक, उपाध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव तथा जनपद बाराबंकी के एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, वेटरनरी, आयुष तथा युवा रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट भी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री तथा फीपो के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के के सचान ने कहा कि सभी विधाओं के फार्मासिस्टों की कुछ समस्याएं एक जैसी होती हैं अतः उन्हें एक साथ मिल बैठकर समाधान खोजना होगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुनील यादव ने बताया की फार्मासिस्ट को समय-समय पर नई तकनीकी जानकारी से अपडेट रहना होगा तभी समय के साथ हम समाज को बेहतर सेवा दे पाएंगे। बैठक को अन्य प्रांतीय पदाधिकारी के अतिरिक्त उपस्थित विभिन्न विधाओं के फॉर्मेसिस्टों ने भी संबोधित किया। अधिवेशन के दूसरे सत्र में जनपद बाराबंकी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर रमेश चंद्र वर्मा एलोपैथिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार वेटरनरी, उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सिंह वर्मा एलोपैथिक तथा अश्विनी कुमार त्रिपाठी आयुर्वेदिक, जिला मंत्री पद पर रमापति रावत होम्योपैथिक, कोषाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र त्रिवेदी आयुष, संगठन मंत्री संजीव कुमार वर्मा एलोपैथिक, संयुक्त मंत्री विजय नारायण मौर्य जेल सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए। चीफ फार्मासिस्ट अब्दुल अहद एलोपैथिक को संगठन का संरक्षक नामित किया गया। फेडरेशन की रिटायर्ड विंग का जिला अध्यक्ष आरसी वर्मा, साइंटिफिक विंग का अध्यक्ष डॉ धर्मवीर, मंत्री पद पर डॉ अमित कुमार सिंह, फेडरेशन की यूथ विंग का अध्यक्ष विराट कुमार, मंत्री सुधाकर सिंह वर्मा तथा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा को नामित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुनील यादव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

भारतीय नृत्य एवं संगीत कार्यक्रम का आयोजन

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) । संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित व बंधना फाउंडेशन द्वारा आयोजित भारतीय नृत्य एवं संगीत मंत्रालय व प्रमोशन ऑफ इंडियन आर्ट एन्ड कल्चर के तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड देवा स्थित न्यू विकास हाईस्कूल मैनाहार में किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आर डी शुक्ला समाजसेवी द्वारा माँ सरस्वती की छवि पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया।कार्यक्रमों की प्रस्तुति सुप्रसिद्ध गायक संतोष रॉय एन्ड पार्टी के कलाकारों व विद्यालय के बच्चों द्वारा भव्यता पूर्वक किया गया। फिल्म अभिनेत्री ममता सिंह ने भोजपुरी गीतों के माध्यम से महफ़िल में शमा बांध दिया।इसी क्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना,स्वागत गीत,पर्यावरण संरक्षण गीत को जब कक्षा पांच की खुशी,सगुन दीक्षा, मानसी, यशी,अनुष्का,निशा,नेहा ने सुनाया तो तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल गूँज उठा।सड़क सुरक्षा गीत ,सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती है,सड़को पर अक्सर दुर्घटना होती है रोली यादव ने सुनाकर एक प्रकार से जागरुकता फैलाने का प्रदर्शन किया। इसके अलावा सबाना,गुड़िया, रंजना, साधना, विभा,अंजली,सगुन,मानसी, नेहा,अनुष्का,ज्ञानवती सहित दर्जनों बच्चों ने देश भक्ति,समाजसुधारक गीत प्रस्तुत किया।इसी मध्य में सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक संतोष राय व अवधी गीत लेखक व गायक धर्म कुमार यादव ने संयुक्त रूप से होली गीत सुनाकर कार्यक्रम में फगुनी बयार बहा दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पी सी रॉय, जनकल्याण किसान एसोसिएशन के प्रदेश अपर मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह,जिला संयोजक डाक्टर वीर बहादुर,जिला सलाहकार लाल जी यादव, प्रमुख जिला महासचिव पुरुषोत्तम कुमार,जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार,युवा जिला उपाध्यक्ष शौरभ यादव, युवा तहसील अध्यक्ष नवाबगंज अर्पित तिवारी, मातृशक्ति तहसील उपाध्यक्ष शबनम बानो, मातृशक्ति तहसील सचिव तनीषा यादव,शिक्षक महासभा जिलाध्यक्ष सतीश यादव,नीरज वर्मा,पुरेन्द्र कुमार,निशा वर्मा,निशू गुप्ता, तनिष्का पटेल,सावित्री वर्मा,अमन वर्मा, विश्राम,मयाराम यादव,राम दुलारे सहित विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं व अध्यापक स्टॉफ के साथ क्षेत्र के सैकड़ो सम्भ्रान्तजन मौजूद रहे।कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर किया।

पुलिस विभाग को 48 करोड़ 76 लाख की सौगात

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए 48 करोड़ 35 लाख रूपये की धनराशि की स्वीकृति करने की अनुमति दी दी है। प्रमुख सचिव गृह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मुरादाबाद की क्षमता दोगुना किये जाने हेतु अनावसीय भवनों के निर्माण हेतु 33 करोड़ 80 लाख 35 हजार रूपये तथा आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 9 करोड़ 26 लाख 19 हजार रूपये की धनराशि के निर्गत करने के निर्देश दिये गये है। आगरा के थाना फतेहाबाद में श्रेणी-ए के 06 एवं श्रेणी-बी के 09 आवासों के निर्माण हेतु 2 करोड़ 73 लाख 70 हजार रूपये की धनराशि, जनपद बिजनौर में थाना बढ़ापुर में 32 क्षमता के हॉस्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण हेतु 1 करोड़ 76 लाख 81 हजार रूपये व जनपद बिजनौर में थाना नगीन देहात में 16 क्षमता के हास्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 19 लाख 65 हजार रूपये की धनराशि निर्गत करने के आदेश निर्गत कर दिये गये है।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने यह निर्देश भी दिये है कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूरे किए जाएं। सीएम ने कड़े निर्देश दिये है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नहीं जायेगा।

तीन समाज सेवियों को मिला सम्मान

लखनऊ। शियों के बारवें इमाम हजरत मेहदी (अ.स.) की यौमे विलादत के मौके पर अंजुमन खुददामे कर्बला की ओर से कर्बला मलका जहां ऐशबाग में आयोजित 'जश्ने वली-ए-अस्र' में तीन समाज सेवियों को अवार्ड मिला। समारोह में समाजसेवी वफ़ा अब्बास, शेख सईद हुसैन, दिलावर हुसैन को समाजी सेवाओं के पेशे नजर एवार्ड से नवाजा गया। इस मौके पर मौलाना मीसम ज़ैदी, मौलाना यासूब अब्बास इमाम मेहदी सहित तमाम लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन मौलाना उर्फी नानपारवी व कौसर जरवली, अध्यक्षता मौलाना मो अब्बास तुराबी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रिंस इकबाल मिर्जा ने दिया।

श्रद्धालुओं के परिजनों को मोरारीबापू ने दी आर्थिक मदद

लखनऊ। दो दिन पहले माघ पूर्णिमा के दिन उत्तर प्रदेश के कासगंज में श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रॉली तालाब में गिरने से 23 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पूज्य मोरारीबापू की रामकथा हाल में अयोध्या में चल रही है। यह घटना दो दिन पहले की है पूज्य बापू ने प्रत्येक मृतक के परिवारों को पंद्रह-पंद्रह हजार रु, यानी कि कुल 3,45,000 रुपये की सहायता राशि अर्पण की है। पूज्य बापू ने सभी मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से मारे गए लोगों के निर्वाण के लिए प्रार्थना की है। यह राशी दिल्ली स्थित रामकथा श्रोताओं द्वारा मृतकों के परिवारों तक पहुंचाई जाएगी।

मो जेन को 'सुपर परफार्मर अवार्ड'

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-1 के छात्र मो जेन तारिक खान को नेशनल हैण्डराइटिंग प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु 'सुपर परफार्मर अवार्ड' से नवाजा गया है। यह प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब के संयोजकत्व में आयोजित हुई, जिसमें देशभर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि मो जेन ने सुन्दर लिखावट, स्पष्टता एवं उत्कृष्टता का प्रमाण अपनी लेखन प्रतिभा द्वारा दिया। आयोजकों ने छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सीएमएस प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अखिलेश ने चार छात्रों की मृत्यु पर शोक जताया

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को जनपद शाहजहांपुर के नगर पंचायत कॉट क्षेत्र के ग्राम जरावन के पास परीक्षा देने जा रहे छात्रों से भरी ईको बैन अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी जिससे चार छात्रों की मौके पर ही मृत्यु हो गई की मृत्यु पर शोक जताते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मरने वालों में मोहिनी पुत्री महेश मौर्या ब्लॉक काट के ग्राम बरेंडा, अनुराग पुत्र चंद्रपाल ब्लॉक काट के ग्राम बरेंडा, प्रतिष्ठा पुत्री अनिल मिश्रा ब्लॉक काट के ग्राम हरीपुर, अनुरूप पुत्र नीरज कुशवाहा ब्लॉक काट के ग्राम नगलाजाजू और 5 छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मेडिकल कॉलेज बरेली मोड़ भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिवार वालों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की व दुख साझा किया। पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, सपा कांग्रेस गठबंधन 27 लोकसभा प्रत्याशी राजेश कश्यप, सपा के महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा मौजूद रहे।

क्षेत्र पंचायत सदस्य की वार्षिक बैठक आयोजित

रामसनेहीघाट बाराबंकी (स्पष्ट आवाज) । ब्लाक बनीकोड़र में में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य की बैठक ब्लाक प्रमुख श्रीमती उर्मिला वर्मा की अध्यक्षता में हुई जिसमें उपस्थित सांसद प्रतिनिधि रिंकू सिंह एम एल सी प्रतिनिधि राकेश सिंह मुन्ना को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। वित्तीय वर्ष में किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी।गत कार्यवाही की पुष्टि हुई। आंगनबाड़ी केंद्र पर चर्चा हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत, राष्ट्रीय आजीविका मिशन ,गोआश्रय स्थल , मनरेगा लेबर बजट ,पंचम राज्य वित्त योजना पर विचार केन्द्रीय 15वां वित्त योजना पर विचार विमर्श किया गया। पीएम आवास 2016-17 से अब तक 6086 तथा मुख्यमंत्री आवास 2019-20 से अब तक 374 का आवंटन किया गया है। जिसमें 45 पीएम आवास एवं 12 मुख्यमंत्री आवास अपूर्ण है जिनको पूर्ण करवाने की हिदायत दी गई।क्षेत्र पंचायत सदस्य मऊ ने सदन से कहा कि हम जनता से चुने गये है वह जनता तक कैसे जानकारी दें। सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मानदेय दिया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी विनय कुमार मिश्र ने कहा कि जो भी गोवंश गांव के लोगों ने अपने यहां रखना है तो उन्हें प्रदेश सरकार प्रति गोवंश की खुराक के लिए 500 रुपए के हिसाब से मिलता रहेगा। एवं पीएम आवास तथा मुख्यमंत्री आवास के बारे में खण्ड विकास अधिकारी विनय कुमार मिश्र ने कहा कि जो भी ग्रामीण इस योजना के आवास पाते हैं तो उन्हें सरकारी योजनाओं के तहत फ्री शौचालय बिजली कनेक्शन गैस कनेक्शन के साथ ही 90 दिन की मजदूरी भी दी जाती है।बैठक में ब्लाक प्रमुख , पंचायत सदस्य लवली रावत सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। चिकित्सा विभाग और विद्युत विभाग से कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा था।

एलएलबी एग्जाम में सामूहिक नकल का वीडियो वायरल , हड़कंप

बाराबंकी। एलएलबी एग्जाम में सामूहिक नकल कराये जाने का मामला प्रकाश में आया है इस पूरे मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है ।जिसके बाद से कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मचा है । मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिटी ला कॉलेज का होना बताया जा रहा है जहां इन दिनों एल एल बी का एग्जाम हो रहा है वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है की परीक्षार्थी खुलेआम गाइड के जरिए नकल कर रहे हैं वायरल वीडियो की पुष्टि हम नहीं कर रहे हैं पर जिस प्रकार से यह वीडियो वायरल हो रहा है वह चर्चा का विषय बना है लोगों द्वारा यह भी बताया गया है कि जिस किसी व्यक्ति ने यह वीडियो वायरल किया है ।

सूचना

सर्व विदित हो कि मैंने अपना नाम GHULAM ASKARI से बदलकर HASAN ASKARI रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

Add.: MUSAFIRKHANA AMETHI (U.P.)

सूचना

सर्व विदित हो कि मैंने अपना नाम MDHAMMAD TALIB से बदलकर TALIB ALI रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

Add.: MUSAFIRKHANA AMETHI (U.P.)

आनलाइन पेमेंट गेटवे हेतु राजस्व परिषद व एस.बी.आई. के मध्य हुआ अनुबंध

लखनऊ। आयुक्त और सचिव राजस्व परिषद एस.वी.एस रंगा राव ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा आमजन की सुविधा के लिए विभागीय सेवाओं को सतत रूप से आनलाइन किया जा रहा है। उक्त सेवाओं के सापेक्ष हितबद्ध व्यक्तियों को कम्प्यूटरीकृत अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां आन लाईन 24×7 मोड में उपलब्ध कराने हेतु आनलाइन पेमेन्ट गेटवे को लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में परिषद द्वारा आज एसबीआई से आन लाईन पेमेन्ट गेटवे सर्विस लेने की कार्यवाही की गई। उक्त सर्विस को उपलब्ध कराने हेतु एसवीएस रंगा राव, आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उ0प्र0 एवं अरूण कुमार साहू, जनरल मैनेजर, स

राजकीय महाविद्यालयों में खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगी योगी सरकार

- राजकीय महाविद्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर खिलाड़ियों को किया जाएगा प्रोत्साहित

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश में ग्रास रूट लेवल पर खेलों को बढ़ावा दे रही योगी सरकार अब महाविद्यालयों में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर वहां भी खिलाड़ियों को तैयार करने में जुट गई है। इसके लिए सरकार ने मेजर ध्यानचंद मिशन के तहत राजकीय महाविद्यायलों में खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1.71 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि को 31 मार्च 2024 तक किया जाना अनिवार्य होगा। इस राशि से खेलकूद से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे, ताकि महाविद्यालयों में आने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारियों के लिए कहीं अन्य जगह भटकना न पड़े। प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर के राजकीय महाविद्यालयों में खिलाड़ियों को तैयार किए जाने की योजना है। साथ ही, पहले से जो खिलाड़ी महाविद्यालयों में अध्ययनरत हैं उन्हें खेल का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसी क्रम में शासन स्तर पर कुल 171 राजकीय महाविद्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए प्राविधानित बजट 1.72 करोड़ के सापेक्ष 1.71 करोड़ की राशि जारी की जा रही है। इसके तहत प्रत्येक राजकीय महाविद्यालय को एक लाख रुपए मुहैया कराए जाएंगे, ताकि वो अपने यहां आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकें। इसके माध्यम से खिलाड़ी महाविद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ अपने पसंदीदा खेलों में करियर बनाने की संभावनाओं को भी मूर्त रूप दे सकेंगे। मालूम हो कि महाविद्यालय इस राशि से खेल से संबंधित नए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकेंगे। इसमें विभिन्न खेलों से संबंधित कोर्ट, टर्फ आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने में वित्त विभाग के द्वारा निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस राशि का उपयोग हर हाल में 31 मार्च 2024 तक किया जाना है। स्वीकृत राशि बैंक खाते में नहीं रखी जाएगी एवं इसका व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानें एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा। कार्यों का सम्यक परीक्षण नियमानुसार किया जाए एवं कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, इसके संबंध में सभी राजकीय महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है।

... वर्ना यूं ही कोई बेवफा नहीं होता !

राज्यसभा चुनाव

विशेष संवाददाता

- मतदान से पहले मनोज ने मुख्य सचेतक पद छोड़ा
- गायत्री की पत्नी महराजी वोट ही देने नहीं आई
- सपा के गढ़ में सेंध लगाने में कामयाब रही भाजपा

लखनऊ। शायर बशीरबद्र का एक मशहूर शेर है कि '***कुछ तो मजबूरियां रही होंगी वर्ना यूं ही कोई बेवफा नहीं होता रात का इंतजार कौन करें दिन में क्या नहीं होता।***' आज कुछ ही ऐसा नज़ारा राज्यसभा के चुनाव में देखने को मिला। इस बार के राज्यसभा के चुनाव सबसे ज्यादा चौंकाने वाले रहे। मुख्यविपक्षी दल समाजवादी पार्टी में सेंध लगाने में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को बड़ी कामयाबी मिली और उसके सभी आठों प्रत्याशियों की जीत का रास्ता साफ हो गया। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के उस पीडीए को भी जोर का झटका तब और जोर से लगा जब क्रासवोटिंग करने वाले आठ विधायकों में तीन पीडीए के ही थे। चुनाव की वोटिंग शुरू होने से पहले ही जहां समाजवादी विधानमंडल दल के मुख्यसचेतक मनोज पांडेय ने अपने पद से इस्तीफा दिया तो इससे पहले जनसत्तादल(लोकतांत्रिक)के विधायक रघुराज प्रताप सिंह को साथ लाने की सपा की मुहिम झटका लगा था उन्होंने सपा के बजाए भाजपा को समर्थन दिए जाने का निर्णय लिया। सपा के जिन विधायकों ने क्रासवोट किया उनमें राकेश प्रताप सिंह, राकेश पांडेय, पूजा पाल, अभय सिंह, विनोद चतुर्वेदी, मनोज पांडेय,आशुतोष मौर्य शामिल है जबकि पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की पत्नी महराजी वोट डालने ही नहीं पहुंची। क्रासवोट करने वाले इन विधायकों में मनोज पाडेंय अखिलेश यादव की सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके थे। दूसरे विधायक राकेश पांडेय के पुत्र और आंबेडकरनगर से बसपा के सांसद दो दिन पूर्व ही भाजपा में शामिल हुए है। राज्यसभा के इस चुनावों में जहां सत्तारूढ़ भाजपा अपने विधायकों को एकजुट रखने में कामयाब रही तो इस मामलें में सपा की सारी कोशिशे निरर्थक साबित हुई। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा ने कई निशाने साधे है। माना जा रहा है कि जिन लोगों ने भी क्रास वोट किया उनमें से सभी को किसी न किसी तरह का आश्वासन मिला है देखना यह होगा कि आने वाले दिनों सपा से बेवफाई और भाजपा के प्रति ईमानदारी दिखाने वाले इन लोगों को कब क्या मिलता है।

मनोज कुमार पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार से सपा के विधायक है। ये अखिलेश की सरकार में कैबिनेट मंत्री थे तब इन्हे अखिलेश यादव ने अपने मंत्रिमंडल से बर्खास्त भी किया था। 2022 में निर्वाचित होने के बाद इन्हे विधानमंडल दल में मुख्यसचेतक का दायित्व सौपा गया। लेकिन मंगलवार को राज्यसभा के मतदान से ठीक पहले उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। समाजवादी पार्टी में उन्हे ब्राम्हणों का बड़ा चेहरा माना जाता था जिस समय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रहे स्वामी प्रसाद मौर्य हिन्दू देवी देवताओं और सनातन धर्म की आलोचना कर रहे थे उस समय पांडेय ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल रखा था। सोनिया गांधी के राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद अब वहां के राजनीतिक समीकरण बदले है ऐसे में राजनीतिक प्रेक्षकों को इस बात से इंकार नहीं है कि भाजपा उन्हे लोकसभा चुनाव में मौका दे सकती है।

राकेश पांडेय: बसपा से सांसद रहे राकेश पांडेय इस समय आंबेडकरनगर की जलालपुर से समाजवादी पार्टी के विधायक है। हाल ही में उनके पुत्र रितेश पांडेय ने जो आंबेडकर नगर से बसपा के सांसद थे ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता गृहण की है। पुत्र के दलबदल के बाद अब राकेश पांडेय के भाजपा में पक्ष में मतदान किए जाने पर राजनीतिक जानकारों को कोई हैरानी नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव में वहां से बसपा के टिकट पर रितेश पांडेय निर्वाचित हुए थे इस बार संभावना इस बात की है कि वे रितेश पांडेय भाजपा के उम्मीदवार होंगे। पिछली बार इस सीट कों गंवाने वाली भाजपा को यहां अपना कमल खिलने की संभावना दिख रही है।

अभय सिंह अयोध्या की गोंसाईगंज विधासभा सीट से निर्वाचित अभय सिंह भी सात विधायकों में शामिल है जिन्होंने अपने दल के बजाए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा जताई है। राजनीति में अभय सिंह की छवि दंबगों में है। उन्हे सपा नेतृत्व का सबसे कद्दावर सिपहसालार माना जाता था। उनकें पाला बदलने के पीछे सत्तारूढ़ दल का समर्थन कर रहे एक दल के विधायक की प्रेरणा बताई जा रही है।माना जा रहा है कि उनके साथ आने से अयोध्या संसदीय सीट पर उसकी स्थिति पहले और बेहतर होगी।

राकेश सिंह : अमेठी के गौरीगंज के समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश सिंह का भी आज ह्दयपरिवर्तन हो गया। उन्होंने भी आज भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मतदान किया। सपा खेमें में इस बात की अटकले लगाई जा रही थी कि राज्यसभा चुनाव में वे पाला बदलेगे। पार्टी के लोगों की यह आशंका सच साबित हुई। इससे पहले अमेठी की सांसद केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से निकटता के बाद से उनके भी ह्दयपरिवर्तन की बात कही जा रही थी जो सच साबित हुई।

पूजा पाल: कौशांबी के चायत से समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल ने भी आज पार्टी निष्ठा से ऊपर उठकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया। पहले बसपा फिर सपा से विधायक पूजा पाल भी कांफी समय से सपा नेतृत्व से अंसतुष्ट चल रही थी। बसपा छोड़कर सपा में आई पूजा पाल पर भारतीय जनता पार्टी कौंशांबी लोकसभा चुनाव में दांव लगा सकती है।

विनोद चतुर्वेदी जालौन की कालपी विधानसभा सीट से निर्वाचित विनोद चतुर्वेदी के क्रास वोटिग पर किसी को हैरानी नहीं है। सपा के टिकट पर निर्वाचित होने से पहले वे कांग्रेस से भी विधायक रह चुके है। माना जा रहा है कि वे भी सपा नेतृत्व से खुश नहीं थे। राकेश पांडेय और मनोज कुमार पांडेय के बाद क्रास वोटिग करने वाले वे तीसरे ब्राम्हण विधायक रहे।

आशुतोष मौर्य बदायूं की बिसौली विधानसभा सीट से सपा के विधायक आशुतोष मौर्य ने भी क्रासवोटिग की राह पकड़ी। वे लोकसभा सीट के लिए शिवपाल यादव को उम्मीदवार घोषित किए जाने से खासे नाराज थे। हालांकि इससे पहले बदायूं के सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलीम शेरवानी भी सपा से इस्तीफा दे चुके है। जानकारों की माने तो आशुतोष मौर्य स्वयं बदायूं से लोकसभा के टिकट के आंकांक्षी थे।

महराजी प्रजापति: समाजवादी पार्टी की सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रजापति जो इस समय उम्रकैद की सजा काट रहे है की पत्नी है जो 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के टिकट पर निर्वाचित होकर पहुंची है। उन्होंने कांग्रेस के कद्दावर नेता संजय सिंह को शिकस्त दी थी। उन्होंने राज्यसभा के चुनाव के दौरान में मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

पढ़ाई कर रहे युवक ने लगाई फांसी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग, द्वारिकापुरी कालोनी में अपनी बहन के घर पर रहकर पढ़ाई कर रहे युवक ने घर की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,सुबह देर तक नहीं उठने पर जगाने पहुंची युवक की बहन ने देखा तो युवक का शव पंखे के हुक से मफलर के फंदे से लटका हुआ था। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेजा। पिंकी पत्नी, राम सिंह -589ख / 131बी द्वारिकापुरी तेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ में बच्चों के साथ रहती हैं।इनके पति राम सिंह सेना में हैं और इस समय दिल्ली में तैनात हैं। उनका छोटा भाई रजनीश उर्फ विनय पुत्र रमेशचन्द्र मूलनिवासी- उदयराजपुर थाना मालवा जनपद फतेहपुर उसके साथ रहकर पढ़ाई करता था। सोमवार रात्रि करीब 10 बजे खाना खाकर उसका भाई रजनीश आवास की तीसरी मंजिल पर सोने चला गया। मंगलवार को सुबह करीब 09. 30 बजे जब वह अपने भाई को उठाने के लिए गयी तो देखा कि कमरा अन्दर से बन्द था, और आवाज देने पर कोई जवाब नही मिला।

रेलवे लाइन पर अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के डलौना गॉव के पास मंगलवार दोपहर किसान पथ के नीचे रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटा हुआ शव मिलने से हड़कंप मचा गया। लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पीजीआई पुलिस मौके पर पहुची, स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जुटी भीड़ से शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन मृतक की पहचान नही हो सकी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शवगृह भेजवा दिया। मृतक के रेलवे पैसेंजर होने की आशंका है।

पार्सल की जांच में साइबर अपराधियों ने उड़ाए एक लाख

लखनऊ। कैंट कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति से साइबर अपराधियों ने पार्सल की जांच पड़ताल करते समय कस्टमर केयर पर पार्सल कंपनी का कर्मचारी बनकर मदद के बहाने लाखों रुपए ठग लिए,पीड़ित ने कैंट कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विशाल जैन निवासी-1 लाला लाजपत राय मार्ग थाना कैण्ट लखनऊ ने बताया कि बीते शनिवार को उनका पार्सल ब्लू डार्ट के जरिये आना था। वादी ने पार्सल का पता लगाने के लिए गूगल सर्च कर ब्लू डाट को फोन लगाया। तो उधर से एक व्यक्ति ने कॉल रिसीव किया, और कहा कि आपकी बात लखनऊ से करवा रहा हूं। फिर उसने किसी अन्य व्यक्ति से बात करवायी, जिसने कहा कि आप का पार्सल वापस हो गया है। क्योंकि पते का लोकेशन नही मिल पाया। इस पर विशाल जैन ने उस व्यक्ति से कहा कि वह अपना स्टाफ भेज रहा है, तो उस ने मना करते हुये कहा कि आप को आनलाइन डिटेल सबमिट करना होगा।विशाल जैन ने कहा कि उन्होंने पार्सल पर अपना पता लिख रखा था।

इंदिरा नगर में आग से 24 झुग्गियां जली

- 6 घंटे में फायर ब्रिगेड गाड़ियों ने काबू किया

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर इलाके में झुग्गी झोपड़ी में देर रात आग लग गई। भीषण आग लगने से इलाके में बनी दो दर्जन से ज्यादा झोपड़ी जलकर राख हो गई है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों और कर्मियों ने आग पर करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया है। मिली जानकारी के अनुसार 27 फरवरी की देर रात 01.26 बजे फायर स्टेशन इंदिरा नगर कंट्रोल को सूचना प्राप्त हुई कि मानस सिटी के पीछे झुग्गी झोपड़ियों में भयंकर रूप से आग लग गई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ तथा अग्निशमन अधिकारी इंदिरा नगर शत्रुघ्न सिंहतीन फायर टेंडर मय यूनिट घटना स्थल के लिए मौके पर पहुंचे है।

अग्निशमन अधिकारी गोमती नगर यूनिट, सरोजनी नगर से 01 फायर टेंडर, फायर स्टेशन आलमबाग से एक फायर टेंडर, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी बीकेटी मय यूनिट , अग्निशमन अधिकारी हजरतगंज मय यूनिट तथा फायर स्टेशन चौक से 01 फायर टेंडर भी घटना स्थल के लिए प्रस्थान हुए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ भी मौके पर ही घटना स्थल पहुंच गए। फायर सर्विस यूनिट ने घटना स्थल पर पहुंचकर देखा कि आग झुग्गी झोपड़ियों में लगी हुई थी। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ नेतृत्व फायर सर्विस की विभिन्न यूनिटों ने आग पर चारों ओर से नियंत्रण करके , अग्निशमन कार्य करते हुए कड़ी मेहनत एवं अदम्य साहस का परिचय देकर आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया। उक्त घटना में लगभग 129 झोपड़ियां जल गई व किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

कुएं में गिरे सांड को ग्रामीणों व पुलिस ने मिलकर निकाला

मलिहाबाद लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। रहीमाबाद थानान्तर्गत मवई कला गांव के आम के बाग में कुंए में गिरे सांड़ को पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर निकाला। स्थानीय निवासी संदीप सिंह ने बताया कि वे गांव के बाहर खेतों की तरफ गए थे जहां बसंत गुप्ता के आम के बाग में बने कुएं से सांड़ की जोर-जोर से आवाजे आ रही थी। जानकारी करने पर पता चला कि कुंएं में आवारा सांड़ गिरा पड़ा है। संदीप ने मदद के लिए ग्रामीणों को बुलाया। काफी प्रयास के बाद भी निकाल पाए तो डायल 112 सहित फायर ब्रिगेड को भी सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। कड़ी मशक्कत की लेकिन सांड को निकालने में सफ लता नहीं प्राप्त हो पाई। इसके बाद ग्रामीणों ने पास के ही ट्यूबवेल से कुएं में पानी भरा और रस्से के सहारे उसे बाहर निकाल लिया।

कुकरैल नदी की जमीन को पूर्णत: खाली कराने की मुहिम जारी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लखनऊ के कुकरैल नदी की जमीन को पूर्णतः खाली कराने के मुहिम में जुटी लखनऊ प्रशासन, एलडीए, नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीमें दूसरे दिन भी सक्रिय रही। सुबह से शाम तक एलडीए के बुलडोजर अवैध रूप से बनाये गये अकबर नगर के मकानों को गिराते गये। चार बजे शाम तक 50 से ज्यादा मकानों को गिराया गया। एलडीए के बुलडोजरों को देखते ही अकबर नगर में मकान खाली में रह रहे लोगों के आंखों में आंसू आ गये। कुछ लोग आक्रोशित होकर बुलडोजर पर ईंट-पत्थर चलाने लगे। केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवानों के मौके पर पहुंचने के बाद पत्थरबाजी कर रहे लोग शांत हुए। बुलडोजर की कार्रवाई के दौरान बाहर से आये लोगों ने नारेबाजी भी की, जिन्हें पुलिसकर्मियों ने डंडा लेकर दौड़ाया और मौके से भगा दिया। अकबर नगर के लोगों ने मीडिया से कहा कि हमारे घर वर्षों पुराने हैं। सही दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर कमिश्नर कोर्ट ने हमारे मकानों को गिराने के आदेश दे दिये। अकबर नगर बहुत दिनों से बसा हुआ है। इसमें सैकड़ों परिवार रहते हैं, ये लोग उजड़ने के बाद अपना आशियाना बनाने कहां जाएंगे।

विद्युत संविदा कर्मियों ने शक्ति भवन का किया घेराव

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों के सैकड़ों संविदा कर्मचारियों ने शक्ति भवन पर घेरा डाला और अपनी मांगों को लेकर विशाल सत्याग्रह किया। मंगलवार को अपना वेतन बढ़ाने सहित अन्य माँगों के समर्थन के साथ ही चेयरमैन के तानाशाही और मजदूर विरोधी रवैए के विरोध में संविदा कर्मचारियों द्वारा दिन भर नारेबाज़ी की गई। सत्याग्रह के बाद महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ मजदूर नेता आर एस राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष आशीष गोयल से मिलकर 16 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया।चेयरमैन द्वारा महासंघ के साथ अगले हफ्ते वार्ता कर मांगों का समाधान निकालने के लिए आश्वस्त किया गया।

आज सीएसआईआर में विज्ञान दिवस

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-आईआईटीआर) में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का विषय इंडीजन टेक्नालजी फॉर विकसित भारत है जो सीएसआईआर-आईआईटीआर की स्वदेशी नवाचारों को आगे बढ़ाने और देश के भीतर वैज्ञानिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों और आम जनता दोनों के भाग लेने के लिए संस्थान खुला रहेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीएसआईआर-आईआईटीआर शोधकर्ताओं द्वारा विकसित अत्याधुनिक स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने वाला एक विज्ञान एक्सपो होगा। आगंतुकों को वैज्ञानिक उपलब्धियों के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। साइंस एक्सपो के अलावा सीएसआईआर-आईआईटीआर के द्वारा छात्रों और वैज्ञानिकों के बीच एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया जाएगा। जो उभरती प्रतिभाओं को अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ सीधे जुड़ने का अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण देश बर्बादी के कगार पर

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते देश बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। यह आरोप लगाते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने यह पहले ही आशंका जताई थी कि संविधान के अच्छे होने के बावजूद सत्ता के दुरूपयोग और सत्ताधारी की नीयत से इसकी व्यवस्थाओं का दुरुपयोग भी हो सकता है। आज जो सत्ता में है उन्हें न संविधान की मर्यादा की चिंता है और नहीं लोकतंत्र को बचाए रखने का इरादा है। सत्ता और केवल सत्ता पर कब्जा बनाए रखने की ही भाजपा की राजनीति ने जनता के हितों को ताक पर रख दिया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा जबसे सत्ता में आई है उसने संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम किया है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में जो मूल्य गढ़े गये थे भाजपा और उसके मातृ संगठन आरएसएस ने उनका न केवल मखौल उड़ाया है अपितु उनका तिरस्कार भी किया है। जनता के अधिकारों के अपहरण में भाजपा ने सभी मूल्यों, आदर्शों को तिलांजलि देकर केवल सत्ता भोग को ही अपना एक मात्र ध्येय निर्धारित कर रखा है। भाजपा सरकार में आर्थिक गैर बराबरी बढ़ी है और समाज बंटा है और नफरत का माहौल बना है। सामाजिक न्याय की उपेक्षा हुई है। भाजपा सरकार जनता को डॉ अम्बेडकर के संविधान के अनुसार हक और सम्मान नहीं देना चाहती है। साम्प्रदायिक उन्माद को बढ़ावा मिला है। अध्यक्ष ने कहा कि चिंता की बात तो यह है कि भाजपा ने लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया और मतदान की व्यवस्था को भी प्रदूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। चुनाव में निष्पक्षता और पारदर्शिता को भाजपा महत्व नहीं देती है। ईडी, सीबीआई, आईटी आदि एजेंसियों का दुरूपयोग विपक्ष को बदनाम करने और उसे प्रताड़ित करने में किया जा रहा है। भाजपा सरकार के शासनकाल में किसान लगातार आंदोलित है। एक लाख किसानों ने आत्महत्या की और 90 फीसदी नौजवान बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। पांच ट्रिलियन और एक ट्रिलियन डॉलर एकोनामी के झूठे दावे पेश किए जा रहे हैं जबकि खुद प्रधानमंत्री 80 करोड़ गरीबो की संख्या का हवाला मुफ्त राशन के मामले में देते हैं। सपा का मानना है कि पीडीए ही आज की समस्याओं का समाधान है। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आधी आबादी के साथ जो पीडीए में जुड़े हैं, वही परितर्वन के संदेशवाहक बनेंगे। जनता बदलाव के लिए संकल्प के साथ अब सही समय का इंतजार कर रही है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कार ऋण की ब्याज दरें घटाई

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कार ऋ ण के लिए अपनी ब्याज दरों में कमी की घोषणा की है, जो अब 8.75 प्रतिशत प्रति वर्ष (पहले 9.40 प्रतिशत प्रति वर्ष थी) से शुरू होगी। बड़ौदा कार ऋण के लिए अनियत ब्याज दर पर यह पेशकश सीमित अवधि के लिए की गई है जो 26 फरवरी से शुरू होकर 31 मार्च तक चालू रहेगी। बैंक 8.85 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली निश्चित ब्याज दर पर भी बड़ौदा कार ऋण पर प्रदान कर रहा है। 8.75 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली नई दर उधारकर्ता की क्रेडिट प्रोफ़ाइल तथा नई कार की खरीद पर लागू होगी। इसके अतिरिक्त उधारकर्ताओं द्वारा अनियत ब्याज दर विकल्प चुने जाने पर बैंक कोई समय पूर्व भुगतान प्रभारित नहीं कर रहा है और नियत और अनियत दोनों ब्याज दरों के विकल्पों पर प्रक्रिया शुल्क में छूट भी प्रदान कर रहा है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा कार ऋण (नियत और अनियत दोनों) पर ब्याज की गणना दैनिक घटते शेष पद्धति के आधार पर की जा रही है जिससे यह उधारकर्ताओं के लिए और भी अधिक किफायती सिद्ध होगा। बैंक उधारकर्ताओं को 84 महीने तक की मासिक किस्तों (ईएमआई) की लंबी चुकौती अवधि का भी विकल्प उपलब्ध करवा रहा है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक संजय मुदालियार ने कहा भारतीय अर्थव्यवस्था में संवहनीय वृद्धि, बढ़ती अपेक्षाओं और उपभोक्ताओं के भरोसे के आधार पर हम कार खरीद के क्षेत्र में मजबूत मांग को देख रहे हैं जिसके चलते जनवरी में यात्री वाहन की बिक्री उच्चतम स्तर पर रही।

आर्ट ऑफ लिविंग ने राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। योग में वैज्ञानिक अनुसंधान की भूमिका पर विचार-विमर्ष करने, योग और योग नीतियों के सतत विकास और योग की प्राचीन प्रणाली का ज्ञान पूरे भारत और विश्व स्तर पर व्यवस्थित रूप से साझा करने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के अंतराष्ट्रीय केन्द्र बंगलूरू में कार्यक्रम की 24-25 फरवरी को मेजबानी की। इस सम्मेलन में योग के क्षेत्र के प्रसिद्ध विद्वानों, शोधकर्ताओं और चिकित्सकों के साथ भारत के 25 राज्यों से योग परिषदों की भागीदारी रही। वैश्विक मानवतावादी और आध्यात्मिक गुरु तथा आई.वाई.ए के अध्यक्ष गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर ने कहा योग सदियों से मौजूद है लेकिन इंडियन योग एसो इसकी वैज्ञानिक व्याख्या हर जगह पंहुचा रहा है। गुरुदेव ने कहा हमें अपनी यौगिक परंपराओं के सार को शुद्ध और अक्षुण्ण बनाए रखने की आवश्यकता है। गुरुदेव ने साझा किया कि जीवन में तीन सी का होना महत्वपूर्ण है-पहला जीवन को एक विशाल दृष्टिकोण से, एक विशाल संदर्भ में देखना, दूसरा स्वयं और दूसरों के प्रति करुणा तथा जीवन में प्रतिबद्धता- ये सब जीवन में योग के साथ ही आ सकते हैं। भारतीय योग एसो विविधता में एकता का संदेश देता है जिसका गठन 2006 में किया गया था। उसके बाद यह पूरे भारत और विश्व में योग की विभिन्न समृद्ध, विविध सांस्कृतिक विरासत, वंश और परंपराओं को जोड़ने और एक साथ लाने का कार्य कर रहा है। इस सम्मेलन में भारतीय योग एसो की अध्यक्षा मां हंसा, जैन आचार्य लोकेश मुनि, डा. बसवा रेडडी, पद्मश्री डा. एच आर नागेन्द्र, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद के उपाध्यक्ष स्वामी आत्मप्रियानंद, भारतीय योग एसो के महासचिव सुबोध तिवारी, संयुक्त सचिव डा. आनंद बालयोगी, देव संस्कृति विवि के संस्थापक कुलपति डा. एस पी मिश्रा, एस व्यासा विवि के प्रो वाइस चांसलर डा. मंजूनाथ एव योगिनी कमलेश बरवाल ने अपने विचार व्यक्त किए।

जनगणना निदेशालय के कर्मियों ने खाई फाइलेरिया रोधी दवा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से चल रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत मंगलवार को जनगणना कार्य निदेशालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने दवा खाई। फाइलेरिया नेटवर्क के सदस्य गंगा प्रसाद गुप्ता ने जैसे ही अपनी आपबीती बताई तो सभी कर्मचारी संवेदित हो गए और दवा खाने में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जानकीपुरम के सृष्टि अपार्टमेंट व सरगम अपार्टमेंट में भी कैंप लगाकर लोगों को दवा खिलाई गई। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से आयोजित इस शिविर का शुभारंभ जनगणना कार्य निदेशालय के उपमहारजिस्ट्रार मनीष चौधरी ने दवा खाकर किया। इसके बाद तकनीकि निदेशक ए.एम. अंसारी और संयुक्त निदेशक ए.के. राय ने दवा खाई। इसके बाद दफ्तर के सभी कर्मचारियों ने लाइन लगाकर दवा का सेवन किया। शिविर खत्म होने पर दफ्तर के 250 से अधिक अधिकारी व कर्मचारियों ने दवा का सेवन कर लिया। शिविर की शुरुआत में उपमहारजिस्ट्रार मनीष चौधरी ने कहा इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है। इससे बचाव का एकमात्र विकल्प फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन है। मच्छर के काटने से होने वाली इस बीमारी से हाइड्रोसील, हाथ-पैर व स्तन में सूजन हो सकता है। दवा का सेवन ही इस बीमारी से बचा सकता है। कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक डॉ गौरव पाण्डेय ने किया। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया यदि दवा खाने के बाद जी मिचलाना, उल्टी जैसे समस्या हो तो इसका मतलब है कि शरीर में फाइलेरिया के परजीवी थे और उनके मरने के परिणामस्वरूप यह प्रतिक्रिया होती है। यह अपने आप ठीक हो जाती हैं। इसके बाद भी यदि कोई दिक्कत होती है तो स्वास्थ्यकर्मी या रैपिड रिस्पांस टीम से संपर्क करना चाहिए। फाइलेरियारोधी दवा का सेवन दो वर्ष के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है।

दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर एम्बुलेंस की होगी व्यवस्था

- सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी : दया शंकर सिंह

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश को देश ही नहीं, बल्कि विश्व में सबसे कम सड़क दुर्घटनाओं वाला प्रदेश बनाने का लक्ष्य है। सड़क सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है और हमेशा रहेगी। रोड सेफ्टी को आगे लेकर चलना है। इसमें लोक निर्माण, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पुलिस सहित अन्य विभागों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री प्रसाद ने यह विचार आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर विश्वेश्वरैया हाल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस मौके पर

संक्षिप्त समाचार

रामगंगा नहर में मिला महिला का शव

घाटमपुर (कानपुर)। थाना साढ़ क्षेत्र की रामगंगा नहर में मंगलवार की सुबह एक महिला का शव बहता हुआ बरामद किया गया। उसकी हत्या कर नहर में फेंके जाने की आशंका है। साढ़ थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच है। बताया है कि उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि शव कई दिन पुराना और पीछे से बहकर नहर में आया है। सूचना पर जिसे बरामद किया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इधर, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला के शरीर पर सिर्फ पेटीकोट और अंतर्वस्त्र ही था। इसके अलावा शरीर पर अन्य कपड़ा नहीं था। शरीर पर चोट के भी निशान दिख रहे थे। इससे आशंका है कि उसकी हत्या करके शव को नहर में फेंक दिया गया है।

अलग-अलग हादसों में दो युवक गंभीर

घाटमपुर। मंगलवार को थाना सजेती और कोतवाली घाटमपुर क्षेत्र में अलग-अलग हुए हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से घायलों को कानपुर रेफर किया गया है। इनमें एक की हालत गंभीर बताई गई है। पहला हादसा घाटमपुर कस्बे के हमीरपुर रोड पर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास हुआ। जहां पर मोहल्ला जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर निवासी सौरभ सचान (30) को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। वह बाइक से जा रहा था। सीएचसी से उसे प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर किया गया है। वहीं दूसरा हादसा थाना सजेती क्षेत्र के कोरिया-बरीपाल रोड मोड़ पर हुआ। जहां पर ग्राम चपरेहटा निवासी शैलेंद्र (25) की बाइक में किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। उसे गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया। जहां से हैलट कानपुर रेफर किया है।

चुनाव से पूर्व दुरस्त होगी गल्ला मंडी की सड़कें

भरुआ सुमेरपुर। मंगलवार को मंडी परिषद निर्माण समिति के सहायक अभियंता ने नवीन गल्ला मंडी का दौरा करके क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण करने के उपरांत कहा कि सभी सड़के लोकसभा चुनाव के पूर्व ठीक होगी। बता दें कि मंगलवार को मंडी परिषद निर्माण समिति बांदा के सहायक अभियंता एस एस यादव ने नवीन गल्ला मंडी का दौरा करके मंडी के अंदर क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया की मंडी समिति से लोकसभा चुनाव संपन्न कराया जाता है लिहाजा गल्ला मंडी की सभी ध्वस्त सड़कों को वह लोकसभा चुनाव के पूर्व ही ठीक कराएंगे। उन्होंने कहा कि दो दिन के अंदर स्टीमेट तैयार कर लखनऊ भेजा जाएगा। सहायक अभियंता ने बताया कि सुमेरपुर, मौदहा, कुरारा ब्लाक क्षेत्र की मंडी परिषद की ओर से बनाई गई सड़कों का भी स्टीमेट तैयार किया कराया जा रहा है। इन ध्वस्त सड़कों की मरम्मत अगले वित्तीय वर्ष में कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान मंडी समिति के लिपिक राकेश कुमार वर्मा आदि रहे।

देव कुमार बने अवर अभियंता

हमीरपुर। मौदहा क्षेत्र के गांव कुनेहटा के रामजीवन यादव के पुत्र देव कुमार का पिछले दिनों उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में अवर अभियंता (सिविल) पद पर चयन हो गया। उनकी नियुक्ति पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया। देव कुमार को सिंचाई खंड ललितपुर में नियुक्त किया गया है। उन्हें गत 25 फरवरी को माननीय जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन में नियुक्ति पत्र सौंपा था। गौरतलब हो कि देवकुमार अभी तक जनपद के पंचायती राज विभाग में कंसलटिंग इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे, उनकी नियुक्ति पर साथियों ने खुशी जताई है।

भाजपा का वेंडर व्यापारी सम्मेलन आयोजित

कानपुर। भाजपा कानपुर महानगर उत्तर द्वारा दोपहर 2:00 बजे बाल निकुंज स्वरूप नगर में स्ट्रीट वेंडर व्यापारी सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संयोजक अजीत प्रताप सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी कानपुर महानगर उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने दीप प्रज्वलित कर एवं महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम को शुरू किया। प्रदेश संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने रेहड़ी पटरी दुकानदारों के हितों की रक्षा करने के लिए जैसे ही मोदी सरकार आई वैसे ही 2014 में स्ट्रीट वेंडर एक्ट बनाया गया पूर्व की सपा बसपा कांग्रेस की सरकारों में अराजक तत्वों द्वारा स्ट्रीट वेंडर का उत्पीड़न किया जाता था जो आज भाजपा की मोदी एवं योगी सरकार दुकानदारों की हर समस्या को अपनी समस्या समझकर निदान कर रही है। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने बताया कि कानपुर में सभी रेडी पटरी दुकानदारों के लिए एवं उनके हितों के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है जिसमें किदवई नगर स्थित संजय वन के बाहर सभी को स्टॉल बनाकर दिए गए हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला संयोजक राकेश गुप्ता ने आए हुए सभी स्ट्रीट वेंडरो का धन्यवाद कर के ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सहसंयोजक शिव शंकर सैनी क्षेत्रीय संयोजक प्रेमनाथ विश्नोई महेश मिश्रा महेंद्र तिवारी गोपाल मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हैं।

...वरना बेटी उठा ले जाऊंगा

कानपुर। बाबूपुरवा निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनके फोन पर कुछ दिनों से रिंकू वर्मा नाम का युवक अलग-अलग नंबरों से बदल-बदल फोन करता रहता है। अश्लील बातें करने लगता है। बताया कि जब उसका नंबर को ब्लॉक कर दिया तो वह दूसरे नंबर से फोन कर अश्लील बातें करने लगा। महिला का आरोप है कि युवक ने कहा कि अगर मेरी बातें नहीं मानोगी तो उसकी बेटी को उठा ले जाऊंगा। वह पांच अलग-अलग नंबरों से बात कर चुका है। उन्होंने सारे नंबर ब्लाक कर दिए हैं। आरोपी वार्ड 21 रामनगर शुक्लागंज का निवासी है। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट तो दर्ज कर ली। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस संबंध में बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी रिंकू वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही की जा रही है।

नहर में उतरा रही थी महिला की लाश

कानपुर। साढ़ थानाक्षेत्र के रामगंगा नहर में बरईगढ़ पुल के समीप मंगलवार की सुबह एक अज्ञात युवती का शव के पानी में बहते जाने की सूचना पर लोगों की भीड़ लगने लगी। तभी कुछ आगे बढ़ कर शव नहर में गिरे एक पेड़ मे फंस कर रुक गया। साढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नहर से बाहर निकलवा कर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी थी। शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में था शरीर पर मात्र एक अंतवस्त्र ही केवल नजर आ रहा था। मृतका की उम्र लगभग पचीस वर्ष के आसपास बताई जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने का अनुमान है। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया है कि शव की शिनाख्त के लिए आसपास थानों को भी सूचित कर दिया गया है और शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

'अपमान' के बदले ली थी जान

कानपुर। मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे मनीष के शव का नागापुर गंगाघाट पर पुलिस सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें की सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर काफी हंगामा किया था। इसलिए रात में भी पुलिस ने गांव में कड़ी सुरक्षा का बंदोबस्त कर रखा था। मनीष की हत्या किए जाने का कारण पूछने पर मुख्य आरोपी शिवम कुशवाहा ने बताया कि उसके छोटे भाई को स्कूल से निकलवाने के बाद मनीष और उसके पिता ने उसके पिता और उसकी काफी बेइज्जती की थी। मृतक मनीष के परिजन पैसे के लेनदेन में हत्या की बात कर रहे थे।

साहब! पैसा ले लो.. मगर इंसाफ दे दो...

सीपी ऑफिस के सामने मासूम को गोद में लेकर सड़क पर बैठा दलित युवक

- जांच में खुला सच, शराब पीने के दौरान झगड़े के बाद पहुंचा था सीपी ऑफिस

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। सिस्टम से लाचार आम आदमी जब इंसाफ की खातिर सारे पैंतरे आजमा कर हार जाता है तो शायद कुछ ऐसा ही होता है, जैसा मंगलवार को सिविल लाइंस में पुलिस कमिश्नर के दफ्तर के बाहर देखने को मिला। सच क्या है? कौन सही है और कौन गलत। इसका फैसला तो जांच फाइनल होने के बाद ही होगा। मगर, जो नजारा आंखों के सामने था। वाकई हैरत में डालने वाला था। सड़क पर मासूम बेटी को गोद में लिए बैठे एक दलित युवक की दलीलों ने झकझोर कर रख दिया। सिर से खून बह रहा था। आंखों में आंसू थे। गोद में बैठी बेटी सिसकियां भर-भर कर पिता से बार-बार घर चलने की गुहार लगा रही थी। लोग रुक-रुक कर वीडियो बना रहे थे और उधर पुलिस की सांसें फूल रही थीं। मामला सोशल मीडिया तक पहुंच गया। हालांकि, जांच के बाद असलियत कुछ और ही सामने आई। फिलहाल, पुलिस मामले की पूरी तफ्तीश कर रही है।

सड़क पर बैठा घायल ...

पुलिस कमिश्नर के दफ्तर के सामने मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक दलित युवक बीच सड़क पर धरने पर बैठ गया। अपनी बेटी के साथ धरने पर बैठे दलित युवक बुरी तरह से घायल नजर आ रहा था। इस दौरान उसका पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी आक्रोश दिखाई दिया। युवक ने बताया कि वह मकड़ीखेड़ा का रहने वाला है और स्थानीय दबंगों ने उसकी जमकर पिटाई की। युवक ने दबंगों पर घर पर कब्जा करने का भी आरोप लगाया।

पुलिस से बोला, नोट ले लो ..

इस घटनाक्रम के दौरान दलित युवक इतना आक्रोशित नजर आया कि पुलिसकर्मियों को देखकर जेब से रूपए भी निकाल लिए। व्यवस्था पर सवाल उठाते युवक को काफी देर तक पुलिसकर्मी समझाते रहे। काफी देर की कवायद के बाद युबक को समझाया गया।

तस्वीर से अलग निकला सच

सीपी ऑफिस के बाहर घन्टों चले इस तमाशे के बाद पुलिस एक्शन में नजर आई। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पाण्डेय ने तत्काल फोन करके चौकी इंचार्ज को मौके पर भेजा तो कहानी में झोल निकला। दरअसल, मामला शराब के झगड़े से जुड़ा था। इसके बाद युवक ने खुद को बचाने के लिए ऐसा सीन क्रिएट किया कि पुलिस सवालों के घेरे में आ गई। पुलिस द्वारा बताया गया कि वीडियो में जिस बच्ची को युवक गोद में लिए बैठा दिखाई दे रहा है। वह उसकी भांजी है।

चौकी इंचार्ज द्वारा तत्काल मौके पर जाकर पूरे मामले की छानबीन की गई। प्रथम दृष्टया सामने आया है कि युवक की शराब पीने के दौरान दूसरे पक्ष से कहासुनी और मारपीट हुई। इसके खिलाफ पहले से दो मामले दर्ज हैं। फिलहाल, दोनों पक्षों का मेडिकल कराया गया है। किसी पक्ष से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होने पर आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

:- अभिषेक पाण्डेय
एसीपी कल्याणपुर

इलाज का पैसा होता तो जिंदा होता 'कृष्णा'!

कल्याणपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल ने संवेदनहीनता की पार की हद

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। साहब पैसे नहीं हैं, बच्चे को ठीक कर दो। पैसे नहीं होने पर उसने हाथ जोड़कर बेटे का इलाज करने की मिन्नतें की, लेकिन अस्पताल कर्मियों ने बच्चे को अस्पताल से बाहर निकाल दिया, जिससे उसकी रास्ते में मौत हो गई। पनकी कांशीराम कालोनी निवासी अमित मजदूर है। घर में पत्नी मीरा और डेढ़ साल का बेटा कृष्णा है। अमित ने बताया कि बेटे की तबीयत ठीक नहीं थी। कल्यानपुर स्थित एक क्लीनिक में दिखाया तो महिला डॉक्टर ने बेटे को बुखार बताकर पास के एक अस्पताल में भर्ती कराने को कहा। अस्पताल प्रशासन ने रुपये जमा करने की बात कही तो उसने इलाज के बाद रकम चुका देने की बात कही। आरोप है कि रुपये न जमा करने पर अस्पताल कर्मियों ने बच्चे को भर्ती नहीं किया। माता-पिता बच्चे को लेकर कल्यानपुर-पनकी रोड तक पहुंचे ही थे कि रास्ते में बच्चे के मुंह से झाग व खून आने के बाद उसकी मौत हो गई।

मामले की जानकारी होने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों व अस्पताल में मौजूद स्टाफ से पूछताछ की। एसीएमओ डॉ.सुबोध प्रकाश के मुताबिक टीम को अस्पताल के पंजीकरण समेत अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं मिले हैं। नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। इसके बाद अस्पताल पर कार्रवाई की जाएगी।

फटाफट तैयार करो कन्वेंशन सेंटर: पचौरी

नगर आयुक्त के साथ चुन्नीगंज पहुंचे सांसद ने की प्रशंसा



कानपुर (स्पष्ट आवाज)। स्मार्ट सिटी लिमिटेड का रुझान कला, संस्कृति, व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में ख्याति दिलाने और आम जनमानस, बच्चों, कलाकारों, व्यापारियों और उद्योगों को लाभ पहुंचाने का है। इस कड़ी में चुन्नीगंज क्षेत्र में 'आधुनिक कन्वेंशन सेंटर' का निर्माण कराया जा रहा है। यह कानपुर की प्रतिष्ठित परियोजना है, जो कानपुर और आसपास के क्षेत्र में कला, संस्कृति, व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 'सेंट्रल एक्टिविटी हब' होगा। आज सांसद सत्यदेव पचौरी ने चुन्नीगंज में निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के साथ करके कार्य प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि इस साल जुलाई तक 'आधुनिक कन्वेंशन सेंटर' का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा और यह 'सेंट्रल एक्टिविटी हब' इंडस्ट्रियल सिटी का खास आकर्षण होगा। सांसद पचौरी ने कार्यदायी संस्था एमएचपीएल इंडिया के निदेशक प्रणीत अग्रवाल से कार्य प्रगति के बारे में जानकारी ली और जल्द से जल्द आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण पूर्ण करने के लिये कहा। पचौरी ने कहा कि 80.00 करोड़ की लागत से बनाये जा रहे आधुनिक कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से महानगर के औद्योगिक स्वरुप में चार चांद लगेंगे। आधुनिक कन्वेंशन सेंटर में बैठने की क्षमता के साथ अत्याधुनिक सभागार 16 हजार वर्ग फुट प्रदर्शनी हॉल, 12 हजार वर्ग फुट प्रदर्शनी हॉल, तीन सौ लोगों के बैठने की क्षमता सम्मेलन कक्ष, तीन संख्या- 100 क्षमता बैठक कक्ष, छह अतिथि कमरे, दो सुइट अतिथि कमरे, फुट फूड कोर्ट, 68 वाहनों की कवर्ड पार्किंग, आठ व्यावसायिक दुकानें, व्यापार केंद्र और रेस्टोरेंट इत्यादि की सुविधा होगी।

मिला बुजुर्ग का शव

कानपुर। पनकी में रहने वाली 60 वर्षीय विजय बाल्मिकी मौरंग की दुकान में चौकीदारी का काम करते हैं। सुबह यहां पर जब अन्य मजदूर आए तो विजय ने किसी प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की, इस पर जब मजदूरों ने उन्होंने हिलाया डुलाया तो वह मृत पाए गए, विजय के कान के पास से खून भी निकल रहा था, इस पर मजदूरों ने मौरंग दुकान संचालक और विजय के परिजनों को सूचना दी। एसीपी पनकी, फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई, एसीपी पनकी ने बताया कि विजय बाल्मिकी नशेबाजी के आदी है और उन्हें मिर्गी के दौरे भी आते थे, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत की सही वजह पता लगेगी।

प्रेमी के हुए सात फेरे, फंदे पर झूली माशूका

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। साढ़ थाना क्षेत्र के चंदौली निवासी संगीत यादव पुत्री राम नारायण यादव कल्याणपुर के अंबेडकरापुरम में मनोरमा देवी के मकान में छह माह पहले रहने आई थी। मालिक मनोरमा के अनुसार मंगलवार सुबह संगीता का शव पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों और फोरेंसिक टीम को जानकारी दी। परिजनों के पहुंचने पर कोहराम मच गया।

मकान मालिक के अनुसार कमरा किराए पर लेते समय मृतका ने अपने आप को शादी शुदा बताया था। युवती के साथ एक युवक भी रहता था, जो अपने आप को युवती का पति बताता था। मृतका के भाई अमित यादव ने बताया संगीत नगर निगम में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर है। प्रेमी युवक विकास भवन में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर है। भाई के अनुसार सोमवार को प्रेमी युवक की किसी अन्य युवती से शादी थी। शादी में प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को निमंत्रण दिया था। मृतका ने सोमवार को प्रेमी के शादी समारोह में जमकर डांस भी किया। उसके बाद यह घटना हो गई। फोरेंसिक ने मौके पर साक्ष्य एकत्रित किए। थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मृतका ने दो पन्ने का सुसाइड नोट भी लिखा। इसमें लिखा कि सॉरी मम्मी पापा मैं अपनी मर्जी से जान दे रही हूं। मेरा भारतीय स्टेट बैंक में खाता है, जो पैसे हैं उसे निकाल लेना। कमरे में जो भी सामान रखा हुआ है, उसको भी ले लेना।

फिर वैन हादसा: छह घायल, मचा कोहराम

- चौबेपुर में रोड रोलर से टक्कर, वैन में बज रहा था गाना

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। चौबेपुर में जीटी रोड पर सुबह सुबह फिर एक वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पीएनसी के ठीक सामने मंगलवार शिक्षिकाओं को लेकर जा रही वैन रोड रोलर से टकरा गई। हादसे में वैन चालक और पांच शिक्षिकायें घायल हो गईं। मंगलवार सुबह कानपुर से शिक्षिकाओं को लेकर वैन ककवन जा रही थी, वैन की रफ्तार काफी तेज बताई जा रही है। चौबेपुर के पिपरी गांव के सामने चालक गति पर नियंत्रण नहीं रख सका और वैन सड़क किनारे खड़े रोड रोलर में जा टकराई। हादसे के बाद वैन के अंदर बैठी शिक्षिकाओं में चीखपुकार मच गई। आवाज सुनकर घटनास्थल पर ग्रामीण भी पहुंच गए और थाना पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायलों का सीएचसी पहुंचाया गया। घायलों में वैन चालक अशरफ के अलावा नीति नेहरू, निगार, फातिमा, नीतू व नीलम शामिल है। वैन चालक अशरफ व शिक्षिका नीती नेहरू की हालत गंभीर देख हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य मामूली रूप से घायल शिक्षिकाओं को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, शिक्षिकाएं ककवन ब्लॉक क्षेत्र स्थित विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में तैनात हैं और कानपुर से वैन से प्रतिदिन विद्यालय आवागमन करती हैं।

पेपर लीक मामले में फंसेंगी बड़ी 'मछलियां'!

- एसटीएफ की जांच से खलबली पुलिस खामोश

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर पांच लाख रुपये में बेचने के आरोप में अधिवक्ता को जेल भेजने के बाद सोमवार को एसटीएफ गोविंद नगर थाने पहुंची। पेपर लीक से संबंधित जानकारी इकट्ठा करने के साथ ही मुकदमे के विवेचक से भी पूछताछ की। एसटीएफ ने अधिवक्ता के मोबाइल की जांच की तो पुलिस भर्ती के अलावा नेवी व अन्य विभाग के पेपर भी मिले हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार एसटीएफ ने पेपर लीक मामले में कई लोगों को उठाया है। गोविंदनगर पुलिस की एक टीम अधिवक्ता आशीष सचान के गांव और महाराजपुर पहुंची और छानबीन की। एसटीएफ ने बर्रा के एक कोचिंग संचालक से भी पूछताछ की। 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान गोविंद नगर पुलिस ने पर्ची से नकल करते हुए गुजैनी के रतनचन्द्र खत्री स्कूल से कुलगांव के खलार गांव निवासी प्रदीप कुमार को नकल करते हुए पकड़ा था।

पुलिस ने उसके पास से लीक हुए पेपर के प्रश्नों के उत्तर लिखी पर्चियां भी मिली थीं। विवेचक पवन कुमार ने बताया कि प्रदीप के घर पहुंचे तो पता चला कि उसके भाई संदीप ने परीक्षा में पास कराने के लिए साढ़ के कोरथा निवासी अंकित सिंह से संपर्क किया था। अंकित ने उन्हें नौबस्ता बसंत विहार निवासी अधिवक्ता आशीष सचान से मिलवाया था। आशीष ने पांच लाख रुपये में पेपर पास कराने का ठेका लिया था। पुलिस ने संदीप को जेल भेजने के बाद अंकित व आशीष को गिरफ्तार किया था। एसटीएफ ने विवेचक पवन कुमार से मुकदमे की प्रगति के बारे में पूछताछ करते हुए अधिवक्ता आशीष के बारे में जानकारी इकट्ठा की।

विकास की खराब प्रगति करने वाले सचिवों की हुई समीक्षा

हमीरपुर (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला की उपस्थिति में विकास कार्यो की विभिन्न पैरामीटर आवास, ग्राम विकास, पंचायतीराज में हो रही खराब प्रगति के संबंध में सचिवों की समीक्षा बैठक डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने सभी विकास खण्डों के सचिवों के विकास के विभिन्न पैरामीटर में खराब प्रगति करने वाले सचिवों की समीक्षा करते हुए कहा कि विकास की गति प्रदान करने में सचिव एक धुरी की भूमिका अदा करता है। आपके कार्यो के द्वारा ही जनपद की छवि बनती व बिगड़ती है। उन्होने कहा कि आप लोगो की कार्यशैली की वजय से प्रदेश में जनपद की छवि खराब हो रही है। काम में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। उन्होने कहा कि तंत्र में काम करने वालों की जगह है, काम न करने वालों की कोई जगह नही है। बैठक में चार्ज न देने वाले निलंबित सचिवों की सूची बनाकर संबंधित सचिवों को चार्ज देने का एक अवसर प्रदान करने के बाद चार्ज न देने वाले सचिवों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश संबंधित को दिए। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को अपने स्तर से सचिवों की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सचिवों का दायित्व काम करने का है, तथा उनके कार्यो का परिवेक्षण करने का दायित्व संबंधित एडीओ पंचायत तथा खण्ड विकास अधिकारियों का है। विकास के विभिन्न पैरामीटर में खराब प्रगति वाले सचिवों के साथ अगले 15 दिन में सुधार नही होने पर संबंधित सचिवों के साथ-साथ परिवेक्षणीय अधिकारियों का दायित्व निर्धारित किया जायेगा। उन्होने कहा कि सभी आवेदनों को समय सीमा पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए साधना दीक्षित, जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी रहे।

कब्जे की शिकायत पर पुलिस ने लगाई रोक

भरुआ सुमेरपुर (स्पष्ट आवाज)। निर्माण सामग्री पहुंचाकर निर्माण की जुगत में लगे एक पक्ष को पुलिस ने शिकायत के बाद अदालत के आदेश आने तक निर्माण न कराने की सख्त हिदायत दी है। कस्बे के चांद थोक निवासी विजय गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है कि स्टेशन मार्ग में उनके पैतृक भूमि है। गाटा संख्या 1268 में शिव मंदिर व बगीचा है। यह स्थान नर्वदेश्वर आश्रम के नाम से जाना जाता है। आश्रम के एक किनारे सड़क की तरफ वर्षों पूर्व राजेंद्र तिवारी ने एक गुमटी रख ली थी और चाय पान की दुकान खोल रखी थी। अब इसी स्थान पर वह पक्की दुकान बनाने की जुगत में है। उसने नगर पंचायत से साठ गांठ बनाकर फर्जी ढंग से हाउस टैक्स लगवा रखा है। जबकि उक्त गाटा संख्या का मुकदमा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है। शिकायत के बाद पहुंचे कस्बा इंचार्ज प्रमोद त्रिपाठी ने विपक्षी को निर्माण न करने की सख्त हिदायत दी है। कस्बा इंचार्ज ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है जब तक न्यायालय के आदेश नहीं आता है तब तक यथास्थिति बरकरार रहेगी। पुलिस की हिदायत के बाद विपक्षी गणो को करारा झटका लगा है।

फिर गिरे ओले!

भरुआ सुमेरपुर (स्पष्ट आवाज)। पिछले मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी कुदर ने किसानों के साथ अमंगल कर दिया। सुबह बारिश के साथ ओले गिरने से ब्लॉक क्षेत्र के पूर्वी दिशा की आधा दर्जन से ज्यादा पंचायतों एवं मजरों में किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं ब्लॉक क्षेत्र के सभी गांवों में बारिश से खेतों में कटी पड़ी मटर मसूर सरसों की फसलों में नुकसान होने का अंदेशा है। कुदरत के इस कहर से किसान चीत्कार कर उठा है।

भाजपा की युवा चौपाल का हुआ आयोजन

हसनगंज उन्नाव (स्पष्ट आवाज)। क्षेत्र के मौलाबांकीपुर में भाजपा का युवाचौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे युवा चौपाल प्रभारी एवं भाजयुमो जिला मंत्री अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी सरकार दस वर्षो से काम कर रही हैं।

जिसने देश की तस्वीर और तकदीर बदल दी हैं। 2014 के पहले की जो सरकारे थी उससे कुछ लोग ही लाभावन्ति होते थे।पहले पड़ोसी देश आतंकवादी ताकतों को बढ़ावा देते थे अब उनकी हिम्मत नही पड़ रही। मोदी सरकार सभी तबकों को बगैर किसी भेदभाव के योजनाओ का लाभ दे रही हैं। युवाओं ने देश को आजाद कराने में बड़ी भूमिका निभाई थी। चंद्र शेखर आजाद, खुदीराम बोस, सुभाष चंद्र बोस, सरदार भगत सिंह जैसे देशभक्त कम उम्र में ही अंग्रेजी हुकूमत को हिलाने का काम किया था। अब युवाओं ने देश को मजबूत प्रधानमंत्री दिया है। आज राष्ट्रवादी देश भक्त सरकार मजबूती से कम कर रही हैं तो उसमें युवाओं का सबसे बड़ा योगदान हैं। सशांक सिंह ने कहा कि दिन रात मेहनत करके मोदी देश को आगे बढ़ाने किए काम कर रहे थे। पहले भ्रष्टाचार होता था ऊपर से जो पैसा योजनाऑन का आटा था उसे बिचौलिए खा जाते थे अब सीधे खाते में आता है। इस अवसर पर मोहित सिंह, मिलन पांडेय, प्रशांत सेठ, राजन शर्मा, राम नरेश सिंह, दीपेंद्र सिंह, प्रभात यादव, अजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, गोविंद, शिवम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या - 76/मु0अभि0/2023-24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यों हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ई-निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :- 14 दिनांक 04.03.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यों का पृथक-पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

पत्रांक : 400, दिनांक : 27.02.2024

चुनाव के कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से निभाएं: अरविंद

● लोकसभा निर्वाचन सकुशल व निष्पक्ष कराने के लिए बैठक संपन्न

बलरामपुर। लोकसभा निर्वाचन-24 को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने हेतु नियुक्त नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन- 24 अब दूर नहीं है। कार्मिक व्यवस्था, निर्वाचन व्यय,ईवीएम एवं वीवीपैट व्यवस्था,डाक मतपत्र,यातायात व्यवस्था,लेखन सामग्री, कंट्रोल रूम, मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, कम्युनिकेशन प्लान, स्वीप कार्यक्रम, वेबकास्टिंग, प्रेक्षक व्यवस्था,जुलूस/ सभा संबंधी अनुमति,प्रोटोकाल कार्य में लगे नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों को अभी से समस्त तैयारियां पूर्ण कर ले। अपने कार्यों से संबंधित हैंडबुक आदि का अच्छी तरह से अध्ययन कर ले तथा कार्यों का आकलन कर ले। सभी नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी आपस में बेहतर सामंजस्य के साथ चुनाव के कार्यों को पूरी जिम्मेदारी से अच्छी तरह से निभाए। लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में कुल 1723 बूथ बनाए गए हैं, निर्वाचन को 7237 मतदान कार्मिक द्वारा संपन्न कराया जाएगा। डीएम ने सभी का मास्टर ट्रेनर के माध्यम से अच्छी तरह से प्रशिक्षण कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम, तहसीलदार, क्षेत्राधिकार, सीएचओ पोलिंग बूथ बने विद्यालयों का गहन निरीक्षण कर ले। पोलिंग बूथ बने विद्यालयों में शौचालय, विद्युत, रैंप, फर्नीचर, पेयजल आदि भी व्यवस्था देख ले, यदि कोई कमियां है तो उसे समय से दूर कर ले। मतदान केंद्र पहुंचने का रास्ता अवश्य देख ले। मतदान केंद्र तक बड़े व छोटे वाहन सुगमता पूर्वक पहुंच सके यह सुनिश्चित कर ले। सड़क की गुणवत्ता देख ले, यदि कोई कमी है तो पीडब्ल्यूडी से उसे सही कर ले। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार,समस्त एसडीएम, सीएमओ व सभी नोडल अधिकारी,सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

डीएम ने किया ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

बलरामपुर। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम देखा। सभी कैमरे संचालित पाए गए। उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था,साफ सफाई की व्यवस्था आदि का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पत्नी ने कराई थी प्रेमी से मिलकर पति की हत्या

● एसपी ने किया खुलासा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भरतकूप थाना क्षेत्र में गोली मारकर युवक की हत्या का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि पत्नी ने ही प्रेमी से मिलकर पति की हत्या कराई थी। पत्नी समेत चार लोग हत्या में शामिल थे। ये खुलासा पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु होकर किया। उन्होंने बताया कि भरतकूप थाने के रसिन गांव के मजरा फाटापुरवा के रामशरण पुत्र स्व छोटेलाल पटेल ने 18 फरवरी को सूचना दी थी कि भांजी पिंकी सवेरे रामबाबू के घर गई तो दरवाजा बन्द था। फोन लगाने पर नहीं उठ रहा। रामबाबू की पत्नी बच्चे समेत मायका कंठीपुर गये थे। पिंकी के बताने पर वह व भतीजा कंचन सीढी लगाकर छत पर गये तो देखा कि रामबाबू बिस्तर में गोली लगने से मृत पडा था। घटना स्थल पर कोई असलहा नहीं था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का मामला अज्ञात में दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक ने भी घटना स्थल का मुआयना किया था। उन्होंने घटना के खुलासे के निर्देश दिये थे। 27 फरवरी को विवेचना में इलियाश खान पुत्र यासीन खान निवासी टिकुरीपुरवा बदौसा जिला बांदा को दबोचकर सख्ती से पूंछताछ की तो उसने बताया कि वह रामबाबू पटेल की पत्नी सविता पटेल से प्रेम करता है। पांच-छह महीना पहले धोखे से सविता के साथ की फोटो फेसबुक पर पोस्ट हो गई थी। फाटापुरवा के लोगों ने देखकर रामबाबू को बताया था। रामबाबू ने उसके साथ मारपीट कर ग्रामीणों के सामने बेईज्जती की थी।

संक्षिप्त आवाज

गेंदघर मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज

बहराइच(स्पष्ट आवाज)। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जनपद में 28 फरवरी 2024 को गेंदघर मैदान में वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में 422 जोड़ों का विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न कराया जायेगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम को शासन की मंशानुसार सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा नोडल अधिकारी नामित किये गये है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने बताया कि विकास खण्ड चित्तौरा के 23, हुजूरपुर के 07, जरवल 15, कैसरगंज 16, महसी 88, मिहींपुरवा 35, नवाबगंज व पयागपुर 08-08, फखरपुर 103, रिसिया 14, शिवपुर 33, तेजवापुर 36, विशेश्वरगंज 07 तथा नगरीय क्षेत्र के 10 कुल 422 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जायेगा।

तनहा-स्मृति काव्य-समारोह 5 मार्च को

छतोह,रायबरेली।(स्पष्ट आवाज) हास्य-व्यंग्य के धुरंधर आशु कवि स्वर्गीय बृजेश नारायण श्रीवास्तव तनहा की यादगार में प्रतिवर्ष होने वाला काव्य समारोह इस वर्ष भी 05 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक उनके सुपुत्रगण ज्ञानेंद्र अज्ञानी और संयोजक दीपेंद्र तन्हा ने बताया कि स्वर्गीय बृजेश नारायण तनहा द्वारा स्थापित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल धरई चौराहा में 05 मार्च 20 24 बुधवार को रात 8ः00 बजे से ÷तनहा स्मृति काव्य समारोह÷ प्रारंभ होगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कई कवि और शायर अपनी रचनाओं के साथ प्रस्तुत होंगे। स्वर्गीय तनहा को काव्यांजलि अर्पित करने के लिए इस समारोह में प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ.देवीबख्श सिंह, डॉ.कामतानाथ सिंह, निर्मल प्रकाश श्रीवास्तव, अबोध, शविस्ता बृजेश, राज किशोर सिंह, सतीश सिंह, अंजनी अमोघ, अनुज अवस्थी, बिहारी लाल अंबर, प्रमोद पंकज, लवलेश यदुवंशी, संदीप शरारती, सानिया सिंह, मकसूद जाफरी, धनंजय शाश्वत, शिवेश राजा और अब्दुल मजीद रहबर ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। ये सभी वरिष्ठ रचनाकार अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे तथा सबके दिल में रचे-बसे स्वर्गीय तनहा को श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे।

जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक कल

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। जिला स्तरीय पोषण समिति व आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्रों के प्रगति की समीक्षा हेतु 29 फरवरी 2024 को अपरान्ह 04:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से अपेक्षा की है कि अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

किसान ने कीटनाशक दवा गटकी मौत, हत्या का आरोप

बांदा। खेत स्थित ट्यूबवेल में किसान ने कीटनाशक दवा गटक लिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। शव देखते ही घर वालो में कोहराम मच गया। मृतक के भाई ने जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मटौंध थाना क्षेत्र के त्रिवेणी गांव निवासी शिवनाथ (47) पुत्र सुक्खा किसानी करता था। वह ट्यूबवेल में मकान बनाकर रहता था। वही पर बकरी भी रखे था। सोमवार की रात पारिवारिक भतीजे शराब के नशे में झगड़ा कर रहे थे। इस पर शिवनाथ के भाई रिटायर्ड लेखपाल गफूर चंद ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। गफूरचंद्र एक निमंत्रण में चला गया। भतीजे वही ट्यूबबेल में रूक गए थे। रात को गफूर का पुत्र स्वतंत्र अपने बहनोई को स्टेशन छोड़ने के बाद ट्यूबबेल पहुंचा देखा तो शिवनाथ चारपाई में मृत पड़ा हुआ था। जानकारी मिलते ही परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। भतीजो का कहना था की दवा के धोखे कीटनाशक दवा पी लिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई गफूर चंद्र का आरोप है कि शराब पीकर झगड़ा किया। शिवनाथ को जहरीला पदार्थ पिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पिता के नाम 16बीघा जमीन है। तीन माह पहले बीमारी से पिता की भी मौत हो चुकी है।

हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव आज

छतोह, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चिन्हित बुनियादी साक्षरता की संप्राप्ति पर नोडल अध्यापक, नोडल संकुल शिक्षक, एसआरजी, कोलोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों तथा अभिभावकों का अभिमुखीकरण प्रशिक्षण, उत्सव और निपुण छात्र सम्मान हेतु %हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव% का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने बताया कि ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह में 28 फरवरी 2024 को प्रातः 11 बजे से उत्सव का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिशाल सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार सलोन प्रज्ञा द्विवेदी और खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा को सादर आमंत्रित किया गया है।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने चौपाल का किया आयोजन

खीरो , रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)खीरों मण्डल भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा अलग युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को भारतीय जनता पार्टी से जोडने और सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को तीसरी बार प्रचंड बहुमत से 400 का आंकड़ा पार कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाने के लिए भाजपा ने छोटे से बड़े स्तर पर कार्य करना शुरू कर दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह उर्फ भैया जी, कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष प्रवीण सिंह भदौरिया ,शेखर सिंह, महामंत्री अनुज कुमार सहित सैकड़ों संख्या में युवा उपस्थित रहे।

गौकशी: तीन के कब्जे से स्कार्पियो समेत औजर बरामद

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बरगढ थाना क्षेत्र में गौकसी व गौ तस्करी करने वाले तीन लोगों को स्कार्पियो, दो तमंचा, चार कारतूस, चार छूरा व चार लोहे की स्टील राड व एक बांका समेत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने बताया कि चार फरवरी को बरगढ थाने के महरजा गांव के सूबेदार कोल पुत्र गंगा प्रसाद ने थाने में सूचना दी थी कि उसका बैल व दादूलाल कोल पुत्र मुन्नीलाल कोल निवासी महरजा का बैल बाहर पेड के नीचे बंधे थे। उन्हें अज्ञात लोग ले जाकर जंगल में काटकर मांस ले गये हैं। बैल की मुंडी व मांस तथा खाल पडी है। पुलिस ने गौवध निवारण मामला दर्जकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन लोगों को दबोचा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मो फैजान पुत्र अब्दुल निवासी अहमदपुर असरौली थाना पूरामुफ्ती प्रयागराज, मो नैस पुत्र मो इरफान निवासी खेडुहा थाना एयरपोर्ट प्रयागराज व सद्दाम पुत्र मो शकील निवासी मरिहाडीह पूरामुफ्ती प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर दबोचा। वह जंगल की ओर पुनः गौकसी करने जा रहे थे। उनके कब्जे से पुलिस ने गलत नम्बर की स्कार्पियो, दो तमंचे, चार कारतूस, चार छूरा, दो लोहे की स्टील राड, एक बांका बरामद किया। आरोपियों ने पूंछताछ में बताया कि इब्राहिम जुनैद अहमद, अवधेश पासी बैलों को काटकर मांस स्कार्पियो में रखकर बेंचते थे। बेंचे गौ मांस का पैसा आपस में बांट लेते थे। आरोपियों को पकडने में बरगढ थानाध्यक्ष राकेश मौर्य, दरोगा पवन कुमार प्रधान, दरोगा रामआधार सिंह, सिपाही रंजीत यादव, रोहित यादव व एसओजी टीम के दीवान जितेन्द्र कुशवाहा, नितेश समधिया, सिपाही रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, आशीष यादव, राघवेन्द्र व पवन राजपूत शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय मौजूद रहे।

कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में 19 बालिकाओं के परिजनों सम्मानित

बलरामपुर। संयुक्त जिला चिकित्सालय बलरामपुर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी की उपस्थिति में किया गया। जिसमें 19 बालिकाओं के परिजनों को बधाई पत्र, कपड़े, मिठाई, बेबी किट व केक का वितरण किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने उपस्थित जन-सामान्य / महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त करने के लिए सरकारी योजनाओं का संचालन एवं लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बेटियों को सशक्त किये जाने के क्रम में आज संयुक्त जिला चिकित्सालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कराया गया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा एके चौधरी द्वारा भी उपस्थित लोगों को बताया गया कि बेटियों को बोझ न समझे, उनको जन्म लेने का पूरा अधिकार है। यदि कोई भी व्यक्ति भ्रूण हत्या कराता है तो यह कानूनन अपराध है और उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में विस्तार से बताया।

बधाई पत्र, कपड़ा और मिठाई, बेबी किट पाकर व जानकारी प्राप्त कर सभी जन-सामान्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष, आरती तिवारी व उनके पिता सिद्धनाथ तिवारी, डा एके चौधरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रागिनी मिश्रा महिला कल्याण अधिकारी, डॉ रूची पाण्डेय व अस्पताल के अन्य स्टॉफ राधिका मिश्रा, जिला समन्वयक, साक्षी मिश्रा व कल्पना त्रिपाठी स्टॉफ नर्स, जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर, अमित कुमार कनिष्ठ सहायक, जिला प्रोबेशन कार्यालय, बलरामपुर, सना पैरामेडिकल नर्स व मधू वर्मा, सामाजिक परामर्शदाता, वन स्टाप सेन्टर बलरामपुर, बद्री विशाल तिवारी परामर्षदाता, सुनील कुमार पासवान सामाजिक कार्यकर्ता, सुनील कुमार वर्मा, आंकड़ा विश्लेषक, राजेश कुमार आउटरीच वर्कर, जिला बाल संरक्षण इकाई बलरामपुर, आशुतोष तिवारी एवं जन-सामान्य के लोग उपस्थित रहे।

दिव्यांगों में होती है विलक्षण प्रतिभा: सांसद

चित्रकूट। सूबे के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर में आयल इंडिया लि के निगमित सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बीच 28 ट्राई साइकिल, 17 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, एक फोल्डिंग व्हीलचेयर, 43 बैसाखी, एक वॉकिंग स्टीक छड़ी, 59 स्मार्टफोन, 62 सुग्मय केन, 58 श्रवण यंत्र कान की मशीन व छह कृत्रिम अंग बांटे।

मंगलवार को दिव्यांग छात्रों को जिले के प्रभारी मंत्री के उपकरण बांटने के मौके पर सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय समेत जनप्रतिनिधि तथा जिला दिव्यांगजन अधिकारी प्रतिभा पाल व विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि दिव्यांगों में विलक्षण प्रतिभा होती है। उन्हें निखारने की जरूरत है। अब दिव्यांग भी सबकुछ कर सकते हैं।

डीएम के आदेश पर 12 नये गेहूँ क्रय केंद्र खोले गये

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 51 एवं पीसीयू के 19, कुल 102 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी द्वारा इसी क्रम में क्रय एजेंसी भारतीय खाद्य निगम एवं पीसीएफ से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार 12 नये गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं।

सपा को झटका, विधायक मनोज कुमार पांडे ने पार्टी के मुख्य सचेतक पद से दिया इस्तीफा

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) रायबरेली जिले में समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडे ने पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया है। वह लगातार तीसरी बार रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने मंगलवार को हुए राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करते हुए भाजपा को वोट दिया है। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के दौरान सपा विधायक मनोज पांडे ने मंगलवार को विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा सोशल मीडिया के जरिए शेयर किया है। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को लिखे पत्र में विधायक मनोज कुमार पांडे ने कहा कि आपने मुझे उत्तर प्रदेश विधानसभा में समाजवादी पार्टी का मुख्य सचेतक नियुक्त किया था, मैं मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे रहा हूं, कृपया मेरा इस्तीफा स्वीकार करें। बताते चलें कि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा सनातन धर्म और रामचरितमानस के खिलाफ दिए गए बयान पर उन्होंने जोरदार प्रतिक्रिया देते हुए सपा में रहते हुए भी उनका जोरदार विरोध किया था।तभी से यह कयास लगाए जा रहे थे कि शायद वह समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं। ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडे हमेशा सनातन धर्म के पक्षधर रहे हैं। विधानसभा में रामलला के दर्शन के लिए जब प्रस्ताव आया था ,तब वह चाहते थे कि सभी लोग दर्शन के लिए जाएं ,लेकिन लोगों ने उसका विरोध किया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वह जल्द ही भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं।कयास तो यह भी लगाए जा रहे हैं कि उन्हें रायबरेली लोकसभा सीट से लोकसभा का टिकट भी मिल सकता है। लोकसभा चुनाव के बाद उन्हें मंत्री पद मिलने की उम्मीद भी जताई जा रही है।

परिवहन विभाग की मंडलीय समीक्षा बैठक 11 मार्च को

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि बसों के परमिट के नवीनीकरण, हस्तान्तरण, प्रतिस्थापना, नये परमिट के प्रकरणों पर विचार किये जाने के उद्देश्य से 11 मार्च 2024 को अपरान्ह 03:30 बजे आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है। बैठक में आवेदकगण स्वयं अथवा अपने अधिकृत एवं वैध प्रतिनिधि के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

पीएम किसान योजना कार्यक्रम बुधवार को

छतोह, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)राज्य सरकार के आदेश के अनुपालन में जिला स्तर के निर्देश पर दिनांक 28 फरवरी, 2024 को पीएम किसान योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर कार्य क्रम आयोजित किया जायेगा। राजकीय कृषि बीज भंडार छतोह के प्रभारी डॉ. इंद्रपाल सिंह ने बताया कि होने वाले कार्यक्रम की लाइव स्ट्रिमिंग सायं 4 बजे से की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजन की समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है।ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।

भारत नेपाल मैत्री महोत्सव: महत्वपूर्ण कार्यक्रम की सूचना में प्रशासनिक लापरवाही

● सीमावर्ती जनपदों में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पीलीभीत। भारत नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम की महत्वपूर्ण सूचना में पीलीभीत जनपद प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है । 28 फरवरी से 29 फरवरी तक भारत नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम का पीलीभीत में समापन होना है। इसको लेकर भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का संस्कृति पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य विभाग से जुड़े मंत्रालय भी प्रमुख भूमिका में है। इसका प्रचार प्रसार मीडिया व अन्य माध्यम से व्यापक स्तर पर होना था ।

9 फरवरी को भारत नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम की शुभारंभ नेपाल सीमा से जुड़े उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर से शुरुआत हुई। सीमावर्ती जनपदों में क्रमशः कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आखिरी जनपद पीलीभीत में समापन 28 -29 को निर्धारित होने के बाद भी जिला प्रशासन इसकी सूचना को दवाये बैठा रहा। पीलीभीत जनपद में आज कार्यक्रम की तैयारी के लिए पहुंचे समन्वय कोऑर्डिनेटर डॉक्टर राजेश अहिरवार ने जब डीएम पीलीभीत से संपर्क किया आनन फानन में कार्यक्रम की तैयारी की सूचना सिटी मजिस्ट्रेट को दी गई ।

पत्रकारों द्वारा पूछने पर स्वयं सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि उन्हें आज ही 2 घंटे पहले डीएम के द्वारा सूचना दी गई। उन्होंने इसके लिए लेट लतीफी के लिए डी आई ओ के भाग जाने की बात की। पूछने पर की प्रशासनिक स्तर पर इसकी सूचना पहले कब मिली इसको बताने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट जवाब नहीं दे सके। आखिर फाइल किसके पास दबी रही। यह लापरवाही का एक नमूना सामने आया है ।इतने महत्वपूर्ण कार्यक्रम के प्रचार प्रसार की प्रेस पत्रकार वार्ता के लिए सूचना विभाग से मात्र 10 मिनट पूर्व ही सूचना यह कह कर दी गई कि उन्हें भी 10 मिनट पहले ही सूचना देने के लिए कहा गया है ।भारत नेपाल मैत्री महोत्सव जैसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम के प्रचार प्रसार में लापरवाही सामने आयी है । मौके पर कई पत्रकारों को सूचना कार्यक्रम पत्र तक उपलब्ध नहीं हो पाए ।

दिव्यांग विद्यार्थी संस्थान में प्रवेश से प्राप्त करें निःशुल्क लाभ

बलरामपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया कि दिव्यांगजन को स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु उत्तर प्रदेश शासन के प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कानपुर में एक स्वायत्तशासी संस्थान डा अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन, उप्र कानपुर की स्थापना वर्ष 1997 में की गयी थी। संस्थान में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद उप्र से सम्बद्धता प्राप्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जाते है, जिसमें कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, आर्कीटेक्चरल असिस्टेंटशिप अवधि 03 वर्ष हाईस्कूल उत्तीर्ण,प्रवेश क्षमता 50 प्रतिशत व मार्डन आफिस मैनेजमेण्ट एण्ड सक्रेरियल प्रेक्टिस 02 वर्ष इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण। दिव्यांग बच्चों को पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा के साथ निःशुल्क छात्रावास सुविधा, छात्रवृत्ति 1000/- प्रतिमाह की भोजनवृत्ति के अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन, शीतकालीन वर्दी (यूनीफार्म) निःशुल्क प्रदान किया जाता है। विगत वर्षो में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को लगभग 100 प्रतिशत सेवायोजन उपलब्ध कराया जाता रहा है। संस्थान में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 29 फरवरी एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि 16 से 22 मार्च तक है। इस सम्बन्ध में वेबसाइट से एवं दूरभाष संख्या-0212-2583221 पर सम्पर्क कर संस्थान द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का लाभ के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते है।

संतोष कुमार शर्मा होंगे पहले सीईओ

● उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद अधिनियम के गठन की अधिसूचना जारी एवं इस अधिनियम के अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश जारी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के विधायी अनुभाग-1 द्वारा उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद अधिनियम बनाया गया है जो विधान मण्डल के दोनों सदनों के अनुमोदन के बाद इस अधिनियम की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इस अधिनियम के अनुसार अयोध्या के महत्व को देखते हुये समस्त प्रकार की सांस्कृतिक, पारिस्थितिकीय तथा स्थापत्य सम्बंधी विरासत की सौंदर्यपरक गुणवत्ता को परिरक्षित करने, विकसित करने तथा अनुरक्षित करने और क्षेत्र में एकीकृत पर्यटन विकास तथा विरासत-संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु संगत नीतियां विकसित करने, जिला अयोध्या के किसी विभाग/स्थानीय निकाय/प्राधिकरण को अयोध्या क्षेत्र के विरासतीय संसाधनों को प्रभावित करने वाली या सम्भावित रूप से प्रभावित करने वाली किसी योजना, परियोजना या किसी विकासगत प्रस्ताव के सम्बंध में परामर्श एवं मार्ग दर्शन प्रदान करने के लिए श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है।

इस राज्य स्तरीय परिषद के अध्यक्ष मा0 मुख्यमंत्री जी होंगे तथा इसके उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री होंगे तथा इसके कार्यपालक उपाध्यक्ष सरकार द्वारा नियुक्त किये जायेंगे तथा मण्डल स्तर पर मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में नियोजन समिति होगी इसमें मुख्य कार्यपालक सचिव के रूप में शासन द्वारा श्री संतोष कुमार शर्मा को तैनात किया जा चुका है। इस समिति में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण, नगर आयुक्त, मुख्य कार्यपालक अधिकारी छावनी परिषद, मुख्य नगर नियोजक, मुख्य अभियन्ता विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग, विद्युत विभाग, वन विभाग, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, उपनिदेशक राजकीय संग्रहालय के अलावा पर्यावरण विधि, सांस्कृतिक और इतिहास के जानकार, साहित्यकार एवं कलाकार, प्रख्यात विधिवेता, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता आदि रखे जायेंगे। इस परिसर के निर्देश के क्रम में प्रमुख सचिव पर्यटन द्वारा पर्यटन की विकास परियोजनाओं के पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण का कार्य परिषद को दिया गया है तथा अयोध्या मण्डल के अन्य जनपदों के पर्यवेक्षण अनुश्रवण कार्य उपनिदेशक पर्यटन द्वारा किया जायेगा तथा अयोध्या जनपद में स्थानीय स्तर पर संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग के समस्त परियोजनाओं का पर्यवेक्षण कार्य मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा किया जायेगा। इस सम्बंध में विस्तृत शासनादेश/ अधिसूचना जारी कर दी गयी है तथा सम्भावना है कि इस परिषद की शीघ्र बैठक होगी। यह जानकारी उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह ने दी है।

दो दिनों तक न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे अधिवक्ता

महराजगंज, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को तहसील सभागार में एक आपातकालीन बैठक की। जिसमें विभिन्

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, बुधवार, 28 फरवरी, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, चतुर्थी (कृष्ण पक्ष)

दोस्तों के बिना कोई भी जीना नहीं चाहेगा, चाहे उसके पास बाकि सब कुछ हो।
अरस्तु

हताश युवा क्या करें?

भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की सेना ने कई भारतीय युवाओं की भर्ती की है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ऐसे कम-से-कम 100 भारतीय नौजवान रूसी सेना में नौकरी कर रहे हैं। उनमें से कम-से-कम तीन को रूस ने मोर्चे पर तैनात किया है। यानी वे रूस की तरफ से युद्ध लड़ रहे हैं।
स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह संभवतः पहला मौका है, जब भारतीयों के सामूहिक रूप से भाड़े के सैनिक बनने की खबर आई है।

भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की सेना ने कई भारतीय युवाओं की भर्ती की है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक ऐसे कम-से-कम 100 भारतीय नौजवान रूसी सेना में नौकरी कर रहे हैं। उनमें से कम-से-कम तीन को रूस ने मोर्चे पर तैनात किया है। यानी वे रूस की तरफ से युद्ध लड़ रहे हैं।
स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह संभवतः पहला मौका है, जब भारतीयों के सामूहिक रूप से भाड़े के सैनिक बनने की खबर आई है। सामने आईं जानकारियों के मुताबिक रूस की सेना ने दुबई के जरिए इन भारतीयों को अनुबंधित किया। रूस के गए नौजवानों के परिजनों का दावा है कि इन लोगों की नियुक्ति रूसी सेना की सहायता के लिए की गई थी, लेकिन यूक्रेन सीमा के पास ले जाकर उन्हें बताया गया कि उन्हें लड़ाई भी लडनी है। मुद्दा उछलने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इन भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए भारत सरकार रूस की सेना के साथ संपर्क में है।
विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को आगाह किया है कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध से अपने आपको दूर रखें। लेकिन यह सलाह बेमतलब है। जब ये नौजवान रूस चले गए, तब वहां के हालात उनके अपने हाथ में नहीं होंगे। इसलिए विचारणीय प्रश्न यह है कि आखिर भारतीय नौजवान विदेशों में कहीं भी, कैसा भी काम पाने के लिए इतने व्यग्र क्यों हैं? आखिर खुद भारत सरकार ने युद्ध-ग्रस्त इजराइल में मेहनत-मजदूरी करने के लिए हजारों युवाओं को भेजने का करार किया है।
वहां जाने के लिए जुटी भीड़ में शामिल नौजावनों ने मीडिया से कहा था कि उन्हें इजराइल जाने का जोखिम मालूम है, लेकिन उन्हें लगता है कि %यहां भूखों मरने से बेहतर वहां काम करते हुए मरना है।' असल मुद्दा युवाओं में समा गई यही मायूसी है। उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा में जो नजारा दिखा है, उससे आसानी से समझा जा सकता है कि ऐसी हताशा क्यों पैदा हो रही है। अगर यह स्थिति आज सार्वजनिक विमर्श में सर्व-मुख्य मुद्दा नहीं है, तो रूस गए नौजवानों की तमाम चिंताएं निरर्थक समझी जाएंगी।

आज का इतिहास

1580- गोवा से पहला ईसाई मिशनरी अकबर के दरबार फतेहपुर सिकरी आया।
1712- मुगल बादशाह बहादुर शाह प्रथम की लाहौर में मृत्यु हुई ।
1847- अमेरिका ने सकरामेंटो के युद्ध में मैक्सिको को पराजित किया ।
1922- मिस्र ने ब्रिटेन से दोबारा आजादी प्राप्त की।
1924- अमेरिका ने मध्य अमरीकी देश होंडुरस पर हस्तक्षेप शुरू किया ।
1928- सी वी रमन को फिजिक्स के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
1936- जवाहर लाल नेहरू की पत्नी कमला नेहरू का स्विजरलैंड में निधन हुआ।
1943- कोलकाता का हावडा पुल (रवीन्द्र सेतु) शुरू हुआ था।
1947- चीनी राष्ट्रीय पार्टी कोमिंटांग के खिलाफ ताइवान में प्रदर्शन किया गया।
1948- ब्रिटेन का आखिरी सैनिक दस्ता भारत से स्वदेश रवाना हुआ ।
1963- भारत के राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद का निधन हुआ था।
1975- अमेरिका के नेवादा परीक्षण स्थल से परमाणु परीक्षण किया गया था।
1991- अमेरिका तथा गठबंधन सेना ने इराक में युद्धविराम की घोषणा की थी।
1999 - कोलीन प्रेसकोट एवं एंडी एल्सन (ब्रिटेन) ने 233 घंटे 55 मिनट तक गुब्बारे की मदद से आकाश में रहने का विश्व रिकार्ड बनाया था।
2002- गुजरात में धार्मिक हिंसा के दौरान नरोडा पाटिया नरसंहार में 37 और गुलबर्ग सोसायटी नरसंहार में 69 लोगों की मौत हुई थी।
2005- पुर्तगाल के सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई बम विस्फोट के अभियुक्त अबू सलेम के प्रत्यपर्ण की इजाजत दी थी।
2007- प्रसिद्ध संगीतकार ओपी नैय्यर का निधन हुआ था।

मन की बात और पन्ना की तमन्ना

मुकुंद

साल 1973 में एक फिल्म आई थी- हीरा पन्ना। इस फिल्म में एक गीत है पन्ना की तमन्ना है कि हीरा मुझे मिल जाये...। यहां जिक्र मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड के पन्ना जिले का हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के संबोधन के 24 घंटे बाद पन्ना से बड़ी खबर निकल कर आई है कि यहां केन नदी के घड़ियाल अभयारण्य में अब सबसे आधुनिक घड़ियाल ब्रीडिंग सेंटर बनेगा। इसकी कवायद भी शुरू हो गई है। इस अभयारण्य को लुप्तप्राय घड़ियाल या भारतीय मगरमछ का घर कहा जाता है। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने 25 फरवरी (रविवार) को मन की बात में जीवन में तकनीक के महत्व की बात की। उन्होंने अपने संबोधन में डिजिटल गैजेट्स की सहायता से वन्य जीवों के साथ तालमेल बिठाने का जिक्र किया। कहा- तीन मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस मनाया जाएगा।
इस साल इसकी थीम में डिजिटल इनोवेशन को सर्वोपरि रखा गया है। देश में वन्यजीवों के संरक्षण में अब तकनीक का खूब उपयोग हो रहा है। उत्तराखंड के रुड़की में विकसित ड्रोन की मदद से केन नदी में घड़ियालों पर नजर रखने में मदद मिल रही है। इस ड्रोन को रोटर प्रिसेशन ग्रुप ने देहरादून स्थित भारतीय वन्य जीव संस्थान के साथ मिलकर तैयार किया है। केन नदी में घड़ियाल पुनर्स्थापना प्रोजेक्ट के प्रभारी रमेश कुमार मानते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की सहायता से तैयार ड्रोन के सर्वे में केन में 10 घड़ियालों की मौजूदगी सामने आई है। कटनी से लेकर उत्तर प्रदेश के बांदा तक पूरी नदी का ड्रोन सर्वे हो रहा है। यह ड्रोन पानी के भीतर की तस्वीरें लेने में सक्षम है। यह सात किलोमीटर दूर तक जाकर और पांच सेंटीमीटर तक की चीजों को मॉनिटर कर सकता है। 450 किलोमीटर लंबी केन नदी का सर्वे जल्द पूरा होने की उम्मीद है। जिस तरह पन्ना में टाइगर खत्म होने के बाद यहां दोबारा टाइगर बसाए गए, ठीक उसी तर्ज पर घड़ियालों की पुनर्स्थापना का प्रोजेक्ट शुरू होना है। इसकी पुनस्थार्पना ग्रेटर पन्ना लैंडस्कैप प्लान के तहत की जानी है। सनद रहे 1985 में विश्व प्रसिद्ध खजुराहो के पास केन नदी और कुड़ार नदी के संगम पर रानेफॉल क्षेत्र में घड़ियाल सेंचुरी स्थापित की गई थी। तत्कालीन सरकार की उदासीनता से यहां घड़ियालों को नहीं बचाया जा सका।
अब मौजूदा सरकार ने इस पर भगीरथ प्रयास शुरू किए हैं। प्रोजेक्ट प्रभारी रमेश ने कहा कि अब यहां सबसे आधुनिक घड़ियाल ब्रीडिंग सेंटर बनेगा।
केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दी है। इसके साथ ही पन्ना में भारत का पहला वाइल्ड लाइफ इंटीग्रेटेड लर्निंग एंड रिसर्च सेंटर भी बनेगा। दरअसल केन मध्य भारत की प्रमुख नदी है। यह दो रायों मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश बहती है।

क्या लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन भाजपा के लिये चुनौती बन पायेगा?

-ललित गर्ग

अंधेरों एवं निराशा के गर्त में जा चुके एवं लगभग बिखर चुके इंडिया गठबंधन के लिए कुछ अच्छी खबरों ने जहां उसमें नये उत्साह का संचार किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी के लिये चिन्ता के कारण उत्पन्न किये हैं। पहले उत्तर प्रदेश और फिर दिल्ली में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने टूट की कगार पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में वर्ष 2024 के आम चुनावों को लेकर संभावनाभरी तस्वीर को प्रस्तुत किया है। अब ये चुनाव दिलचस्प होने के साथ कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर वाले होंगे। इन नये बन रहे चुनावी समीकरणों के बावजूद भाजपा के लिये अभी कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है। भले ही इंडिया गठबंधन डींगे हांके कि वह भाजपा एवं उसके गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की स्थिति आ गयी है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का जब गठबंधन बना तभी यह आशंका की गयी कि यह कितनी दूर चल पायेगा, टिक पायेगा भी या नहीं? कुछ हालात तो ऐसे भी बने कि इसके तार-तार होने की संभावनाएं बलवती हुईं। भले ही अब कुछ सीटों पर दलों के बीच सहमति बनी हो लेकिन अभी कई महीने निकल जाने के बाद भी विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाना अनेक सन्देहों एवं अटकलों का कारण बना हुआ है।सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है। विचार फर्क भी होता है। मन-मुटाव भी होता है पर मर्यादापूर्वक। लेकिन अब इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बड़े रूप में देखने को मिल रहा है। राजनीति नफा-नुकसान का खेल बन रहा है, मूल्य बिखर रहे हैं। चारों ओर सत्ता की भूख बिखरी है। पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन को एक के बाद एक कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाले रखा। बातचीत शुरू भी हुई तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी राजनीतिक जिजीविषा महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़-चढ़कर काम करने वाले नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गए। यूपी में रालोद के जयंत चौधरी भी इंडिया गठबंधन का हाथ थामते-थामते एनडीए में शामिल हो गएइंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस ने अनेक झटके झेले। छोटे-बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा और एनडीए नेतृत्व की सक्रियता एवं राजनीतिक कौशल इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा। आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी जैसे दल अपनी साख बचाने एवं सत्ता के करीब बने रहने के लिये सीटों के बंटवारे पर सहमत हुए हैं, उसमें कांग्रेस का घुटने टेकना भी उसकी टूटती सांसों को बचाने की जद्दोजहद ही कहीं जायेगी। कांग्रेस एवं अन्य दलों के बीच

पहले उत्तर प्रदेश और फिर दिल्ली में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने टूट की कगार पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में वर्ष 2024 के आम चुनावों को लेकर संभावनाभरी तस्वीर को प्रस्तुत किया है। अब ये चुनाव दिलचस्प होने के साथ कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर वाले होंगे। इन नये बन रहे चुनावी समीकरणों के बावजूद भाजपा के लिये अभी कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है।

सहमति के स्वर उभरने से आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। लेकिन अहम सवाल तो यही है कि क्या गठबंधन की गाड़ी आगे और हिचकोले नहीं खाएगी? क्या यह दावा पूरी दृढ़ता से किया जा सकता है? अरविन्द ने कांग्रेस से सीटों पर सहमति बनाकर पलटूराम ही बने हैं। जी-भरकर एक-दूसरे को कोसने वाले जब हाथ मिलाएं तो आश्चर्य होना स्वाभाविक है। देखा जाये तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना मूल्यहीनता एवं सिद्धान्तहीनता की चरम पराकाष्ठा है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब की सत्ता से कांग्रेस को बाहर किया और अपनी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई। आम आदमी पार्टी के चमत्कारिक प्रदर्शन के चलते ही गुजरात में कांग्रेस ने अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने गोवा में भी कांग्रेस को काफी नुकसान पहुँचाया और हरियाणा में भी अपने संगठन का आधार बढ़ाया। ताजा कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी की सहमति से कांग्रेस को ही नुकसान होना है। केजरीवाल की बजाय ममता बनर्जी ने अलग छाप छोड़ी है। उसने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कह कर कांग्रेस के अधिक सीटों पर दावा करने के कारण स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा कर गठबंधन को धराशायी किया। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि त्रिपुरा, असम और गोवा में भी स्वतंत्र चुनाव लड़ने की बात कह रही हैं, जिससे कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में निराशा ही हाथ लगेगी। इंडिया गठबंधन के नये बन रहे सकारात्मक परिदृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक सेहत पर कोई असर न झलकना उनकी राजनीतिक परिपक्वता की परिचायक है। 2024 के चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए 400 सीटों का लक्ष्य तय करने के मोदी के लक्ष्य के सामने अभी भी कोई बड़ी चुनौती दिख नहीं रही है। इन बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भाजपा एवं मोदी अपनी सीटें कहां से बढ़ा सकेंगे, इसके लिये भाजपा दोतरफा रणनीति पर काम कर रही है। पहली है, दक्षिणी राज्यों में पैठ बनाना। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि भाजपा पहले ही उत्तर-पश्चिम के कई राज्यों में चरम पर पहुंच चुकी है। दूसरी रणनीति है पुराने सहयोगियों को एनडीए में वापस लाने और नए सहयोगियों को जोड़ने की, जिसमें वह अब तक काफी हद तक सफल भी रही है। जदयू एनडीए के साथ फिर से आ गई है, रालोद भी एनडीए में लौट आई है, पंजाब में अकाली दल को वापस लाने के प्रयास जारी हैं और तेदेपा के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। कुछ और पार्टियां एनडीए में शामिल हो सकती हैं। लेकिन एनडीए के विस्तार भर से भाजपा को 2024 में 370 सीटें नहीं मिलने वालीं। अभी उसे काफी जोड़-तोड़ करने होंगे। गौरतलब है कि अमित शाह ने तमिलनाडु की कमान संभाल ली है

दाल-रोटी के नेपथ्य में जाने के खतरे

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस की हालिया रिपोर्ट में रहन-सहन और खान-पान के प्रति देशवासियों में जबरदस्त बदलाव सामने आया है। जहां एक ओर 1999-00 से 2022-23 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्च में तेजी से कमी देखी जा रही है, वहीं खाने-पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है। मजे की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो, ऐसा नहीं हैं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं अपितु शहरी क्षेत्र से अधिक ही है। ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है। यह रुझान तेजी से बदलती प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है। मजे की बात यह है कि खाद्यान्न (सिरियल्स) के उपयोग में कमी आई हैं वहीं अखाद्य सामग्री की खरीद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।
दरअसल यह बदलाव बदलते परिदृश्य को भी स्पष्ट करता है। इस रिपोर्ट का विश्लेषण किया जाए तो खाने-पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानी की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की

डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है। इन्हें भी शामिल कर लिया जाए तो भी खान-पान पर होने वाला व्यय 1999-00 की तुलना में 2022-23 आते-आते बहुत कम हो गया है वहीं अखाद्य वस्तुओं पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च किया जा रहा है। लगता है जैसे अब लोगों की समान रूप से प्राथमिकताएं बदल गई हैं। बल्कि यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि अब रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के उपयोग में गांव किसी तरह से भी शहरों से पीछे नहीं रह रहे है। बल्कि रिपोर्ट से तो यही उभर कर आता है कि मॉल संस्कृति के बावजूद अब उत्पादकों को ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा बाजार मिलने लगा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत भी माना जा सकता है। सर्वे से स्पष्ट हो रहा है कि अब गांव, गांव नहीं रहे। वह शहरों से कहीं पीछे नहीं रहना चाहते। यही कारण है कि उत्पादकों द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्र को भी टारगेट बनाकर रणनीति तैयार की जाने लगी है।
देश में दो दशक में ही आए इस बदलाव को आंकड़ों की भाषा में समझें तो ग्रामीण क्षेत्र में 1999-00 में खाद्य सामग्री पर 59.40 प्रतिशत राशि व्यय की जा रही थी, वहीं 2022-23 आते-आते यह घटकर 46.38 प्रतिशत ही रह गई। खास बात यह कि इसमें तेजी से बदलाव खासतौर से पिछले एक दशक में देखा गया है। इसी तरह से शहरी क्षेत्र की बात की जाए तो 1999-00 में खाद्यान्न पर 48.06 प्रतिशत राशि खर्च की जाती थी जो 2022-23 में 39.17 प्रतिशत रह गई। सबसे खास बात यह कि सिरियल्स में जो कमी आई है भले ही उसके पीछे विशेषज्ञ एक कारण सरकार द्वारा खाद्य सामग्री का निःशुल्क व कम कीमत पर वितरण मान रहे हैं पर यह गले उतरने वाली बात इसलिए नहीं है कि खाद्य सुरक्षा के तहत एक सीमा तक ही निःशुल्क खाद्य सामग्री का वितरण हो रहा है। हां, कुछ हद तक खाने-पीने के बदलाव की बात कही जाती है पर यह भी सही नहीं मानी जा सकती क्योंकि डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के उपयोग में उतनी बढ़ोतरी नहीं दिख रही जितनी सिरियल्स के उपयोग में कमी आई है। लगता है जैसे सिरियल्स से लोगों का मोहभंग होता जा रहा है, पर इसे भविष्य के लिए शुभ संकेत भी नहीं माना जा सकता। 1999-00 में ग्रामीण क्षेत्र में सिरियल्स व सिरियल्स सबस्टिट्यूट पर 22.23 प्रतिशत राशि व्यय होती थी जो दो दशक में ही कम होते-होते इकाई की संख्या यानी कि 6.92 प्रतिशत पर आ गई है। यह तो गांवों की स्थिति है। शहरों में भी सिरियल्स व सिरियल्स सबस्टिट्यूट पर होने वाला व्यय 12.39 से कम होकर 4.51 प्रतिशत रह गया है। दूसरी और खाद्य सामग्री में ही ब्रेवरेज और प्रोसेस्ड फूड को लिया जाए तो इसका उपयोग शहरी क्षेत्र में 6.35 प्रतिशत से बढ़कर 10.64 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 4.19 प्रतिशत से बढ़कर 9.62 प्रतिशत हो गया है।

क्यों यूपी लोकसभा चुनाव में भरेगा भाजपा की झोली?

आर.के. सिन्हा

अब कुछ हफ्तों बाद ही देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी। पर उत्तर प्रदेश (यूपी) को छोड़कर देश के लगभग सभी राज्यों की लोकसभा सीटों के लिए कांटे की टक्कर होने की संभावना है । लेकिन, उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर नतीजे कुल मिलाकर लगभग तय हैं। यह बात उत्तर प्रदेश के शिखर सियासी नेताओं से लेकर आम इंसान तक को भलीभांति पता है। कभी जंगलराज, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार से जूझने वाला यूपी अब भारी-भरकम मोटा निवेश भी खींच रहा है। सात साल पहले तक तो यूपी की गिनती बीमारह्व राज्यों में होती थी> लोग मजाक में यूपी को उल्टा प्रदेश भी कहते थे । लेकिन, आज यूपी की पहचान देश के खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में भी होने लगी है। यूपी आज विकास की असीमित संभावनाओं के प्रदेश के रूप में स्थापित हो चुका है। यूपी देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में महाराष्ट्र के बाद दूसरे नंबर पर है।

देश में सर्वाधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की संख्या के मामले में भी आज यूपी अव्वल है। राज्य में डिजिटल लेनदेन में एक साल में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं राज्य में डी-मैट खातों की संख्या में भी सकारात्मक बढ़ोतरी हुई है। आज अगर यूपी में चौतरफा विकास हो रहा है तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। देश में यूपी की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल और कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई बहुत अवसर नहीं हैं।
योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी भाजपा का अभेद्य किला बनकर उभरा है । 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूबे की 80 में से 64 सीटें अकेले दम पर जीत ली थीं। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने अकेले दम पर उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सीटों में से 225 सीटें जीत कर सत्ता में धमाकेदार वापसी की। अपने सहयोगियों के साथ भाजपा की सीटों का आंकड़ा 272 तक पहुंच गया। इस जीत ने योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को एक प्रकार से प्रतिष्ठित कर दिया। बेशक अब लोकसभा चुनाव में भी यूपी भरेगा भाजपा की झोली।
योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में यूपी का नया फुल फॉर्म भी बताया। वे कहते हैं कि यूपी का मतलब है अनलिमिटेड पोटेंशियल। बीते दिनों ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024 के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी लखनऊ में थे। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर और हमारी नीतियों पर विश्वास जताया। उत्तर प्रदेश को अबतक लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्राप्त हो चुके हैं और आते ही चले जा रहे हैं । इन्हीं प्रयासों को धरातल पर उतारने का आज उत्सव है। नया उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनकर भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित उत्तर प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। पिछले सात वर्षों में यूपी में निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं।
यूपी पर नजर रखने वालों को पता है कि राज्य में निवेश तो आ ही रहा है। साथ ही सरकार की तरफ से यह भी कोशिश हो रही है ताकि कभी अपनी कपड़ा मिलों और मजदूरों के लिए मशहूर रहे कानपुर को फिर से उसका पुराना गौरव मिल जाए। कानपुर में आईटी सेक्टर के अलावा इलेक्ट्रानिक सामान और ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े उत्पादों का उत्पादन करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। कानपुर से देश के उत्तर, पूर्व तथा पश्चिम राज्यों के बाजारों में पहुंचने की सुविधा है। कानपुर में ऑटो और ऑ पार्ट्स की अनेक इकाइयां खड़ी हो सकती हैं। चूंकि राज्य सरकार अपने यहां आने वाले निवेशकों को टैक्स में भी छूट दे रही है, इसलिए कानपुर में निजी क्षेत्र के निवेश का होना तय है। गुस्ताखी माफ, कुछ साल पहले तक किसने सोचा था कि यूपी खेलों के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाने लगेगा। जरा याद करें चीन के हांगझोऊ शहर में हुए एशियाई खेलों को। भारत के पदकों का शतक पूरा कराने में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। एशियाई खेलों के महाकुंभ में पहली बार यूपी से कुल 36 एथलीटों ने अपनी चमक दिखाई।

चांद पर बप्पा का संदेश और ब्रह्मविहारी स्वामी की दूरदृष्टि

विक्रम उपाध्याय

स्वामी नारायण संस्था (बीएपीएस) के प्रबंधन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी जय पटेल हाल ही में यूएई से स्वदेश लौटे हैं। वहां से लौटने पर अहमदाबाद में जय पटेल ने यादगार पलों को हमारे साथ साझा किया। उन्होंने कहा, बप्पा के संदेश को चांद तक पहुंचने के पीछे की दूरदर्शी शक्ति पूरी तरह से पूय ब्रह्मविहारी स्वामी जी के गहन ज्ञान और अटूट भक्ति में निहित है। उल्लेखनीय है इस संस्था ने कुछ दिन पहले यूईए में भव्यतम हिंदू मंदिर का निर्माण कराया है। जय पटेल कहते हैं, स्वामी जी का तकनीकी पक्ष सबसे अहम है। उनका पूरा फोकस अंतरिक्ष अन्वेषण पर है। स्वामी जी की प्रतिक्रिया सूक्ष्म लेकिन गहन व्यावहारिक है। यूएई प्रवास के दौरान श्रद्धेय गुरु परम पूय प्रमुख स्वामी महाराज और परम पूय महंत स्वामी महाराज की पवित्र विरासत को ब्रह्माण्ड तक विस्तारित करने के बारे मे गहन चर्चा हुई।
इस अनौपचारिक चर्चा ने उस समय असाधारण मोड़ ले लिया जब स्वामीजी ने चांद की शांत छवि, बप्पा के दिव्य चेहरे और एक दिव्य मंदिर से सजे कैलेंडर की और इशारा किया। उन्होंने चांद की सतह पर एक संदेश उकेरने का साहसिक विचार प्रस्तावित किया। यह मानव इतिहास में एक अद्वितीय उपलब्धि है। अटकलों से दूर स्वामी जी ने अपने पूय गुरु को श्रृद्धांजलि देने और वैश्विक शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के महान उद्देश्य के लिए इस उच आकांक्षा को साकार करने के लिये दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह एक ऐतिहासिक क्षण होता है। यही क्षण

सीमाओं को पार करता है और दिलों को एकजुट करता है। संस्थापक काम गफरियन और सीईओ स्टीव अल्टेमस की लीडरशिप में इंटुएटिव मशीन्स ने अभूतपूर्व महत्व के एक मिशन की शुरुआत की हे। रिलेटिव डायनेमिक इंक के कुश पटेल के साथ सहयोग करते हुए टीम ने परम पूय प्रमुख स्वामी महाराज और परम पूय महंत स्वामी महाराज की शिक्षाओं और स्वामी ब्रह्मविहारी के मार्गदर्शन के साथ चांद की सतह पर शांति, एकता और सद्भाव का एक संदेश उकेरा है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने में कुश पटेल का समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है। चंद्रमा पर बप्पा के संदेश को उकेरने की यात्रा ग्लोबल यूनिटी और समझ को बढ़ावा देने की साझा दृष्टि के साथ हुई । निस्वार्थ सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण के लिए परम पूजनीय प्रमुख स्वामी महाराज दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं। उनकी शिक्षाएं, परम पूय ब्रह्मविहारी स्वामी की शिक्षाओं के साथ मानवता के लिये मार्गदर्शक रोशनी के रूप में काम करती हैं और साथ ही करुणा और सद्भाव के मार्ग को रोशन करती है।
गफरियन और स्टीव अल्टेमस, नासा की दूरदर्शी लीडरशिप में इंटुएटिव मशीन्स ने इन सम्मानित आध्यात्मिक लीडर्स की विरासत का सम्मान करने के लिए इस महत्वाकांक्षी प्रयास की शुरुआत की है। आईएम-1 मिशन कोलेबोरेशन (आपसी सहयोग) और इनोवेशन (नवाचार) की शक्ति का एक प्रमाण है जो इतिहास बनाने के लिये दुनिया भर से प्रतिभाओं को एक साथ लाता है। बकौल जय पटेल वो ब्रह्मविहारी स्वामी में तीन उल्लेखनीय व्यक्तियों का अवतार देखते हैं जिसमें परमपूय प्रमुख स्वामी महाराज परम स्वामी विवेकानंद और यहां तक कि टाम क्रूज की एक झलक भी। अपने आध्यात्मिक पूर्ववर्तियों की तरह ब्रह्मविहारी स्वामी जी में भी सपनों की हकीकत में बदलने की क्षमता है। बप्पा का शांति और सद्भाव, एक विश्व, एक परिवार का संदेश चांद पर चमक रहा है। आठ अरब आत्माओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है। इससे स्पष्ट है कि ब्रह्मविहारी स्वामी की दृष्टि की कोई सीमा नहीं है।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

दलित बालक के साथ पहले किया कुकर्म फिर उतारा मौत के घाट

●रैदास बिरादरी के युवक पर मृतक के परिवारीजनों का गहराया शक

●दोस्तों के साथ मांगलिक कार्यक्रम में गया था पड़ोसी के घर

●पीएम रिपोर्ट में बालक के साथ अप्राकृतिक दुराचार की हुई पुष्टि

मृतक बालक की फाइल फोटो

हरगाँव-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना इलाके में पड़ोसी के घर सोमवार को आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में दोस्तों संग गया पासी बिरादरी का 12 वर्षीय बालक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। मंगलवार की सुबह बालक का शव गन्ने के खेत में रक्त रंजित हालत में औंधे मुँह बरामद हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो हत्यारों ने बालक के नाजुक अंगों को बुरी तरह से कुचल कर लहूलुहान कर दिया था। उसके मुँह से भी रक्त निकल रहा था। ग्रामीणों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पीएम कराया। पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया गया, फिर उसके नाजुक अंगों को कुचल कर निर्ममता पूर्वक मौत के घाट उतार दिया गया। मृतक बालक के परिवारीजनों ने पड़ोस के रैदास बिरादरी के युवक पर दुराचार व हत्या करने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि गांव के ही सौरभ पुत्र राजकुमार को गांव के बच्चों ने बालक को गेहूं के खेत से घसीटते हुए देखा था। पुलिस मामले की बारीकी से तहकीकात कर रही है।

बताते चले कि हरगांव थाना इलाके के एक गांव में बीती रात रैदास परिवार के यहां मांगलिक कार्यक्रम चल रहा था, गांव के लोग कार्यक्रम में पहुंचे थे। पड़ोस का 12 वर्षीय बालक भी अपने दोस्तों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने गया था। देर रात सभी अपने घर लौट आये लेकिन बालक घर नहीं पहुंचा। परिवारीजनों ने बालक की तलाश शुरू कर दी। बालक के पिता अपने बेटे की गुमशुदगी की सूचना देने थाने जा रहे थे। रास्ते में गांव के एक व्यक्ति से उनके पुत्र की लाश मिलने की जानकारी मिली। वह बदहवास हालत में गन्ने के खेत की तरफ दौड़े। गन्ने के खेत पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उनके बेटे का रक्त रंजित शव औंधे मुँह पड़ा है। हत्यारों ने उसके बेटे के नाजुक अंगों को बुरी तरह से कुचल कर लहूलुहान कर दिया है। मुँह से भी खून बहता देखा। उन्होंने अप्राकृतिक दुष्कर्म के बाद बालक की हत्या किये जाने की आशंका जताई। यह भी आरोप लगाया कि पड़ोस के रैदास बिरादरी के युवक सौरभ ने उसके पुत्र के साथ दुष्कर्म किया और हैवानियत करने के बाद उसकी हत्या कर दी। उनका यह भी कहना है कि गांव के बच्चों ने उनके बेटे को सौरभ द्वारा गेहूं के खेत से घसीटते हुए देखा है। घटना के बाद से सौरभ परिवार सहित मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने बालक के शव का पोस्टमार्टम कराया। पीएम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मामले की तहकीकात कर दी है। बालक के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

गैस सिलेंडर की पाइप लाइन फटने से लगी आग, दंपति झुलसा

●खाना बनाते समय हुआ हादसा, डेढ़ लाख की संपत्ति खाक

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थानगांव थाना इलाके में एक घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर की पाइप फटने से अचानक आग लग गई। आग की लपटों से गांव में हाहाकार मच गया। अग्निकांड में दंपति झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। अग्निकांड में 50 हजार की नगदी, साइकिल, पंपिंग सेट सहित करीब डेढ़ लाख की संपत्ति जल कर नष्ट हो गई। अग्निकांड की सूचना पाकर अग्निशमन दस्ता मय वाहन मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से खासी मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया। बताते चले कि थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सुजातपुर के गनेशपुर गांव में सुरेश पुत्र परमेश्वर की पत्नी सावित्री देवी अपने घर पर खाना बना रही थी। अचानक गैस सिलेंडर की पाइप लाइन फटने से आग लग गई। आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी आगोश में ले लिया। अग्निकांड में गृहस्वामिनी सावित्री देवी झुलस गई। उसकी चीख पुकार सुन कर जब उसका पति सुरेश बचाने पहुंचा तो वह भी आग की लपटों में झुलस कर घायल हो गया। दंपति को गंभीर हालत में एंबुलेंस की मदद से सीएचसी रेउसा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने पति पत्नी की हालत नाजुक देख उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। अग्निकांड में डेढ़ लाख की संपत्ति खाक हो गई है। अग्निशमन दस्ते ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। इस दौरान थानगांव के प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर भी अपने हमराही पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और आग बुझाने में ग्रामीणों का सहयोग किया।

संक्षिप्त आवाज़

पारिवारिक कलह के चलते युवक ने लगाई फांसी

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। शहर कोतवाली इलाके में पारिवारिक कलह के चलते युवक ने घर के भीतर फांसी लगा ली। आनन फानन में परिजन उसे गंभीर हालत में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि विवाह के बाद से युवक व पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। मामला थाने भी पहुंचा था। मृतक युवक के पिता जिलाधिकारी न्यायालय में तैनात है। बताते चले कि शहर कोतवाली इलाके के गोड़ियन टोला निवासी संदीप श्रीवास्तव के पुत्र अंकुल श्रीवास्तव उम्र 28 वर्ष ने मंगलवार की सुबह घर के भीतर कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों की नजर पड़ी तो उनके होश उड़ गये। आनन फानन में अंकुल को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि विवाह के बाद से अंकुल का उसकी पत्नी अंजली उर्फ रूपाली से मनमुटाव चल रहा था, प्रकरण थाने भी पहुंचा था। अंजली के घर वाले उसे किसी न किसी संगीन मुकदमे में फसाने की धमकी देकर प्रताड़ित कर रहे थे। जिसके चलते उसने फांसी लगा ली है। अंकुल की माँ निर्मला ने अंजली व उसके मायके पक्ष के लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शहर कोतवाली में शिकायत की है।

खेत का फैसला कराने गये वृद्ध और पुत्र-पुत्री को पीटा

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम समोलिया में खेत का फैसला कराने गए वृद्ध की उसके विरोधियों ने लाठी डंडो और लात घूसों से पिटाई कर दी। वृद्ध को बचाने पहुंचे उसके पुत्र व पुत्री को भी हमलावरों ने हमला कर जख्मी कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के समोलिया निवासी जितेंद्र कुमार उम्र 58 वर्ष पुत्र नीलकंठ गांव के लोगों को लेकर अपने खेत का फैसला करने गया था, जहां पहले से मौजूद उसके विरोधी घनश्याम, अनुराग, आशुतोष व घनश्याम की पत्नी ने उस पर अपशब्दों की बौछार करते हुए लाठी डंडो व लात घूसों से पिटाई शुरू कर दी। जितेंद्र के शोर मचाने पर उसका पुत्र गौरांश व पुत्री अलकंती बीच बराव करने आई। जिनको भी दबंगों ने पीट कर लहूलुहान कर दिया। मौके पर ग्रामीणों के आने पर आरोपी हमलावर फरार हो गये। पीड़ित ने कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

डीएम ने ईवीएम व वीवी पैट भंडारण कक्ष का किया निरीक्षण

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और वीवी पैट मशीन भंडारण कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि ईवीएम एवं वीवी पैट भण्डारण हेतु आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निरन्तर साफ-सफाई एवं इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष के बाहर सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे का लगाये जाने हेतु भी संबंधित को निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर पंकज सक्सेना, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा एवं निर्वाचन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

गौ आधारित प्राकृतिक खेती की दी जानकारी

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। किसान उत्पादक संगठन ने बिसवां ब्लॉक के बंभौर गांव में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें किसानों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती किये जाने के प्रति जागरूक किया। लोक भारती संस्था के वेद रत्न ने बताया कि रासायनिक खेती में रसायनों और कीटनाशकों के इस्तेमाल से जमीन की उर्वरक शक्ति क्षीण होने लगती है। भूजल स्तर नीचे गिर जाता है। फसल चक्र बदल जाता है और इस प्रकार से भी घटने लगती है। जिससे रोजगार खत्म हो जाता है। ऐसी फसलें स्वास्थ्यवर्धक नहीं होती, इनसे हमारे शरीर की ताकत भी कम हो जाती तमाम तरह की बीमारियां उत्पन्न होती हैं। इन सबका निदान गौ आधारित प्राक्रतिक पद्धति से खेती करना है। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान अशोक गुप्ता औषधीय फसलों की खेती करते हैं उन्होंने भी किसानों को बताया कि किस तरह से कम लागत में उनकी आमदनी खेती से बढ़ी है। क्षेत्रीय किसानो ने उनकी खेती की सराहना भी की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनुज सिंह, सबल सिंह, पंकज दीक्षित, विनोद कुमार, पुनीत मेहरोत्रा आदि किसान उपस्थित रहें।

मूकबधिर बच्चों की शिक्षा को लेकर प्रतिभागियों का प्रशिक्षण शुरू

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर चल रहे पांच दिवसीय समेकित शिक्षा प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार को प्रतिभागियों को मूक-बधिर बच्चों की शिक्षा के अंतर्गत सांकेतिक भाषा की विशेषताओं एवं उसकी तकनीकी बारिकियों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने कहा कि, समेकित शिक्षा का यह प्रशिक्षण बहुत ही उपयोगी और महत्वपूर्ण है, विशेषज्ञों द्वारा जो भी जानकारियां दी जा रहीं हैं, उसे गम्भीरता पूर्वक समझ लें तथा विद्यालय में कक्षा शिक्षण करते समय व्यवहार में लाकर दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि, वर्तमान समय में आई सी टी तथा विधालय में मौजूद संसाधनो को प्रयोग में ला कर नवीन टेक्नोलॉजी की मदद से भी कक्षा शिक्षण को बेहतर और प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रशिक्षक राजीव कुमार एवं इन्दु देवी ने सांकेतिक भाषा में उंगलियों तथा शरीर के अंगों के स्पर्श के माध्यम से, सांकेतिक भाषा की वर्णमाला,अंक ज्ञान,फल, सब्जी,रंगों के नाम और परिवारिक रिश्तों के बारे में जानकारी दी तथा अभ्यास भी कराया।इस मौके पर शिक्षक आरिफ खां, रामचन्द्र वर्मा, अनवर अली, अर्पित त्रिवेदी,अमिता वर्मा, रेखा देवी तथा अल्पना वर्मा आदि ने भी अपनी प्रस्तुति दी। प्रशिक्षण में कम्प्यूटर आपरेटर सौरभ शुक्ला लेखाकार सुनील तिवारी ने तकनीकी सपोर्ट प्रदान किया।

बच्चों को शिक्षित व जागरूक बनायेः कौशल किशोर

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके के अनिरुद्धपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने कमोलिया में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। छात्र अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत कमोलिया स्थित अम्बेडकर पार्क स्थल पर ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम संयोजक कौशल किशोर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव के सभी लोग अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाये। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय आने के लिए निरंतर प्रेरित करे। प्रधानाध्यापक अंशुमन श्रीनेत ने कहा कि अभिभावक शासकीय योजनाओं का फायदा उठाते हुए अपने बच्चों को शिक्षित व जागरूक करे। बच्चे पढ़ेंगे तो उनकी आने वाली पीढ़ी भी शिक्षित होगी। आज के युग में सभी लोगों का शिक्षित होना जरूरी है। इस दौरान परमानंद यादव, सहायक अध्यापिका रीता यादव, अनूप त्रिपाठी ग्रामीण कमेटी अध्यक्ष राम प्रसाद, लासादीन, मुनेश्वर, देशराज आदि मौजूद रहे।

प्रधान व कर्मियों के लिए दुधारू गाय बनी मनरेगा योजना

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ब्लॉक के ग्राम ड्योढ़ीडीह में मनरेगा योजना प्रधान से लेकर कर्मियों के लिए दुधारू गाय साबित हो रही है। यहाँ ऑनलाइन हाजरी और हकीकत में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हो रहा है। बावजूद इसके हकीकत जानने को लेकर कोई भी ज़िम्मेदार फिक्रमंद नज़र नही आ रहा है। ऐसा तब हो रहा है जब जिले के आला अधिकारी भ्रष्टाचार पर जीरो टारलेस की रणनीति अपनाये हुए है। एक जानकारी के तहत गांव में हो रहे मनरेगा कार्य में बीते 23 फरवरी को ऑनलाइन हाजिरी में 73 श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज कराई गई। जबकि अनुपम के खेत से प्रमोद के खेतों तक 47 लेवरों की हाजिरी लगी पर मौके पर एक भी मजदूर नहीं था। इसी प्रकार जुबेर के घर से नबी अहमद के घर तक 26 मजदूरों के सापेक्ष सात मजदूर ही काम करते मिले। यह सब कारनामा महिला मेट द्वारा किया जा रहा है। रोजगार सेवक मोतीलाल और पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार भी अपनी जिम्मेदारी व जवाबदेही से बच रहे हैं। रोजगार सेवक का कहना है कि उन्होंने श्रमिकों की हाजिरी नहीं लगाई।

एक शाम अटल जी के नाम पर 2 मार्च को तंबौर में होगा मुशायरा

तम्बौर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। रिजवान लाइब्रेरी सोसाइटी की ओर से एक शाम पूर्व पीएम अटल जी के नाम पर कौमी एकता मुशायरा का आयोजन 2 मार्च को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक उच्च शिक्षा आयोग के पूर्व अध्यक्ष सैयद जफर अली नकवी होंगे। जबकि अध्यक्षता सैयद हैदर अली जाफरी करेंगे। इस मौके पर अयाज अहमद अयूबी, मस्त हफीज रहमानी, केजी त्रिवेदी, प्रो. अब्दुल हलीम प्राचार्य इरम यूनानी मेडिकल कॉलेज लखनऊ, डॉक्टर फजल इमाम मदनी आकाशवाणी मौजूद रहेंगे। मुशायरे में वासिफ फारूकी, मिर्ज़ा शारिक, इरफ़न लखनवी, रिज़वान फारूकी, शकील गायवी, सलीम ताबिश, अकील फारूकी, कादिर लखीमपुरी, डाक्टर अखलाक अहमद, अज़ीज़ खेराबादी, प्रो. अजमल बिस्वानी महाराजगंज, शाहिद कमाल,विवेक मिश्रा राज़, आलोक सीतापुरी, नदीम सीतापुरी, शाहिद पार्वी,मंज़र यासीन, यासीन इब्ने उमर, सबा बाराबंकवी, इलियास चिश्ती,सलीम नदवी, कफील बिस्वानी, शमीम रामपुरी सहित अन्य लोग अपने कलाम पेश करेंगे।

महिला प्रधान ने डीएम से अवैध कब्जा हटाने की लगाई गुहार

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तहसील क्षेत्र के ग्राम अटरिया की ग्राम प्रधान पूनम सिंह ने ग्राम समाज की नवीन परती श्रेणी की भूमि पर दबंगों के अवैध कब्जे को हटवाने के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। जिलाधिकारी को भेजे गये पत्र में ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्राम अटरिया में गाटा संख्या-583 रकबा 0.177 हे0 नवीन परती श्रेणी की भूमि है। उक्त भूमि के एक बड़े भाग पर ग्राम देवरिया निवासी कमल सिंह ने कब्जा कर रखा है। तहसीलदार, सिधौली ने 8 फरवरी को उ.प्र.रा. संहिता की धारा-67 के तहत बेदखली का आदेश भी दे दिया है, परन्तु विपक्षी भूमि खाली नहीं कर रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से भूमि खाली करवाने का अनुरोध किया है।

स्टाल लगा कर शासकीय योजनाओं की दी जानकारी

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम नगर पालिका परिषद कार्यालय एवं श्री रामलीला मैदान स्थित पक्का तालाब पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, पात्र गृहस्थी योजना, हेल्थ चेकअप कैंप, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि के स्टाल लगाकर भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई एवं लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। एलईडी वैन के माध्यम से सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी अनरूद्ध पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीत यादव, रामे बाजपेयी, मनमोहन गुप्ता, राजू तिवारी, पालिका सदस्यों के साथ साथ पालिका कर्मचारी एवम् भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। यूनिकोड सामाजिक संगठन पेस लखनऊ एवं अजीम प्रेम जी फाउंडेशन बैंगलोर के संयुक्त तत्वावधान में पहला विकास की 38 ग्राम पंचायतों में चयनित पंचायत प्रतिनिधियों का नयी पंचायत व्यवस्था व 73 वां संविधान संशोधन पर एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छह फरवरी के शुरू हुये प्रशिक्षण कार्यक्रम का 10 बैच में सोमवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में करीब चार सौ ग्राम सभा स्तरीय जन प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षक की भूमिका में बीना पांडेय, हरिओम वाजपेयी, शैलजा कांत, सचिन, अंकित, हरीश, राजाराम का विशेष सहयोग रहा।

विकास का खाका खींचने के लिये प्रयत्नशील दिख रही महिला प्रधान व सचिव

●आवाम को आश्वासनों की घुट्टी नहीं योजनाओं के क्रियान्वयन से मिली सहूलियत

●कामकाज के साथ लोगों को जागरुक कर लाभान्वित करना हमारी प्राथमिकताः शांती

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत में विकास के उम्मीदों की झलक दिख रही है। शासन प्रशासन की मंशा को लेकर बरेठी ग्राम पंचायत के जिम्मेदार सजग है। पंचायत में विकास को गति देने के लिए प्रधान शांती व सचिव वंदना भारती प्रयत्नशील दिखाई दे रही है। करवाये गए कार्यो पर गौर करें तो लोगों को आश्वासनों की घुट्टी नहीं बल्कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से सहूलियत मिली है। अन्य पंचायतों की भांति सरकार की कायाकल्प योजना के तहत यहां प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय की काया बदलने पर काम किया गया। चकमार्ग चाक चौबंद होने से दशकों से मुसीबतों का सामना कर रहे अनेकों किसानों को इसका लाभ मिला है। जल संरक्षण के प्रति सरकार की मंशा जमीन पर उतरी। दर्जनों लाभार्थी ऐसे है जो शौचालय लाभ पाकर पीएम के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने का काम करेंगे। ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओं की ओर भी कदम बढ़ाये गए। कभी आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों की परेशानी का सबब बनी गलियों में इंटरलॉकिंग के साथ जल निकासी के लिए नाली निर्माण करवाया गया। सैकड़ो बेरोजगारों के लिए वरदान बनी केंद्र की मनरेगा योजना ही नहीं बरेठी में पंचायत भवन, शौचालय भी पहले से तैयार हो चुका है। ग्राम प्रधान शांती देवी कहती है कि ग्रामीणों के हित में सरकारी कामकाज के साथ लोगों को जागरुक कर उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना उनकी प्राथमिकता है। सचिव वंदना भारती ने कहा वह प्रधान के साथ मिलकर शासन प्रशासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्य कर रही है।

पहले पिलाई नशीली चाय फिर लूट लिया ट्रैक्टर

●सदरपुर इलाके में दो दिन पूर्व हुई वारदात

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सदरपुर इलाके में शातिर लुटेरों ने चालक को नशीली चाय पिला कर ट्रैक्टर लूट लिया। यह शातिर रेउसा इलाके से ट्रैक्टर बुक करा कर सदरपुर के चिरैया गांव जा रहे थे। इसी दौरान रास्तें में एक ढाबे पर चाय पिलाने के बहाने वारदात को अंजाम दे डाला। ट्रैक्टर चालक किसी तरह आधी रात बिसवां कस्बे पहुंचा और फोन कर परिजनों को वारदात की जानकारी दी। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को भी घटना से अवगत कराया है। रेउसा इलाके के कटेसा गांव निवासी रामकुमार ने बताया कि रविवार को दो युवक उनके पास आये और खुद को चिरैया गांव का निवासी बता कर ट्रैक्टर बुक कराया। रामकुमार के मुताबिक उसका भाई रोहित ट्रैक्टर लेकर उनके साथ बताये हुए पते पर जा रहा था। इसी दौरान सदरपुर इलाके के धानी सराय स्थित ढाबे पर रोहित को चाय पिलाई और वह अर्द्ध मूर्छित हो गया। रामकुमार के मुताबिक जिसके बाद वह दोनों युवक ट्रैक्टर लेकर गायब हो गये। रोहित किसी तरह रात के अंधेरे में पैदल चल कर बिसवां पहुंचा और उसने किसी राहगीर से फोन लेकर परिजनों को घटना से अवगत कराया। रामकुमार ने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी है। सूत्रों की माने तो तीन दिन पूर्व सीतापुर-बहराइच बार्डर पर हरदी थाना इलाके में भी इस प्रकार की वारदात हो चुकी है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। घर से सामान लेने निकले युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। महमूदाबाद के मदारीपुर के निर्भय कुमार उम्र 24 वर्ष पुत्र रमेश घर से महमूदाबाद आ रहा था। सिधौली मार्ग पर मोल्हेपुर चौराहे के निकट अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे निर्भय गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद वाहन मौके से फरार हो गया। सूचना पर इंस्पेक्टर क्राइम सुरेश यादव मय फोर्स मौके पर पहुंचे। घायल को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद लाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि मृतक के परिजन की तहरीर पर केस दर्जकर दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।

24 घण्टे में मृतक आश्रित को उपलब्ध कराया 10 लाख का चेक

●बीमा के एक माह बाद ही दुर्घटना में धारक की हो गई थी मौत

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इंडियन बैंक और आदित्य बिड़ला सनलाइफ इंश्योरेंस ने मिलकर एक बीमा धारक की मौत होने के 24 घंटे के भीतर उसके नामिनी को रिस्क कवर की धनराशि उपलब्ध करा दी है। मालूम हो ईडीडी शाखा इंडियन बैंक के ग्राहक प्रिंस गुप्ता ने बीमा कराया था। बीमा होने के एक महीने बाद ही प्रिंस गुप्ता की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। आदित्य बिड़ला ने प्रिंस की नॉमिनी माँ सीमा गुप्ता को 10 लाख का क्लेम 24 घंटे में ही सेटल कर दिया। इस अवसर पर इंडियन बैंक के जोनल हेड, एजीएम अभिलक्षित कौशल और आदित्य बिड़ला सनलाइफ इंश्योरेंस के जोनल हेड जयवर्धन प्रभाकर ने नॉमिनी सीमा गुप्ता को 10 लाख का चेक बतौर बीमित राशि प्रदान किया। इस मौके पर बिड़ला सनलाइफ इंश्योरेंस के क्लस्टर मैनेजर सीतापुर जोन रोहित सिंह, अरिंदम दास, अर्पित श्रीवास्तव, नवल किशोर, सुमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

एशिया भ्रमण पर निकला पुर्तगाली युवक टेरो पहुंचा महमूदाबाद

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। साइकिल से पूरे एशिया का भ्रमण पर निकले एक पुर्तगाली युवक ने मंगलवार को महमूदाबाद स्थित कई ऐतिहासिक स्थानों का भ्रमण करते हुए उनके इतिहास के बारें में जानकारियां हासिल की। महमूदाबाद स्थित ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करते वक्त उनका स्वागत अतिथि के तौर पर किले में मौजूद लोगों ने किया। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व पुर्तगाल देश से टेरो साइकिल से पूरे एशिया का भ्रमण करने निकला है। टेरो कई देशों से होते हुए भारत पहुंचा। भारत में भी कई प्रदेशों का भ्रमण करते हुए राजधानी लखनऊ से मंगलवार की दोपहर साइकिल से ऐतिहासिक राजा किला महमूदाबाद पहुंचा। जहाँ मौजूद किले के सचिव अनवार हुसैन ने पुर्तगाली युवक का स्वागत किया और किले का पूरा भ्रमण कराया। इसके बाद अमीरगंज स्थित कर्बला का भी दीदार किया और इसके इतिहास के बारें में जानकारी की।

बदइंतजामी की शिकार हुई हर घर जल योजना

●एल एण्ड टी कम्पनी ने गार्डो को नहीं दी दिहाड़ी, ड्यूटी से दूर हुये गार्ड

●कहीं सींचे जा रहे खेत, तो कहीं अधूरा पड़ा काम

●17 फरवरी से नहीं निकल रहा नलो से पानी

इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भारत सरकार की जल जीवन मिशन (हर घर जल) योजना बदइंतजामी का शिकार हो चुकी है। कागजों पर तो एक वर्ष पूर्व से हर घर नल लगाकर जल प्रवाह हो रहा है परन्तु धरातल पर बदइंतज़ामी के चलते प्रगति शून्य के बराबर है। कछुआ चाल (धीमी) गति से हो रहे ऐलिया ब्लॉक की अधिकतर ग्राम पंचायते लाभान्वित होने से कोसों दूर हैं। जिन ग्राम पंचायतों में आधे अधूरे कार्य कराकर नलो में पानी निकलना शुरू भी हुआ था। वह नल 17 फरवरी से बन्द पड़े हैं। जिसका कारण सुरक्षा एवं संचालन हेतु कम्पनी द्वारा कम मानदेय पर लगाये गये गार्डो को कई कई माह की उनकी दिहाड़ी न देना बताया जा रहा है। अवगत हो कि ऐलिया ब्लाक की ग्राम पंचायत पसनैका, कुसुमा, कैनपुर, सरौरा, शेरपुर आदि में विगत वर्ष से आधे अधूरे कार्य के उपरांत पानी टंकी क्रियाशील करा दी गयीं थी। कार्यदायी संस्था एल एण्ड टी के गैर जिम्मेदारों की ऐसी कृपा हुई कि पाइप लीकेज के चलते ग्रामीण उपभोक्ता पीने योग्य पानी नहीं पा सके। हालात यह हैं कि कम्पनी द्वारा गाँव के तोड़े गये रास्ते आम ग्रामीणों के लिये मुसीबत का सबब बने हुये हैं। कम्पनी ने मरम्मत के नाम पर लीपापोती कर चलती बनी। घटिया टोंटी ज्यादातर जवाब दे गयीं। उपभोक्ता पास से धन खर्च कर नल टोंटी लगवा रहे हैं। पसनैका गाँव के अन्दर वाहन निकलना दूभर है। टंकी चालू होने पर लीकेज से जलभराव समस्या बन जाती है। इसके मजरा सरायजीत, गंगापुर व बेहड़ा माफी के उपभोक्ता बूंद बूंद पानी को तरसते हैं। गाँव के देवी मंदिर तक सप्लाई नहीं पहुंचाई। कैनपुर की आधी आबादी तक पाइप आज तक नहीं बिछ पायी। शेरपुर गाँव में पाइप लाइन नहीं बिछ सकी है। ऐसी तमाम खामियों के बावजूद कम्पनी के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि अगले माह मार्च में आदर्श आचार संहिता लागू होने में कोई संदेह नहीं है। ऐसे में चुनाव प्रचार के दौरान यह अहम मुद्दा विपक्ष के हांथ लग सकता है।

मामले को लेकर एल एण्ड टी के एरिया मैनेजर बीएन शुक्ला से बात की तो उन्होने बताया कि मैं इस वक्त अवकाश पर हूँ। ऐलिया का चार्ज सद्दाम के पास है। वही बता सकते हैं। अवर अभियन्ता जल निगम अजय कुमार ने बताया कि कम्पनी ने संचालन हेतु जिन गार्डो को रखा था। गार्ड कम्पनी ठेकेदार द्वारा कई माह का पैसा न देने का आरोप लगा रहे हैं। एल एण्ड टी कम्पनी ने पूरा भुगतान कर दिया हैं। इसी के चलते गार्ड काम छोड़कर घर बैठ गये हैं। मेरे पास कुसुमा से फोन आया था। मैने सद्दाम से मामले का हल करने व टंकी चालू कराकर उपभोक्ताओं को जल सप्लाई हेतु कहा भी है। उनकी कम्पनी में क्या चल रहा है। बड़ी कम्पनी है उस पर मैं टिप्पणी नहीं कर सकता हूँ। मैं पुनः व्यवस्था सुधार हेतु सद्दाम से कहूँगा, आगे उनकी मर्जी है।

काव्य गोष्ठी में बही देशभक्ति की सरिता

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नगर के ठठेरी बाजार स्थित विवेक कोचिंग सेंटर के परिसर में शनिवार की रात निराला साहित्य परिषद की ओर से आयोजित सुरुचिपूर्ण काव्य गोष्ठी में कवियों ने जहां एक ओर अपनी प्रखर राष्ट्रभक्ति पूर्ण रचनाओं से देशभक्ति की सरिता बहाई वहीं हास्य, व्यंग रचनाओं से श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। राष्ट्रवादी कवि निराला की स्मृति में को आयोजित कवि गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्यअतिथि ने दीप प्रज्ज्वलन तथा मां सरस्वती, निराला जी के चित्रों पर माल्यार्पण करके किया। निराला साहित्य परिषद् के अध्यक्ष अवधेश गुप्त 'नमन', ख्यातिलब्ध रचनाकार दिनेश सोनी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ मां शारदा, महाप्राण निराला के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ कवि गोष्ठी का शुभारंभ किया

संक्षिप्त समाचार

कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के अर्थनियंत्रक ने किया औचक निरीक्षण

इटावा। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अर्थनित्रंक दिनेश कुमार एवं अधिष्ठाता, कृषि संकाय डा0 सी0एल0 मौर्या ने इटावा स्थित कृषि इंजीनियरिंग कालेज का बारीकी से निरीक्षण करते हुये महाविद्यालय की व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुये अधिष्ठाता डा0 एन0के0 शर्मा के द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की साथ ही महाविद्यालय के विकास हेतु कई अहम सुझाव भी दिये। इस अवसर पर अधिष्ठाता डा0 शर्मा ने महाविद्यालय के छात्रावासों एवं परिसर में मरम्मत हेतु धन न होने से अवगत कराते हुये शासन स्तर से स्वीकृत आकस्मिक मद में आवंटित धनराशि को बढ़ाने का अनुरोध किया जिस पर अर्थनियंत्रक महोदय ने अधिष्ठाता को आश्वस्त किया कि वे शासन स्तर पर अपने स्तर से इसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। इटावा परिसर स्थित तीनों महाविद्यालयों के विशाल परिसर को देखकर अर्थ नियंत्रक ने प्रसन्ता व्यक्त करते हुये इनके निरन्तर प्रगति हेतु अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन देते हुये यहाँ पढ़ाये जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर डा0 सी0एल0 मौर्या ने भी परिसर की साफ-सफाई एवम अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुये महाविद्यालय की छात्राओं से बातचीत कर अधिष्ठाता के प्रयासों की सराहना की।

लाभार्थी संपर्क अभियान के चलते लाभार्थी कर रहे भाजपा की जय जय कार : विवेक गुप्ता

इटावा। केंद्र सरकार एवम राज्य सरकार की चल रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थियों से भारतीय जनता पार्टी के नेता निरंतर सम्पर्क स्थापित करने में लगे हैं।लाभार्थी सम्पर्क अभियान की लोकसभा प्रभारी सुप्रिया मिश्रा ने लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत बताया कि इस लाभार्थी सम्पर्क अभियान में सभी जनप्रतिनिधियों जिला कार्यकारिणी के नेता मण्डल पदाधिकारियों को लाभार्थियों से संपर्क करने के लिए लगाया गया है।मण्डल अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत जिन लाभार्थियों से भाजपा के कार्यकर्ता मिल रहे है लाभार्थी ना सिर्फ भाजपा की जय जय कार कर रहे है बल्कि दुबारा भाजपा की सरकार बनाने के लिए संकल्प बद्ध हुए हैं।अभियान के मण्डल संयोजक अखिलेश कौशिक ने बताया कि लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत सुंदरपुर वार्ड से लोकसभा अभियान की प्रभारी एवम मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत की गई है। लाभार्थी संपर्क अभियान में सुंदरपुर संपर्क लाभार्थी प्रमुख गजेंद्र मिश्रा जितेंद्र जैन निशा गुप्ता ज्योति वर्मा शिव किशोर धनगर नाथू राम गोयल खुन खुन मिश्रा निशा पोरबाल संतोष पाण्डेय शिवाकांत दुबे अक्षय बाजपेई प्रियांशु पाठक प्रमेंद्र तोमर सभासद अनुराधा कैथवार अंशु दुबे नितिन त्रिवेदी अंकित गुप्ता अंकुल चौहान एवम मण्डल कार्यकारिणी मौजूद रही।

मोहम्मद उवैस बने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा नगर सचिव

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन रोड स्थित मोहम्मद उवैस के प्रतिष्ठान पर व्यापारी जोड़ो अभियान चलाया गया जिसमें युवा व्यापारी इस्तखार चौधरी, मोहम्मद असलम खान,सुधीर कुमार पप्पू आतिफ सहित आधा दर्जन व्यापारियों ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सभी सदस्यों को व्यापार मंडल का प्रमाण पत्र फूलमाला पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा,जिला प्रवक्ता इकरार अहमद ने सदस्यता रसीद प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अब्दुल मन्नान राईन,जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी,जिला मंत्री अल्ताफ करीमी,युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा, अमन राईन, अज़हर अली, मोनू, आदिल, इरफान कुरैशी, अभिषेक ठाकुर, अज़हर कुरेशी, रियाज़, सलीम, कैफ, साजिद, समीर, पप्पू, असलम सहित अन्य युवा व्यापारी शामिल रहे।

जेल वाले सैयद बाबा का उर्स गुस्ल व चादर पोशी के साथ शुरू

इटावा। स्व. बशीर अहमद नियाजी मेवाती टोला द्वारा स्थापित हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा का दो दिवसीय सालाना 52 वां उर्स मुबारक पूरी शानो शौकत और उत्साह के साथ शुरु हुआ। उर्स का शुभारंभ हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा के गुस्ल के साथ हुआ। दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर की देखरेख में सालाना उर्स मुबारक सैयद एजाज हुसैन, हाफिज मोहम्म्द अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती के संचालन में शुरू हुआ। उर्स के प्रथम दिन जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर गुस्ल हुआ। इसके बाद स्व. बशीर अहमद नियाजी के मकान मेवाती टोला से मोनू बशीर, पप्पू बशीर, सोनू बशीर, जिम्मी बशीर की देखरेख में चादर उठी को रेलवे रोड होती हुई जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर पेश की गईं। रात में जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर महफिले समां का आयोजन किया गया जिसमें सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद फर्रुखाबाद ने महफिले समां में बेहतरीन कलाम पेश कर जमकर वाहवाही हासिल की। उर्स के पहले दिन दरगाह पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर का भी इंतजाम किया गया। उर्स की व्यवस्था में शुजा खान, रुहूल खान, चांद खां, इमरोज अनवर आदि का सराहनीय योगदान रहा।

बच्चों को बताया आग बुझाने के तरीके

जौनपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय मडियाहू में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत अग्निशमन केंद्र जमालपुर के रोहित यादव, रामेश्वर सिंह, आशीष जोशी और घनश्याम यादव ने खाना बनाने के सिलेंडर में आग जलाकर अलग-अलग तरीकों से आग बुझाने का प्रैक्टिकल ज्ञान दिया । फायर एक्सटिंग्विशर, भीगा कपड़ा, बाल्टी आदि का आग बुझाने में कैसे प्रयोग किया जाए, इसकी भी जानकारी दी गई विद्यार्थियों द्वारा तरह-तरह की घटनाओं में कैसे आग बुझाई जाए, उनके प्रश्नों का व्यावहारिक समाधान दिया गया । इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं भी उपस्थित रही । विद्यालय के प्राचार्य बाल कृष्ण ने अग्निशमन दल के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कि यह विद्यालय के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा ।

नगर पंचायत में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

जौनपुर । जफराबाद कस्बा आसपास के क्षेत्र में आगामी पर्व रमजान, होली व परीक्षाओं को देखते हुए थाना अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ सिंह व पुलिस चौकी प्रभारी अरविंद कुमार यादव ने भारी फोर्स के साथ कस्बे में भ्रमण किया । सभी नागरिकों को सुरक्षा देने की गारंटी का भी एहसास दिलाया । दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा ने भी हरगोविंद इंटर कॉलेज व राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का भी निरीक्षण कर आगामी चुनाव को देखते हुए फोर्स के रुकने की व्यवस्था का भी जायजा लिया।

चुनाव को लेकर किया बैठक

जौनपुर। कांग्रेस कार्यालय पर लोकसभा चुनाव की तैयारी के संदर्भ में अहम बैठक हुई। जिसमें सदर जौनपुर प्रभारी राम यज्ञ द्विवेदी व मछली शहर प्रभारी प्रमोद मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक में फैसला हुआ कि दोनों लोकसभा सीटों के अंतर्गत आने वाले बूथ स्तर पर कमेटी बनाकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को तन मन धन से सपोर्ट करके कामयाब बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज जी ने किया।संचालन राकेश मिश्रा जी ने किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दुर्घटना में मृत श्रमिकों के प्रति सपा ने जताया शोक

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने थाना सिकरारा क्षेत्र स्थित समाधगंज बाजार में सड़क दुर्घटना में मृतक सभी छह श्रमिको के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए मृतक के परिवार से मिलकर दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। परिजनों से मिलकर अपनी पूरी संवेदना व्यक्त करते हुए राकेश मौर्य ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरी समाजवादी पार्टी मृतकों और घायलों के परिजनों के साथ खड़ी है।इस वीभत्स घटना के बारे में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को अवगत कराते हुए हर संभव मदद करेंगे। मृतको के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, राजेंद्र यादव सहित पार्टी जनों ने जिला अस्पताल तथा संबंधित थाना और पोस्ट मार्टम हाउस से दाह-संस्कार तक परिजनों के साथ खड़े रहे।उक्त आशय की सूचना आरिफ हबीब ने दी है।

सेल मेला: 28 और 29 रहेगा रूटडायवर्जन

जौनपुर। विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी शहर में:28 व 29 फरवरी, को सेल मेला का आयोजन होना है । जिसमें खरीदारी के लिये भारी भीड़ होने के दृष्टिगत यातायात व्यवस्थाध्यंचालन के लिये शहर में निम्न मार्गो पर डायवर्जन रहेगा, जो 28 फरवरी, को सुबह 6 से लेकर 29 फरवरी को रात्रि 10 बजे तक रहेगा । यायात पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया हे कि कोतवाली की तरफ से आने वाले वाहन चहारसू से अशोक टॉकीज, से सद्भावना, से जोगिया पुल होकर आगे अपने गंतव्य को जाएंगे , जेसीज से नीचे ओलनगंज की तरफ को जाने वाले रुट पर 03 पहिया व 04 पहिया वाहनो का प्रवेश वर्जित रहेगा , पॉलिटेक्निक से ओलनगंज की तरफ को जाने वाले रुट पर 03 पहिया व पहिया वाहनो का प्रवेश वर्जित रहेगा ।

किसानों को सिंचाई के लिए मिलेगें 750 सोलर पंप

जौनपुर। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत जिले में सिंचाई की समस्या से जूझ रहे किसानों को प्रदेश सरकार ने एक बार फिर तोहफा दिया है। 2024-25 में किसानों को मामूली कीमत पर सोलर पंप उपलब्ध कराया जाएगा। शासन की ओर से जिले को विभिन्न क्षमता वाले 750 सोलर पंप आवंटित किया गया है, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 27 फरवरी से शुरू हो गयी है। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत शासन की तरफ से दो से लेकर 10 एचपी तक के कुल 750 सोलर पंप और लगाएं जाने है। इसमें से दो एचपी और तीन एचपी के 380, पांच एचपी के 180, 7.5 एचपी 50, और 10 एचपी के 140 सोलर पंप किसानों की सुविधाओं के लिए लगाया जाएगा। इसमें प्रथम आवक प्रथम पावक को वरीयता दी जाएगी। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि सोलर पंप के दो हार्स पावर के लिए बोरिंग चार इंच तथा भूगर्भ जल स्तर 50 फीट, तीन हार्स पावर के लिए बोरिंग छह इंच व भूगर्भ जल स्तर 150 फीट, पांच एचपी के लिए बोरिंग छह इंच भूगर्भ जल स्तर 200 फीट, 7.5 एवं 10 एचपी के लिए बोरिंग आठ इंच भूगर्भ जल स्तर 300 फीट तक उपयुक्त होंगे। उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए कृषकों का विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण होना अनिवार्य है, कृषकों को ऑनलाइन बुकिंग के साथ रुपये पांच हजार टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा, टोकन कंफर्म करने के एक सप्ताह के अंदर कृषकों को शेष कृषक अंश की धनराशि का ऑनलाइन टोकन जनरेट कर चालान द्वारा इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में अथवा ऑनलाइन जमा करनी होगी। अन्यथा कृषक का चयन स्वत निरस्त हो जाएगा। एवं टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जाएगी।

भाजपा अंदर से हो गयी खोखली किसान सहित सभी वर्ग हो गये नाराज: जसकरन

इटावा। सर्वजन सुखाय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं इटावा लोकसभा प्रत्याशी जसकरन सिंह कठेरिया ने सिहुआ, रामायन भोली गोपियागंज गढ़बाना में नुक्कड़ सभाओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा अंदर से खोखली हो गई है उससे देश का किसान मजदूर सहित सभी वर्ग के लोग नाराज हो गये हैं।महगाई बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार ने आम जनमानस की कमर तोड़ कर रख दी है।

श्री कठेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मा.नरेंद्र मोदी जी ने चुनाव से पहले जनता से वायदा किया था कि वह विदेशो में जमा काला धन वापस लाएंगे और प्रत्येक नागरिक के खाते में 15-15 लाख रूपये पहुंचाएंगे और देश के पढ़े लिखे नौजवानों को 2 करोड़ प्रति वर्ष नौकरी देंगे।उन्होंने आज तक इन वायदों में कोई भी वायदा पूरा नहीं किया है,आज बेरोजगार नौजवान जिंदा लाश बनकर दर दर की ठोकरे खाने के लिए मजबूर है।देश का अन्नदाता किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर है इन मूल जन समस्याओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व देश में घृणा नफरत को फैलाकर के संविधान का निरादर करके जातिधर्म के बीच नफरत का वातावरण पैदा करके देश का भाईचारा खत्म कर रहे हैं।

बीडीए सचिव ने कार्यो का किया निरीक्षण

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ0 वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा सारनाथ स्थित विश्व बैंक सहायतित प्रो-पुअर परियोजना में चल रहे कार्यों (मुनारी रोड, बुद्धा थीम पार्क, म्यूजियम से होते हुए धर्मपाला मार्केट) का निरीक्षण किया गया तथा अधिशासी अभियंता द्वारा योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि धर्मपाला व ऋषिपत्तन मार्ग पर इंटरप्रिटेशन वाल, टॉयलेट ब्लॉक सीवेज पम्पिंग के लिये सम्प का कार्य गतिमान है। वा0 वि0 प्रा0 सचिव द्वारा कार्य को 31 मार्च तक पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर अधिशासी अभियंता आनंद मिश्रा, सहायक अभियंता शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता विजय सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे।

स्वच्छता को जीवन में अंगीकार करें: विपिन

जौनपुर। तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 विपिन कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का फोकस बिंदु श्स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता श्रमदान और मतदाता जागरूकता पर आधारित रहा। डॉ0 विपिन कुमार सिंह ने बताया कि स्वच्छता को हर स्वयं सेवक अपने जीवन में अंगीकार करें और आगे बड़े। इस तरह के कार्यक्रमों से युवाओं में कुशल नेतृत्व और प्रशासनिक क्षमता का विकास होता है । कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 माया सिंह ने मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करें और जो स्वयं भी 18 साल की उम्र के हो गये हो वो भी अपने वोट देने के अधिकार का प्रयोग करें। डॉक्टर बालमुकुंद सेठ ने राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के उद्देश्य एवं भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वयंसेवक एन.यस.यस. कार्यक्रम के द्वारा किस प्रकार अपने देश और समाज की सेवा पढ़ाई करने के साथ कर सकता है? उन्होंने बताया की एनएसएस कार्यक्रम का लोगो उड़ीसा स्थित कोणार्क के सूर्य मंदिर के रथ के पहियों से लिया गया है जिसकी 8 तीलियां दिन के 8 प्रहर को इंगित करती हैं। अर्थात स्वयंसेवक को राष्ट्र के प्रति 24 घंटे समर्पित रहना चाहिए। डॉक्टर प्रशांत कुमार ने सामुदायिक स्वच्छता पर व्याख्यान देते हुए बताया कि कैसे स्वयंसेवक स्वच्छता श्रमदान के द्वारा देश समाज और अपने कॉलेज परिसर को स्वच्छ रख सकता है। उन्होंने बताया कि देश की देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर सेना के जवान न केवल देश की सेवा करते बल्कि सफाई कर्मी भी देश की सेवा करते हैं ।डॉ0 जितेश कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सामुदायिक स्तर पर स्वयं सेवकों की देश और समाज के प्रति क्या भूमिका है? कार्यक्रम में स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने विविध प्रकार के देशभक्ति गीत, कविता, कहानी और संस्मरण की सराहनीय प्रस्तुति दिया। आज के एकदिवसीय कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 आशा रानी, डॉ0 विजयलक्ष्मी उपस्थित रहे।

पात्रों को पारदर्शी तरीके से लाभ मिले: पवन सिंह

जौनपुर। नवागत उपजिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह ने कहा है कि सरकारी योजनाओं में पात्रों को पारदर्शी तरीके से लाभ मिले तथा किसी को तहसील में अपने काम के लिए भटकना न पड़े इस बात को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होने कहा कि आय जाति , निवास तथा वरासत सहित सहित तहसील के अन्य कार्यो में जरूर मंदों को चक्कर न लगाना पड़े ऐसा प्रयास किया जायेगा। उन्होने कहा कि सरकार की मंषा के अनुरूप काम हो सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी सामजन्य बनाकर काम करने पर जोर दिया जायेगा। उन्होने मंगलवार को केराकत से यहां आने के बाद मातां ष्षीतला का दर्षन कर कार्यभार ग्रहण करने के बाद एक अनौपचारिक वार्ता क दौरान उक्त बाते कही। उन्होने कहा कि जमीन सम्बन्धी विवादों का पुलिस और राजस्व विभाग की टीम बनाकर पारदर्षी तरीके से निस्तारण किया जायेगा।

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ रामकथा का आयोजन 1 से

इटावा। भरथना क्षेत्र के तीर्थ ग्राम रमायन में 1 मार्च से 10 मार्च तक धार्मिक अनुष्ठान की धूम आरंभ होने जा रही है। ग्राम में स्थित प्रसिद्ध महामंशापूर्ण श्री गंगाधर विश्वनाथ मंदिर में प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में होने वाले रूद्र यज्ञ एवं श्री राम कथा आयोजन के अलावा गांव में ही नव निर्मित हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भी किया गया है। यह कार्यक्रम 1 मार्च से 10 मार्च तक चलेगा, जिसकी भव्य तैयारियां की जा रही हैं। मंगलवार को शास्त्री चौराहा स्थित अपने प्रतिष्ठान पर कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन व्यवस्था से जुड़े अरविंद पोरवाल एवं अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक ने बताया कि वैसे तो शिवरात्रि पर्व पर प्रतिवर्ष ही यहां आयोजन होता रहा है, लेकिन इस बार ग्राम में निर्माण कराए गए भव्य श्री राधा कृष्ण मंदिर, जिसमें बनारस के सिद्धपीठ से लाई गई संकटा माई की पीतल की एक कुंतल की विशाल मूर्ति की स्थापना भी कराई जा रही है। । उन्होंने बताया कि 1 मार्च से ही 7 मार्च तक ग्राम के अंदर बने श्री राधाकृष्ण मंदिर पर सायं साढ़े सात से साढ़े दस बजे तक श्रीमद्भागवत कथा महिला कथा व्यास सपना मिश्रा सुनाएंगी, जिसके परीक्षत श्रीमती रानी सुभाष पोरवाल हैं। 7 मार्च को ही भंडारे के साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी तथा कथा का भी विश्राम होगा। 7,8, 9 मार्च तक विशाल मेला रहेगा। 10 मार्च को विशाल भंडारा होगा। उन्होंने जनपद के धर्मप्रेमी जनों से पुण्य लाभ उठाने का आग्रह किया है। इस वार्ता के अवसर पर मंडल के महामंत्री विष्णु नारायण शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, सदस्य राम कुमार दुबे, प्रेम किशोर द्विवेदी एवं कथा परीक्षत गौरव मिश्रा मौजूद रहे।

रिलायंस फाउंडेशन ने किया वंतारा की घोषणा

वाराणसी । रिलायंस इंडस्ट्रीज और रिलायंस फाउंडेशन ने आज अपने वंतारा (जंगल का सितारा) कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा की, जो भारत सहित विदेशों में भी घायल, शोषित और खतरे में पड़े जानवरों के बचाव, उपचार, देखभाल और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक व्यापक पहल है। गुजरात में रिलायंस के जामनगर रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स के ग्रीन बेल्ट के भीतर 3000 एकड़ में फैले वंतारा का लक्ष्य विश्व स्तर पर संरक्षण प्रयासों में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक बनना है। जानवरों की देखभाल और कल्याण में अग्रणी विशेषज्ञों के साथ काम करके वंतारा ने 3000 एकड़ के विशाल स्थान को जंगल जैसे वातावरण में बदल दिया है, जो बचाई गई प्रजातियों के लिए प्राकृतिक, समृद्ध और हरे-भरे आवास की अनुभूति प्रदान करता है। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री अनंत अंबानी ने कहा, ÷जो चीज मेरे लिए बहुत कम उम्र में एक जुनून के रूप में शुरू हुई थी वह अब वंतारा और हमारी शानदार टीम के साथ एक मिशन बन गई है। हम गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम महत्वपूर्ण आवासों को बहाल करने के साथ-साथ प्रजातियों के लिए तत्काल खतरों का समाधान करना चाहते हैं और वंतारा को एक अग्रणी संरक्षण कार्यक्रम के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। हमें खुशी है कि हमारे प्रयासों को भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। भारत सहित दुनिया के कुछ शीर्ष प्राणीशास्त्र और चिकित्सा विशेषज्ञ हमारे मिशन में शामिल हुए हैं और हमें सरकारी निकायों, अनुसंधान तथा शैक्षणिक संस्थानों का सक्रिय सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है।

महिला बाइक से गिरकर घायल, रेफर

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के मधोर गांव में मंगलवार की दोपहर बाइक सवार महिला अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर पहुंचे महिला के परिजनों ने महिला को उपचार के लिए एंबुलेंस सेवा वाहन 102 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है ।बताया जा रहा है कि महिला गर्भवती हैं जिस पर चिकित्सक ने अल्ट्रासाउंड के लिए रेफर किया है।हलिया थाना क्षेत्र के मधोर गांव निवासी सुरेश की 25 वर्षीय अंतिशा अपने देवर उमेश के साथ बाइक दवा कराने के लिए मीरजापुर गयी थी और वापस लौट रही थी कि जैसे ही घर से करीब पांच सौ मीटर पहली पंहुची कि बाइक सवार महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर पहुंचे महिला के परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए एंबुलेंस सेवा 102 पर सूचना दिया मौके पर पहुंचे एंबुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी महेंद्र व पायलट दिलीप घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।महिला के परिजनों ने बताया कि महिला गर्भवती हैं जिस पर चिकित्सक ने महिला को अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी है इस संबंध में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने बताया की बाइक से गिरकर महिला उपचार के लिए आयी थी प्राथमिक उपचार के बाद महिला को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र में मंगलवार को हुई बेमौसम बारिश ने एक बार फिर से किसानों की परेशानियों को बढ़ा दिया है जंहा बेमौसम बारिश गेहूं कि फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है तो वंही सरसों की फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है किसानों की पककर तैयार सरसों कि फसलों कि कटाई कर मड़ाई कराने के लिए खलिहानों में फसलों को रखा था जो बेमौसम बारिश से भीगकर खराब हो रही है जबकि गेहूं की फसलों के सिंचाई के लिए बेमौसम बारिश का पानी फायदेमंद साबित हो रहा है।सुबह से मौसम में अचानक हुए बदलाव के साथ गरज चमक के साथ एकाएक बारिश शुरू हो गई खलिहानों में सरसों की फसलों को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल से ढककर सुरक्षित करने में जुट गए। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश किसानों के लिए आफत बनकर आई है खरीफके सीजन में जब बारिश पानी की आवश्यकता थी तो बारिश नहीं हुई जिससे पानी के अभाव में फसल की पैदावार नहीं हुई सुखे की चपेट में आकर किसान ऋण कर्ज में डूबे हैं रवी की खेती में बेमौसम बारिश से फसलों को नुक्सान हो रहा है।पठारी व असिंचित क्षेत्रों में इस वर्ष सरसों की फसलों की खेती अच्छी हुई है फसल पककर तैयार हो चुकी है लेकिन बेमौसम बारिश से किसान परेशान हैं।

ज़ी सिने अवॉर्ड्स ने मारुति सुजुकी अरेना के साथ मजबूत की अपनी साझेदारी

वाराणसी । भारत का अग्रणी मीडिया एवं एंटरटेनमेंट दिग्गज ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइज़ेस लिमिटेड बॉलीवुड का सबसे बड़ा जश्न - मारुति सुजुकी अरेना प्रेज़ेंट्स ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2024 लेकर आ रहा है। साल 2023 की पृष्ठभूमि में रचा-बसा इस साल का यह जश्न कुछ खास होगा। साल 2023 एक ऐसा साल रहा, जहां भारतीय फिल्मों ने रिकॉर्ड-तोड़ ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ एक जोरदार वापसी की और यह 'सिनेमा ज़िंदाबाद' के नारे से सराबोर हो गया, जिसकी गूंज हमें सिनेमाघर की चार दिवारीयों में सुनाई दी। इस साल इस अवॉर्ड समारोह में फिल्म इंडस्ट्री की कुछ बेहतरीन उपलब्धियों के सम्मान से सजी एक शानदार शाम होगी। इस मार्च, एक बार फिर मुंबई बॉलीवुड के जाने-माने कलाकारों, डायरेक्टर्स, प्रोड्यूसर्स और फिल्म टेक्निशियन्स का स्वागत करने के लिए होस्ट की भूमिका निभाएगा, जहां सभी साथ मिलकर सितारों से सजे इस जोरदार जश्न का हिस्सा बनेंगे।एक दिलकश और ग्लैमरस समारोह में बॉलीवुड सुपरस्टार आलिया भट्ट ने सीनियर एग्ज़ीक्यूटिव ऑफिसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, श्री शशांक श्रीवास्तव के साथ मिलकर मारुति सुजुकी अरेना 22वें ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2024 की शानदार ट्रॉफी का अनावरण किया।

टूकॉलर ने भारत में लॉन्च किया एआई-इनेबल्ड कॉल रिकॉर्डिंग फीचर

वाराणसी । कॉन्टैक्ट्स को सत्यापित करने और अनचाहे कम्युनिकेशन्स को ब्लॉक करने में अग्रणी ग्लोबल प्लेटफॉर्म टूकॉलर ने भारत में आईओएस और एंड्रोइड प्लेटफॉर्म्स के लिए एआई-पावर्ड कॉल रिकॉर्डिंग्स का लॉन्च किया है। इस नए फीचर के साथ यूज़र सीधे टूकॉलर ऐप में इनकमिंग एवं आउटगोइंग कॉल्स को रिकॉर्ड कर सकेंगे और ज़रूरी बातचीत को आसानी से रिकॉर्ड और प्रबन्धित कर सकेंगे। आधुनिक आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स टेक्नोलॉजी का उपयोग कर टूकॉलर यूज़र को लाईव बातचीत को रिकॉर्ड करने में मदद करेगा, इस तरह उन्हें फोन पर बात करते समय नोट्स लेने की ज़रूरत नहीं होगी और उनकी उत्पादकता बढ़ेगी। नए लॉन्च किए गए कॉल रिकॉर्डिंग फीचर में एआई को शामिल करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स की मदद से पूरे फोन कॉल को रिकॉर्ड करने में मदद करेगा।

आईफोन के लिए:

कॉल करने या कॉल का जवाब देने के बाद टूकॉलर ऐप खोलें, सर्च टैब पर जाएं और च्रिकॉर्ड अ कॉलज् पर टैप करें। इससे सीधे रिकॉडिंग लाईन पर कॉल लग जाएगा ,जो टूकॉलर द्वारा उपलब्ध कराया गया विशेष नंबर है। इसके बाद कॉल स्क्रीन पर कॉल्स को मर्ज करने का विकल्प आएगा। जब रिकॉर्डिंग तैयार हो, एक नोटिफिकेशन आपको एलर्ट करेगा। पहले से रिकॉर्ड किए कॉल्स भी टूकॉलर में एक्सेस किए जा सकते हैं। आईफोन पर रिकॉर्ड किए गए सभी कॉल्स डिवाइस पर स्टोर रहते हैं, इस तरह यूज़र का इन पर पूरा नियन्त्रण होता है। इसके अलावा यूज़र के पास आईक्लाउड पर बैकअप लेने का विकल्प भी होता है, इस तरह उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मिलती है।

केंद्रीय राज्य मंत्री के हाथों स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं में खुशी

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के बिलरा पटेहरा डॉ स्वामी राधे चौतन्य महाविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष के 76 छात्र छात्राओं को निरू शुल्क स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री व जिले की सांसद अनुप्रिया पटेल के हाथ से स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे

संक्षिप्त समाचार

संवाद कार्यक्रमों में स्मृति ने जनता से किया सीधा संवाद

मुसाफिरखाना। अमेठी । मंगलवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मुसाफिरखाना क्षेत्र में आयोजित चार जन संवाद कार्यक्रमों में शिरकत की इस दौरान उन्होंने जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। मंगलवार को लखनऊ से सीधे नेवादा गांव के जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंची केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिले के समस्त अधिकारी आपके द्वार पर आए हुए हैं। आपकी हर समस्या का निराकरण कराया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों द्वारा आवास की मांग, कृषि के लिए पट्टे की मांग, पेंशन की मांग, ट्राई साइकिल की मांग, सड़क की मरम्मत की मांग संबंधी प्रार्थना पत्र दिए गए। नेवादा के जन संवाद कार्यक्रम के बाद स्मृति दादरा गांव पहुंची। जहां जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान ने मुसाफिरखाना - दादरा - लालगंज मार्ग के चौड़ीकरण के साथ ही दादरा गांव में बारात घर के निर्माण के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। पूरे पहलवान गांव के लोगों ने पूरे पहलवान से दादरा तक जाने वाले मार्ग को बनवाए जाने का अनुरोध किया। इसके बाद स्मृति ने माना मदनपुर, चंदौकी और बेसारा पूरब में भी आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत की। इसके बाद वह जामो विकासखण्ड में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए निकल गई।

अवैध कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

मुसाफिरखाना अमेठी। अपराध एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत में कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को दो अलग-अलग स्थानो से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसआई राजेश कुमार तिवारी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे करपिया नहर पुल के पास से इसी गांव के निवासी नकुल कुमार को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जबकि एसआई हेम नारायण सिंह की टीम ने करपिया के सरकारी स्कूल के पास से दोपहर ग्यारह बजे करपिया निवासी रुस्तम को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। एसएचओ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।

अशोक के निधन पर प्रमोद व मोना हुए दुखी

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर की बाजार निवासी एवं समाज सेवी अशोक सिंह (68) का सोमवार की देर रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलने पर राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने परिजनो से फोनिक वार्ता कर गहरा दुख जताया। स्व. अशोक सिंह पत्रकार सुनील सिंह मोनू के पिता भी थे। इधर ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, दिनेश सिंह, संजय सिंह, राकेश तिवारी गुड्डू, मक्खन शुक्ला, विनय जायसवाल, राकेश शुक्ला एवं बबलू पटवा आदि ने भी अशोक सिंह के निधन पर दुख जताया है।

कबड्डी प्रतियोगिता में गोड़वा की टीम विजेता

लालगंज, प्रतापगढ़। नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में दूधी का पुरवा में ब्लाक स्तरीय कबडडी प्रतियोगिता का मंगलवार को आयोजन किया गया। इलाके के लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल के मैदान में आयोजित कबडडी प्रतियोगिता में बतौर अतिथि चंद्रहास मिश्र, अमन बरनवाल शामिल हुए। कबडडी का फाइनल मुकाबला गोड़वा टीम व जय बजरंग स्पोर्ट क्लब टीम के बीच खेला गया। कप्तान शहजाद के नेतृत्व में मैदान में उतरी गोडवा की टीम ने अलकेश सिंह के नेतृत्व में उतरी विपक्षी टीम को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। सुरेन्द्र शर्मा ने रेफरी की भूमिका निभायी। इस मौके पर संजय बिहारी, मनु तिवारी आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने चलाया स्वच्छता अभियान

लालगंज, प्रतापगढ़। अजगरा स्थित बाबा दूधनाथ धाम में मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाकर धाम परिसर में साफ सफाई की गयी। इससे पूर्व विपिन तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें आगामी आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर धाम परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान पर चर्चा हुई। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन की व्यवस्था हेतु भी रणनीतिक चर्चा हुयी। इस मौके पर वंशराज सिंह, उदय नारायण सिंह, हृदय नारायण तिवारी, सुरेश मिश्र, विनोद शुक्ल आदि रहे।

स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

लालगंज, प्रतापगढ़। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत मंगलवार को जयराजि कुंवरि बाबा पारसपाल सिंह महाविद्यालय में दो सौ बीस छात्र छात्राओं को में स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। स्मार्ट फोन पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। बतौर मुख्य अतिथि सीओ रामसूरत सोनकर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम आरम्भ हुआ। सीओ ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए स्मार्टफोन का वितरण छात्र छात्राओं में कर रही है। जिससे कि छात्र छात्राएं अपनी शैक्षणिक व्यवस्था को और मजबूती प्रदान कर सकें। महाविद्यालय के व्यवस्थापक गणेश प्रताप सिंह ने कहा कि स्मार्टफोन का सही इस्तेमाल छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य में अहम भूमिका निभा सकेगा। कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रशान्त त्रिपाठी, एसओ लीलापुर नीरज यादव ने भी अपने विचार रखे। प्राचार्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर अरविन्द, अमित, सरिता त्रिपाठी, सरिता मौर्य, शालिनी सिंह, साकेश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

अनियंत्रित ट्रक पुलिया से टकरायी, चालक व खलासी घायल

लालगंज, प्रतापगढ़। अनियंत्रित ट्रक पुलिया से टकराकर दो घरों के बरामदों में जा घुसी। जिससे ट्रक चालक व खलासी मामूली रूप से चुटहिल हो गये। प्रतापगढ़ से गिटटी उतारकर एक ट्रक सोमवार की रात वाया सांगीपुर उदयपुर होते हुए फतेहपुर जा रही थी। रास्ते में रात्रि करीब ग्यारह बजे अठेहा मार्ग पर अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया से टकराते हुए रामसेवक जायसवाल एवं संजय चौरसिया के बरामदे में जा घुसी। दुर्घटना में ट्रक चालक रायबरेली जनपद के सरैंनी थानान्तर्गत गेगासो निवासी अमन सोनी पुत्र अवधेश सोनी तथा खलासी डलमऊ थाना क्षेत्र के मुराईबाग निवासी संदीप सोनी पुत्र रामसुमेर सोनी मामूली रूप से चुटहिल हो गये। वहीं पुलिया व रामसेवक एवं संजय का बरामदा भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। चालक के अनुसार ट्रक का ब्रेक सिलेण्डर टूट जाने से दुर्घटना हुई। वहीं पुलिस इसे खलासी द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना बता रही है। एसओ राधेबाबू का कहना है कि चालक व खलासी को मामूली चोट आयी है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

धोखाधड़ी का वांछित गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर थाने के दरोगा अजय कुमार सिंह ने गश्त के दौरान मंगलवार को सई नदी पुल के पास धोखाधड़ी के मुकदमें में वांछित अलताफ हुसैन पुत्र अनवर हुसैन निवासी डीहमेंहदी को गिरफ्तार किया। आरोपित को जेल भेज दिया गया।

पैतृक संपत्ति बंटवारे को लेकर दो भाइयों में हुई मारपीट

मोहम्मदी -खीरी, (स्पष्ट आवाज)। कोतवाली क्षेत्र के गांव मानेपारा सुन-सुना में पिता की संपत्ति में हिस्सा न देने को लेकर सगे भाइयों में हुए संघर्ष में लाठी डंडा चलने पर एक भाई के गंभीर चोटे आने के साथ हाथ टूट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो भाई समेत उनकी पत्नियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

गांव निवासी राधेश्याम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया बंटवारे में उसके पिता की संपत्ति मैं बराबर का हिस्सा मांगने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। जिसके चलते भाई श्यामाचरण, नन्हे समेत दोनों भाइयों की पत्नियों ने एक राय होकर लाठी डंडा से दरवाजे पर प्रहार कर घायल कर दिया। शिकायत पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जांच के दौरान डॉक्टर ने हालत नाजुक होने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

चार ग्रामीणों पर सरकारी रास्ता क्षतिग्रस्त करने का मुकदमा दर्ज

मोहम्मदी -खीरी (स्पष्ट आवाज)। क्षेत्र के गांव पकडिया में एक महिला द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में गांव के चार लोगों के खिलाफ सरकारी रास्ता क्षतिग्रस्त करने को लेकर शिकायती पत्र दिया था। जांच के दौरान मामला सही पाए जाने पर क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर पर गांव के चार लोगों के खिलाफ समकारी संपत्ति को नुकसान करने के मामले में केस दर्ज कराया गया है।पकड़िया गांव की लक्ष्मी देवी ने संपूर्ण समाधान दिवस में गांव के आसाराम राकेश मदान और चरन सिंह पर सरकारी रास्ता को क्षतिग्रस्त कर कब्जा कर लेने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया था। क्षेत्रीय लेखपाल अनुज शर्मा और ग्राम प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से जांच में मामला सही पाए जाने पर कोतवाली पुलिस में मंगलवार को सभी आरोपियों के खिलाफ सरकारी संपत्ति का नुकसान करने के आरोप में केस दर्ज कराया गया है।

परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने मतदाता जागरूकता अभियान में लिया भाग

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। नेहरू युवा केन्द्र ब्लाक डुमरियागंज के बैनर तले मंगलवार को कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दो दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ एआरपी ऐश्वर्यालता ने फीता काट कर किया और आयोजक राष्ट्रीय स्वयं सेवक किशुन पाल मौर्य एवं रंजीत कुमार गौतम (नेहरू युवा केन्द्र) ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता कराई।जिसमे दौड़ 100 मीटर बालक वर्ग में मुकेश प्रथम एवं राज द्वितीय, खो-खो बालिका वर्ग में प्रथम रानी लक्ष्मीबाई, द्वितीय करस्तूरबा गांधी, कबड्डी बालिका वर्ग में प्रथम अहिल्या बाई होलकर द्वितीय कल्पना चावला, वालीबॉल बालक वर्ग में प्रथम अब्दुल कलाम, द्वितीय कपिलदेव विजेता और उपविजेता रहे।

विजेता एवं उपविजेता टीम को अमित सिंह परमार एवं अनीता दूबे द्वारा मोमेंटम एवं शील्ड देकर हौसला अफजाई करते हुए पुरस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिता में सहयोग के लिए काजी तालिब, प्रीति एवं रैफरी संतोष सिंघानियां की भूमिका अहम रही। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापिका कमल मोहनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

ट्रक की टक्कर में एक की मौत,एक घायल

- मंगलवार की भोर बस्ती में 4 बजे हुई घटना
- घटना के बाद परिजनों का रो रो कर है बुरा हाल

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगरस्पष्ट आवाज। नगर पंचायत डुमरियागंज के वार्ड नंबर 12 हबीबुल्लाह नगर निवासी मोहम्मद सगीर पुत्र बिस्मिल्लाह की मंगलवार को बस्ती में हुए भीषण एक्सीडेंट में मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जबकि डुमरियागंज के ही निवासी एक व्यक्ति घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग 4 बजे सिद्धार्थनगर बस डिपो जो बस्ती की तरफ आ रही थी। बस कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गढहा गौतम के निकट नेशनल मार्ग 28 पर ओवरटेक करने के चक्कर में गिट्टी लदी ट्रेलर से टकरा गई। रोडवेज बस टक्कर के दौरान सिद्धार्थनगर डिपो बस के पीछे भी एक ट्रक ने आकर जोरदार टक्कर मार दी। बस में कुल 50 लोग सवार थे। जिनमें से अधिकांश सिद्धार्थनगर व बस्ती के लोग यात्रा कर रहे थे। घटना के बाद हाहाकार मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को बस्ती जिला अस्पताल पहुंचाया। इनमें से डुमरियागंज नगर पंचायत निवासी मोहम्मद सगीर पुत्र बिस्मिल्लाह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जबकि मोहम्मद खालिद पुत्र साहब अली निवासी डुमरियागंज का हाथ टूट गया।

घायल मोहम्मद खालिद ने बताया कि हादसे में बस सामने से ट्रेलर से टकराई उसके बाद पीछे से भी एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। बस में जोरदार धमाका हुआ लोग कुछ समझ नहीं पाए। उनके द्वारा फोन से घर पर सूचना दी गई। परिवार के लोग अस्पताल में उनके साथ हैं। वहीं दूसरी तरफ मोहम्मद सगीर की मौत पर उनके घर में मातम छाया हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता खो-खो में हलिया की टीम विजेता

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के अड़ंगा नगर भटवारी स्थित जगधारी प्रसाद यादव स्मारक इंटर कालेज के सामने स्थित मैदान में मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र द्वारा ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि दिनेश अग्रहरि व अयोध्या प्रसाद यादव रहे।ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़, बालीबाल, खो-खो, साइकिल रेस का आयोजन किया गया जिसमें साइकिल रेस व बालीबाल में भटवारी की टीम विजेता रही कुल आठ टीमों ने भाग लिया हलिया, दिघिया, गड़बड़ा, गुर्गी बडौही,सेमरा, अहुगी कला,वंही दो सौ मीटर की दौड़ में प्रथम विक्रम व द्वितीय धर्मेंद्र तृतीय नीरज चार सौ मीटर की दौड़ में प्रथम विक्रम व द्वितीय नीरज, तृतीय बृजेश रहे।

प्रभू श्रीराम लला के दर्शन के लिए बस अयोध्या धाम के लिए हुई रवाना

बढ़नी/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। नगर पंचायत बढ़नी के लोहिया नगर से अयोध्या धाम प्रभू श्रीराम के दर्शन के लिए दर्शानार्थियों से भरी बस मंगलवार को रवाना हुई।

प्रभू श्रीराम के दर्शन के लिए दर्शानार्थियों ने अयोध्या धाम जाते समय जय श्रीराम के नारे से क्षेत्र गुजांयमान हो उठा। आपको बतातें चलें कि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में मंगलवार को प्रभू श्रीराम लला के दर्शन के लिए दर्शानार्थियों से भरी बस अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि, अमित मौर्या सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

पुलिस की चौकसी से छात्र-छात्राओं पर छींटाकशी करने वाले अराजक हुए भूमिगत

हलिया (मिर्जापुर)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के तीसरे दिन राजकीय बालिका इंटर कालेज बरौंधा की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। पुलिस की चौकस व्यवस्था के चलते छात्र-छात्राओं पर छींटाकशी करने वाले अराजक तत्व इस बार भूमिगत जैसा हो गए हैं। परीक्षा के दौरान बरौंधा चौकी इंचार्ज जय शंकर राय हमराहियों के साथ कई चक्रों में भ्रमण करते हुए केंद्र से दो सौ मीटर दूर रहने का सख्त निर्देश दिया है। चौकी प्रभारी जय शंकर राय ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर दो आरक्षियों की तैनाती की गई है। उल्लेखनीय है कि परीक्षा में प्रवेश और छूटने के बाद छात्र-छात्राओं पर छींटाकशी करने वाले मजनू लापता हो गए हैं।

पीरामल फाउंडेशन के सौजन्य से बच्चों के वजन के बारे में बताया

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। बाल विकास परियोजना शोहरतगढ़ परिसर में पीरामल फाउंडेशन के सौजन्य से आंगनबाड़ी व महिलाओं को बच्चों के वजन के बारें में जानकारी दी। आंगनबाड़ी व महिलाओं को बच्चों का स्वस्थ कैसे रहें, इस बारें में जानकारी दिया। इस दौरान पीरामल फाउंडेशन के कृष्णकान्त भास्कर, राखी कुमारी, मृणाल मिशराम, शिवम कुमार, सुपरवाइजर मन्जू भारती, कलावती, मालती, कोर्डिनेटर सीमा चौहान, आंगनबाड़ी की चन्द्र प्रभा, सुमन, कुसुम देवी, गीता उपाध्याय सहित तमाम आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।

जमीन विवाद में चले लाठी डण्डे, दस घायल

लालगंज, प्रतापगढ़। जमीन विवाद को लेकर मंगलवार को सुबह दो पक्ष में जमकर लाठी डण्डे चले। जिससे दस लोग घायल हो गये। घायलो को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। घटना को लेकर दोनों पक्ष ने तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। लीलापुर थाना के बहलोलपुर तकिया निवासी अब्दुल लतीफ द्वारा अपनी बेटी जैबुननिशा उर्फ गुड़िया को दी गई जमीन पर वह करीब चालीस वर्ष से टिन शेड लगाकर रह रही है। इस जमीन को लेकर जैबुननिशा का शहनवाज से विवाद भी चल रहा है। जिस पर शनिवार को टिन शेड हटा लेने का समझौता हुआ था। लेकिन मंगलवार सुबह टिन शेड हटाने को लेकर ही दोनों पक्ष आमने सामने हो गये। कहासुनी के बीच दोनों पक्ष से लाठी डण्डे चलने लगे। जैबुननिशा पत्नी मजहर हुसैन का आरोप है कि सुबह परिवार के लियाकत पुत्र कल्लू, शहादत उर्फ छोटू, शमसाद व सददाम, मो. रजा, मो. जहीर उर्फ गुडडू, मो. अमीर, अफसरा खातून पुत्री मो. सगीर एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और जबरन दुकान के सामने खुदाई करने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दिया । जिससे पीडिता के पति व पुत्र मो. रजा, भाई सलीम, जेठ कौसर, भतीजी रेशमा को गंभीर चोटें आ गयीं। वहीं दूसरे पक्ष की शहनवाज बेगम पत्नी स्व. मो. सगीर का आरोप है कि मारपीट में पीडिता व शबनम पत्नी शहादत अली, नगीना पत्नी कलामशाह, शमसाद अली, लियाकत अली घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज भेजवाया। एसओ नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

रोजगार मेले में 174 प्रशिक्षणार्थी चयनित

प्रतापगढ़। उप्र कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई एवं जनपद के अन्य प्रशिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार/स्वरोजगार में नियोजित करने के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अन्तर्गत उप्र कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में डीएम संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा के निर्देशानुसार द्वितीय चरण में विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला 02 स्थलों क्रमश नरसिंह बहादुर शांति देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाबा बेलखरनाथ धाम एवं हरे रामा हरे कृष्णा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शिवगढ़ में आयोजित किया गया। दोनो रोजगार मेलों का उद्घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेश तिवारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात् अतिथि एवं अधिकारियों द्वारा मेला में प्रतिभाग करने वाली कम्पनियों के स्टालों का अवलोकन किया गया। दोनो रोजगार मेला में उप्र कौशल विकास मिशन एवं दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आइटीआई एवं जनपद के 266 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया तथा 224 प्रशिक्षणार्थियों ने साक्षात्कार दिया एवं नियोक्ता कम्पनी टाटा मोटर्स प्र0लि, हनीवेल्स, ब्राइट फ्यूचर, सुब्रोस लि आकृति मैनुफैक्चरिंग द्वारा लगभग 174 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित करते हुये उन्हें रोजगार/स्वरोजगार के नये अवसर मुहैया कराया गया। रोजगार मेले में भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेश तिवारी ने चयनित प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनायें देते हुये कहा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इस योजना के माध्यम से समाज के अल्प शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को मुख्य धारा से जोड़ने तथा अपनी आजीविका अर्जन हेतु सक्षम बनाये जाने की दृष्टि से विभिन्न ट्रेडों में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करते हुये रोजगार उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम आयोजक नोडल प्रधानाचार्य/जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन बीबी सिंह ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में नरसिंह बहादुर शांति निजी आईटीआई के प्रबन्धक संदीप सिंह, हरे रामा हरे कृष्णा निजी आईटीआई की शशि मिश्रा, जिला कौशल प्रबन्धक मृत्युंजय पाण्डेय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक रवीन्द्र पाण्डेय, ग्राम प्रधान बब्लू सिह एवं समस्त स्टाफ व प्रशिक्षण प्रदाता तथा नियोक्ता कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आकाशीय बिजली की चपेट में आकर महिला अचेत

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में मंगलवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर महिला अचेत हो गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने महिला को अचेतावस्था में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य है।हलिया थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी विजय कोल की 32 वर्षीय दुर्गावती अपने घर में खाना खा रही थी कि अचानक गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली से से उसकी चपेट में आकर महिला अचेत हो गई महिला की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक रीना पटेल व सुरेश कनौजिया ने महिला का उपचार किया है हालत सामान्य है ।

डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

लखीमपुर -खीरी, (स्पष्ट आवाज) सोमवार को जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने डिप्टी डीईओ, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट से संबंधित वेयर हाउसों का सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में 09 जनवरी को तहसीलों को मतदाता जागरूकता एवं प्रशिक्षण से संबंधित उपलब्ध कराई गई ईवीएम एवं वीवीपैट को तहसीलों से मंगवाकर पुनः वेयरहाउस में शील्ड करने के लिए सभी वेयरहाउस को खोला गया। इस अवसर पर डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओपी अंजोर, एडीईओ तौसीफ अहमद और राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पं राम अजोर शिक्षण संस्थान के संस्थापक डॉ एमपी दुबे की मनाई पुण्यतिथि

प्रतापगढ़। कंधई हनुमानगंज के प्रगासपुर स्थित पंडित राम अजोर शिक्षण संस्थान के संस्थापक पंडित डॉ महादेव प्रसाद दुबे की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्मृतिशेष एमपी दुबे के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सरलता, सहजता व सौम्यता का प्रतिमूर्ति बताया। इस मौके पर संस्थान के प्रधानाचार्य जे.एन मिश्र ने कहा कि स्मृतिशेष पंडित डॉक्टर महादेव प्रसाद दुबे ने निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की और अपने ही सेवा काल में गायत्री शक्ति पीठ का निर्माण करवाया और स्वास्थ विभाग से सेवा निवृत होने के बाद मां गायत्री की सेवा में लगे हैं। यूनाइटेड टीचर्स एसो के जिला महामंत्री ठाकुर नीरज सिंह ने कहा इस क्षेत्र की शिक्षा की समस्या को देखते हुए डॉक्टर साहब ने 2001 में अपने गांव प्रगासपुर में निजी विद्यालय की नींव रखी जिसमें आज क्षेत्र के लोग शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उनके द्वारा जगाई गई शिक्षा की अलख से आज हजारों बच्चे लाभान्वित हो रहे है। श्रद्धांजलि सभा में डॉ साहब के बड़े पुत्र अखिलेश कुमार दुबे एक्स रे विभाग एवं छोटे पुत्र मुकेश कुमार दुबे शिक्षक एवं ज्ञानेद्र कुमार त्रिपाठी एड, अरविंद वर्मा पृथ्वी पाल, बीडी पाण्डेय, पीयूष दुबे, विवेक दुबे, वायु नंदन मिश्र, आशीष मिश्र, त्रिवेणी प्रसाद दुबे, गायत्री जयसवाल,श्याम सुन्दर सहित आदि मौजूद रहे और अपने अपने विचार व्यक्त किये। अंत में डॉ दुबे के बड़े पुत्र ने सभी आगन्तुको के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिता के पदचिंहो पर चलते हुए उनके द्वारा शुरू किए गए कार्यो को पूरा करने का संकल्प लिया।

प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में प्रतापगढ़ का बढ़ा मान

लालगंज प्रतापगढ़। भारतीय दौरे पर आये नार्वे के संसदीय प्रतिनिधि मण्डल के साथ देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस संसदीय दल का राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता ने नेतृत्व कर प्रतापगढ़ का एक बार फिर सिर ऊंचा किया है। प्रमोद के नेतृत्व में नार्वे प्रतिनिधि मण्डल के बींच हुई सार्थक द्विपक्षीय वार्ता की अहम सफलता नार्वे के द्वारा अब चीन के मसले पर भारतीय पक्ष के समर्थन में नैतिक बल प्रदान किये जाने को लेकर मिली है। नई दिल्ली में सोमवार की देर शाम काफी देर तक हुई द्विपक्षीय वार्ता में प्रमोद तिवारी तथा नार्वे प्रतिनिधि मण्डल दल की नेता इस्लाग सेम के बींच द्विपक्षीय हितों को लेकर सामाजिक, व्यापारिक, तकनीकी ज्ञान, राजनैतिक विमर्ष के साथ शैक्षिक हितों से जुड़े मुददों पर दोनों देश और प्रगाढ़ रिश्ते के साथ आगे बढ़ेंगे। प्रमोद तिवारी द्वारा चीन के मसले पर द्विपक्षीय वार्ता में भारतीय हितों को लेकर सारगर्भित उठाये गये मजबूत बिन्दुओं को लेकर नार्वे की सहमति बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि के रूप में दोनों के बींच द्विपक्षीय वार्ता की कूटनय के क्षेत्र में सबसे बड़ी सफलता बनकर उभरी है। प्रमोद ने वार्ता में चीन द्वारा जबरिया भारतीय भूभाग पर कब्जे को लेकर अपने राष्ट्रीय हितों पर नार्वे के खुले समर्थन की आवाज उठाने को लेकर मजबूत दावे रखे। इसे लेकर नार्वे प्रतिनिधि मण्डल में शामिल वहां की नेता इस्लाग सेम के साथ ही नार्वे की पूर्व प्रधानमंत्री एर्ना सोल वर्ग ने भी प्रमोद तिवारी द्वारा भारतीय पक्ष को सकारात्मक करार देते हुये चीन के मसले पर नार्वे द्वारा नैतिक बल दिये जाने का ऐलान किया है, वहीं सबसे बड़ी खासियत जिले के लिये सामने आयी है।

वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन, 31 छात्र बने हाफ़िज

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगरस्पष्ट आवाज। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत जामिया इस्लामिया खैरुल उलूम डुमरियागंज के बैनर तले सोमवार की रात खैर कैंपस बनगवा बरई में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुरआन पाक को मौखिक रूप से याद करने वाले 31 छात्रों और दीनी शिक्षा में निपुण होने वाले 6 छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में अलग-अलग विषयों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार भी दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शब्बीर अहमद मदनी ने कहा कि तकनीकी शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा दोनों मदरसे के बच्चों के लिए जरूरी है। बदलते परिवेश में धार्मिक शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा हासिल कर बच्चे देश व दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। मदरसे के प्रबंधक डॉ. फैजान अहमद ने कहा कि दीनी और दुनियावी दोनों तालीम साथ लेकर चलना चाहिए। शिक्षा ग्रहण करने के लिए हमें किसी भी संघर्ष से गुजरना पड़े तो इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक आलिम हमेशा नेकी का रास्ता बताता है और तरक्की का मार्ग ही शिक्षा है। कार्यक्रम को अब्दुल रहमान लैसी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी अभिभावको को अपने बच्चों को मोबाइल के प्रयोग के प्रति सचेत रहना

सांसद ने किया 11 नवनिर्माण कार्यों का शिलान्यास

●बच्चों व युवाओं के लिए ओपन जिम का किया उद्घाटन

बेल्थरा रोड, बलिया। रामलीला मैदान बेल्थरा रोड में 11 नव निर्माण कार्यों का शिलान्यास और चिल्ड्रेन पार्क व ओपन जिम का उद्घाटन क्षेत्रीय सांसद ने किया। बताया जाता है कि लोकसभा सांसद सलेमपुर एवं मुख्य अतिथि रविंद्र कुशवाहा ने रामलीला मैदान में आदर्श नगर पंचायत द्वारा आयोजित शिलान्यास व उद्घाटन कार्यक्रम में आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्त की उपस्थिति में नगर पंचायत के 11 नवनिर्माण कार्यों का शिलान्यास किया । साथ ही बच्चों व युवाओं के लिए ओपन जिम का उद्घाटन किया और रामलीला मैदान के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय सीयर नंबर 1 के नवीन भवन का भी शिलान्यास प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुशवाहा की उपस्थिति में मुख्य अतिथि ने किया। ओपन जिम का निर्माण रावण शव दाह स्थल वार्ड नंबर 6 में हुआ है। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि 2014 के पूर्व की सरकारों में हर जगह लूट खसोट व भ्रष्टाचार का बोलबाला था।2014 के बाद जब माननीय मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी है तब से चारों तरफ विकास दिखाई दे रहा है।चाहे वह स्टेशन का विकास हो, रेल का विकास हो, सड़कों का विकास हो, लोगों को खाद्यान्न का मामला हो या सरकार द्वारा दी जा रही लाभकारी योजनाओं को सीधे लाभार्थियों के खाते में देकर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई गई है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि भी सरकार की प्रमुख योजनाओं में से है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत महिलाओं को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी अधिक दी जा रही है। होली और दीपावली में फ्री गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। ऐसी ही तमाम जनता के लाभकारी योजनाओं का संचालन वर्तमान सरकार द्वारा केंद्र व राज्य की सरकारों के प्रयास से संचालित की जा रही हैं।पूर्व की सरकारों में भेदभाव की राजनीति करते हुए कुछ खास वर्ग के हित की बात की जाती थी। जबकि अब बिना किसी भेदभाव के सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए विकास के लिए कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। सनातन धर्म पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों की गुलामी के बाद भी सनातन प्रेमियों का संघर्ष जारी रहा। जिसका परिणाम है आज बिना किसी रोग के सनातन धर्म प्रगति के पद पर अग्रसर है । कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्त ने कहा की स्वच्छ जल आपूर्ति हेतु शासन से लगभग 4 करोड रुपए की मांग की गई है। इसके अलावा 20 करोड रुपए की मांग टूटी-फूटी सड़कों और नालियों की मरम्मत के लिए और नवनिर्माण के लिए किया गया है उसी कड़ी में यह 11 कार्यों का शिलान्यास हुआ है। इस अवसर पर अशोक कुशवाहा, रंजीत कुशवाहा, राम मनोहर गांधी, सतीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता लाला केदारनाथ और संचालन प्रमोद सिंह ने किया। अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

कंटेनर से जा टकराई व्यापारियों से भरी कार,एक की मौत

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)। व्यापार के सिलसिले में कार में सवार होकर शहर से दिल्ली जा रहे व्यापारियों की कार थाना जरीफनगर क्षेत्र में कंटेनर से जा टकराई,जिससे कार में सवार व्यापारियों सहित ड्राइवर घायल हो गया।हादसे में कार सवार एक युवक व्यापारी की मौत हो गई,जबकि एक व्यापारी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सोथा निवासी अकबर सहित अन्य व्यापारी शहर में जूते का कारोबार करते हैं,बताया जाता है कि यह सभी व्यापारी होली के सीजन का माल लेने के लिए कार द्वारा दिल्ली जा रहे थे,इसी बीच थाना जरीफनगर क्षेत्र में इनकी कार तेज रफ्तार कंटेनर से टकरा गई।जिससे कार में सवार व्यापारी आरिश, रजत, करण, अकबर तथा कार ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां अकबर को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि आरिश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

आरपीआई की संविधान सम्मान रैली के मुख्य अतिथि होंगे सीएम योगी: जगदीश सिंह

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। रिपब्लिकन पार्टी आफइन्डिया आठवले की चार मार्च को लखनऊ में होने जा रही संविधान सम्मान रैली को सफल बनाने के जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह कंग जिला उपाध्यक्ष रामबहादुर कश्यप महासचिव हरमीत सिंह लाली महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कौर ने जनपद की सभी तहसीलों जिला मुख्यालय पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से सम्पर्क स्थापित कर रैली को सफल बनाने की अपील की गयी।आरपीआई आठवले के जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह कंग व जिला उपाध्यक्ष रामबहादुर कश्यप ने बताया कि 04 मार्च को आरपीआई आठवले उ0प्र0 के तत्वाधान में संविधान सम्मान रैली का अवध विहार योजना मैदान लखनऊ में भव्य आयोजन होगा रैली में मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं विशेष अतिथि डा0 रामदास आठवले राष्ट्रीय अध्यक्ष रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री होगें ।

जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह ने बताया कि आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व में संविधान सम्मान रैली का भव्य आयोजन होगी उन्होने सभी जनपद के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में लखनऊ रैली में भाग लेने को दस बसों की व्यवस्था की गयी जिससे कार्यकर्ताओं में लखनऊ ले जाया जायेगा।

जनसम्पर्क के दौरान जगदीश सिंह कंग राम बहादुर कश्यप हरजीत सिंह लाली तौफीक अहमद तारिक रजा आशीष कुमार राजा असलम अफसर साजिद अली चमन कुमार वसीम सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त आवाज़

श्री शनिधाम मन्दिर में पंचमुखी हनुमानजी की होगी स्थापना

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। नगर के सुप्रसिद्ध श्री शनि धाम मन्दिर में पंचमुखी हनुमान जी की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य भंडारे का आयोजन होगा। उक्त जानकारी देते हुये नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन प्रदीप कुमार लल्लन ने बताया कि नगर के शनिधाम मन्दिर में 29 फरवरी वृहस्पतिवार को पंचमुखी श्री हनुमान जी की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन होगा श्री लल्लन ने बताया कि उक्त अवसर पर सुबह आठ बजे नगर में शोभा यात्रा का आयोजन होगा तथा प्राण प्रतिष्ठा 11 बजे होगी तथा शुक्रवार एक मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा श्री लल्लन ने सभी भक्तों को आंमत्रित किया है यहां यह भी बता दे कि शनिधाम मंदिर की स्थापना पूर्व पालिका चयेरमैन प्रदीप कुमार लल्लन के प्रयासों व नगर के भक्तजनों के सहयोग से सन् 2007 में की गयी नगर में भव्य शनिधाम मन्दिर में भक्तगणों का जमाव रहता है और श्रद्धालुगण पूजा अर्चना कर लाभान्वित होते है।

डीएम ने ग्राम पंचायत शेरपुर के जावेद खां को प्रधान किया नामित

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। एशिया की सबसे बड़ी मुस्लिम बाहुल्य ग्राम पंचायत शेरपुर कलां की ग्राम प्रधान अंजुम वेगम का 28 जनवरी को बीमारी के चलते निधन होने से ग्राम पंचायत के विकास कार्यो सहित अन्य कार्यो में रूकावट होने लगी उक्त को लेकर उ0प्र0 पंचायत अधिनियम 1947 की धारा 12 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में रिक्त प्रधान पद पर जावेद खां पुत्र मुस्तियाज खां ग्राम पंचायत सदस्य को कार्यवाहक प्रधान के रूप में नामित किया गया उक्त क्रम में नामित ग्राम प्रधान पद की सभी शक्तियों कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वाहन अग्रिम आदेशों तक करते रहेगें। ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में जावेद खां को ग्राम प्रधान नामित किये जाने से ग्राम में विकास की गति तेजी से होगी तथा बन्द पड़े विकास कार्य शुरू हो जायेगें।

धान खरीद में प्रयुक्त बोरों पर करोड़ों की धांधली में जांच शुरू

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। धान खरीद में प्रयुक्त बोरों के नाम पर करोड़ों की धांधली के मामले में जांच कर रहे मजिस्ट्रेट ने भुगतान के लिए भेजे गए मूल बिल व अन्य दस्तावेज खाद्य विभाग के अयोध्या कार्यालय से तलब किए हैं। माना जा रहा है कि एक दो दिन में यह कागजात यहां पहुंच जाने के बाद जांच में तेजी आ जाएगी। मालूम हो कि तीन वर्ष तक क्रय केंद्रों को धान खरीद के लिए बोरियां उपलब्ध कराने के नाम पर करोड़ों के भुगतान का खेल शुरू हुआ था। डीएम अविनाश सिंह ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच एसडीएम सदर पवन जायसवाल को सौंपी थी। इससे पहले जिले में कार्यरत विपणन निरीक्षकों ने बिल भुगतान के लिए उनके फर्जी हस्ताक्षर होने की बात लिखित रूप से दी थी। अब एसडीएम सदर ने खाद्य विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या को पत्र लिखकर मूल बिल व अन्य मूल दस्तावेज जांच के लिए उपलब्ध कराने को कहा है। बताया जाता है कि यह पत्र अयोध्या कार्यालय पहुंच गया है। एक दो दिन में ही सभी मूल दस्तावेज अकबरपुर आ जाने की उम्मीद है। इसके बाद जांच में और तेजी आने के आसार हैं।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों से सात गिरफ्तार

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस द्वारा पांच वांछितो सहित शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुंवरगांव पुलिस द्वारा दो लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है।इधर थाना कादर चौक पुलिस द्वारा एक मुकदमे में वांछित चल रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं हजरतपुर पुलिस द्वारा एक मुकदमे में वांछित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों को पुलिस द्वारा संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

गेहूं खरीद एक मार्च से शुरू

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़) जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी विपणन के तहत वर्ष 2024 25 के लिए 1 मार्च से गेहूं खरीद शुरू होगी। उन्होंने कहा कि जनपद में 136 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों को इस बार उतारई छनाई की मद में बीस रु प्रति कुंटल की दर से अतिरिक्त भुगतान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गेहूँ कय केन्द्रों पर गेहूँ की उतराई एवं साफ-सफाई हेतु किसानों द्वारा श्रमिकों को किये गये भुगतान का मूल्य सरकार द्वारा किसानों को विकय किये गये गेहूँ के समर्थन मूल्य रू0 2275 प्रति कुं0 के अतिरिक्त दिया जायेगा।

परिवर्तन दी चेंज संस्था ने मलिन बस्ती में किया 41वी पाठशाला का शुभारंभ

मुरादाबाद। परिवर्तन दी चेंज संस्था ने कांशीराम स्थित पॉकेट-।3, मुरादाबाद में परियोजना पा8शाला के तहत अपनी 41वी पा8शाला का शुभारंभ किया। संस्था अभी तक अपनी 36 पा8शाला अलग-अलग शाखाओं में पूर्ण कर चुकी है और वर्तमान में संस्था की 5 पा8शालाएं अलग-अलग शहरों क्रमशः मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, गाजियाबाद, अमरोहा में शुचारु रूप से चल रही है, और इसी क्रम में आज संस्था ने अपनी 41वी पा8शाला का शुभारंभ किया। संस्था की सभी पा8शाला में मलिन बस्तियों के बच्चों को नई शिक्षा नीति के तहत पढ़ाया जाता है। संस्था पा8शाला में पढ़ने वाले बच्चों का तीन से चार महीने पढ़ाने के बाद पास ही के सरकारी स्कूल में दाखिला कराती है। आज के इस शुभारंभ में अतिथि के रूप में मुरादाबाद नागरिक समाज व वर्तन व्यापार मंडल से संजीव जी व मुरादाबाद नागरिक समाज से रवि टंडन जी उपस्थित रहे और इस कार्यक्रम में संस्था की तरफसे अध्यक्ष कपिल कुमार सहित सभी पदाधिकारी व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

गैस सिलेंडर से हो रहा सड़क का घटिया निर्माण

गैस सिलंडर से हो रहा सड़क निर्माण

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। सड़क निर्माण में घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग कर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।विभागीय अधिकारियों की अनदेखी का फायदा उठाकर ठेकेदार मनमानी कर रहा है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा जहां एक ओर महिलाओं को उज्जवल योजना के तहत गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है तो वंही यह सिलेंडर घर में प्रयोग होने के वजाय सडक के निर्माण में इसका प्रयोग किया जा रहा है। कलीनगर तहसील क्षेत्र के लालपुर विधिपुर में लाखों रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य में खानापूर्ति की जा रही है। वताया जाता है कि सड़क निर्माण में जहां एक ओर गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है,तो वंही सड़क के निर्माण में घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग किया जा रहा है। आरोप है कि ठेकेदार सड़क निर्माण कार्य में मिक्सर मशीन में घरेलू सिलेंडर का प्रयोग कर सड़क पर पीसी डाल रहा है।इससे लोग तमाम प्रकार के सवाल खडे कर रहे हैं।गैस सिलेंडर से हो रहे सडक निर्माण को लेकर मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि सड़क के निर्माण में घरेलू सिलेंडर का प्रयोग हो रहा है।यह सिलेंडर कहां से आया इसकी जांच होनी चाहिए। अगर सड़क पर अब तक हुए निर्माण के गुणवत्ता की जांच हो तो ठेकेदार की गर्दन फसना तय है। क्योंकि निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा मनकों की जमकर अनदेखी की गई है।जिसमें नाम मात्र का सीमेंट बजरी और रेत का अधिक प्रयोग किया जा रहा है।जिससे मार्ग जल्दी टूट सकता है।गैस सिलेंडर से बनाई जा रही सड़क का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है।जिसमें गैस सिलेंडर से सड़क का निर्माण होता साफदिखाई दे रहा है।इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मना करने के बावजूद कुछ ठेकेदार सड़क के निर्माण में कमर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर का प्रयोग करते हैं। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।बताया जाता है कि कुछ माह पहले जल्लूपुर गांव में भी गैस सिलेंडर के प्रयोग से ही सड़क का निर्माण कराया गया था जो अब टूटने लगी है। ग्रामीणों ने मानक के रूप सड़क निर्माण करने की मांग की ।

एक दिवसीय मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

मुरादाबाद। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के संबंध में उद्घोषित 10 सूत्रीय एजेंडे के अंतर्गत तृतीय एजेंडा बिंदु आपदा का आयोजन किया गया। बताते चले कि मंगलवार की सुबह जिलाधिकारी मुरादाबाद के निर्देशन में पंचायत भवन सभागार में आयोजित एक दिवसीय मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का षुभारम्भ दीप प्रज्जवलित करके किया गया। वहीं इस दौरान मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि जोखिम प्रबंधन में महिलाओं का नेतृत्व तथा व्यापक सहभागिता का केन्द्रीयकरण पर सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महिला स्वयं सहायता समूहों (सेल्फ हेल्प ग्रुप्स वोमेन) की आपदा जोखिम न्यूनीकरण में भूमिका विषय पर उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ है।

सपा सांसद के निधन पर सपाइयों में शोक संवेदनायें की व्यक्त

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। संभल के सांसद शफीकुर रहमान वर्क के निधन में सपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर। संसद के सबसे बुजुर्ग सासंद और सपा नेता शफीकुर्रहमान के निधन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें खिराजे अकीदत पेश कर उनके लिए दुआएं मगफिरत की ।सपा नेता तौफीक अहमद क़ादरी ने कहा की संभल के सांसद शफीकुर रहमान संसद में सबसे बुजुर्ग संसद थे ।और अपनी बात वो बड़ी बेबाकी से कहने वाले थे । हाल ही में प्रधान मंत्री मोदी जी ने उन्हे संसद में सबसे बुजुर्ग सासंद बताया था ।सपा के वे बहुत पुराने कार्यकर्ता थे कई बार के सांसद थे।हमेशा अल्पसंख्यक मुद्दो और जन हित के मुद्दो को संसद में उठाया करते थे।उनके जाने से संसद ने अपने बुजुर्ग सांसद को खो दिया है ।उनकी भरपाई मुश्किल ही नहीं ना मुमकिन भी है ।उनके निधन से पार्टी कार्यकर्ता गमगीन हैं ।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार माह मार्च में दिनांक 05.03.2024 से दिनांक 07.03.2024 तक लघु आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु आयोजित होने वाली विशेष अदालत एवं दिनांक 09 मार्च शनिवार को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में लघु प्रकृति के फौजदारी वाद, एनआई एक्ट की धारा 138, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, वैवाहिक / पारिवारिक वाद, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना एवं प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम से संबन्धित वाद, श्रम वाद एवं भूमि अध्याप्ति वाद राजस्व वाद, ऋण वाद आदि सहित अन्य प्रकार के वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारण किया जाना है। कमलेश कुमार मौर्य, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के कम में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 09.03.2024 में पारिवारिक प्री-लिटिगेशन मामलों को सुलह समझौता के माध्यम से निपटा सकते है एवं कोई भी व्यक्ति अपने पारिवारिक विवाद को पंजीकृत होने से पूर्व प्रार्थना पत्र के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में भेजकर सुलह समझौता द्वारा अपने पारिवारिक विवाद को प्री-लिटिगेशन स्तर पर खत्म कर सकते हैं और अपने धन और समय की बचत कर सकते हैं। त्वरित, सरता, सुलभ न्याय प्रत्येक नागरिक का अधिकार है आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय स्तर तक के किसी भी न्यायालय या विभागीय ऐसे मामले जो सुलह-समझौता के आधार पर निस्तारित किये जा सकते हैं, के लिये आवेदन पत्र देकर वादकारी अंतिम आदेश और निर्णय प्राप्त कर कर सदैव के लिये लम्बित मामलों से छुटकारा पा सकते है लोक अदालत में किसी भी वाद के निस्तारण के लिये किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना पड़ता एवं पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौता के आधार पर विवाद का निस्तारण किया जा सकता है।

अपर जिलाधिकारी ने की सीएम डैशबोर्ड की राजस्व समीक्षा बैठक

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की राजस्व समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। बैठक में वाणिज्य कर, स्टांप देय, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, धान क्रय, गन्ना मूल्य भुगतान, खनन, नगर पालिका तथा राजस्व कार्यों की समीक्षा किया गया। जनवरी माह में जिन विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम पाई गई। उन विभागो को अपर जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली में तेजी लाया जाय। अन्यथा की दशा में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान धारा -24, 33, 34, 67, 80 तथा अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक समीक्षा किया गया। साथ ही साथ अपर जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/नायब तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक माह लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की जाए। इसके अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आम जनमानस के साथ संवेदनशीलता का व्यवहार करें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार/ नायब तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि अपने कोर्ट पर नियमित रूप से सुनवाई किया जाए।जिससे लम्बित मुकदमों का ज्यादा से ज्यादा यथा शीघ्र निस्तारण हो सके। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि आइजीआरएस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए तथा पोर्टल पर ससमय फीडिंग भी कराई जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार/ नायब तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि प्रातः 10ः00 बजे से 12ः00 बजे तक प्रत्येक दिन जनता दर्शन की सुनवाई किया जाए। बैठक के दौरान समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार/नायब तहसीलदार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी तथा राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहें।

फ्लाईओवर में जीने के निर्माण के संबंध में मंडलायुक्त मुरादाबाद को कराया अवगत

उधर रेलवे द्वारा जलालाबाद फ्लाईओवर के नीचे आरसीसी दीवार का निर्माण कराया जा रहा है जिसकी लंबाई लगभग 6 फीट है और लंबाई लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर के लगभग है उक्त दीवार होने के बाद एक कोई भी व्यक्ति लाइन क्रॉस नहीं कर सकता है उधर जीना निर्माण न होने से भी आमजन के समक्ष दिक्कत आ रही है।

पूर्व में आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा इस संबंध में जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल को भी अवगत कराया गया था जिस पर जिलाधिकारी ने दोनों फ्लाईओवर ब्रिज में जीना निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के प्रबंध निदेशक को अपनी संस्तुति भी भेजी थी परंतु अभी तक कोई कार्य संबंध में नहीं की गई है ।

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) नजीबाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज में धनराशि होने के बावजूद जीना निर्माण ना होने के संबंध में मंडलआयुक्त मुरादाबाद को अवगत कराया गया है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने सोमवार को मुरादाबाद जाकर मंडलआयुक्तआंजनेय कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हे शिकायती पत्र सौंप कर अवगत कराया कि पूर्व में उत्तर प्रदेश हेतु निगम द्वारा नजीबाबाद के जलालाबाद और गढ़मलपुर में मौजूद रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 तथा 480 पर उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण तो कर दिया गया परंतु जीने का निर्माण नहीं कराया गया जिस कारण आमजन को एक सिरे से दूसरे सिरे पर जाने के लिए बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा है और जीने के अभाव में लगभग 7 लोगो की मौत और कई लोग अभी तक घायल हो चुके हैं इस संबंध में समस्त दस्तावेज मंडलआयुक्त को उपलब्ध कराए गए जिसमें धनराशि होने के बावजूद भी जीने का निर्माण न कराया जाना तथा मृतकों और घायलों की संख्या, तत्कालीन परियोजना सेतू निगम को जारी कारण बताओं नोटिस की भी छाया प्रति भी दी गई।मंडलआयुक्त ने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाही का आश्वासन आरटीआई कार्यकर्ता को दिया है।

मैक्स मेड सेंटर में शुरू हुई कैंसर ओपीडी

मुरादाबाद। कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसके बारे में सुनकर मरीज और परिजन सभी की टेंशन बढ़ जाती है. मुरादाबाद में भी कैंसर के मामलों में इजाफा देखा जा रहा है. ऐसे में लोगों को इसके प्रति जागरूक करने और कैंसर के उपलब्ध इलाज की जानकारी देने के उद्देश्य से मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज (नई दिल्ली) ने एक इंटरेक्टिव सत्र का आयोजन किया. इस दौरान अस्पताल ने अपनी कैंसर ओपीडी के शुभारंभ का भी ऐलान किया मुरादाबाद में ये कैंसर ओपीडी पीली कोठी के पास क्रॉस रोड मॉल में फर्स्ट फ्लोर स्थित मैक्स मेड सैंटर में चलेगी. महीने के चौथे मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक इस ओपीडी में डॉक्टर कैंसर मरीजों को देखेंगे. इस ओपीडी के शुरू होने से मुरादाबाद व आसपास के लोगों को प्राथमिक परामर्श के लिए दूसरे शहरों की तरफ नहीं जाना पड़ेगा, उनका पैसा और समय दोनों बचेगा. मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर नितिन लीखा, सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर संजीव तुली की मौजूदगी में इस ओपीडी को शुरू किया गया. डॉक्टरों ने इस मौके पर इस बात जोर दिया कि रोग का शुरुआती स्टेज में डायग्नोज और फिर सही इलाज से जीवन सुधर जाता है. मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज नई दिल्ली में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर नितिन लीखा ने ओपीडी सेवा के लॉन्च पर कहा, कैंसर का शुरुआती स्टेज में पता चल जाने और फिर लेटेस्ट तकनीक से इलाज मिलने पर मरीज ठीक हो जाते हैं और उनके लिए अच्छे रिजल्ट आते हैं, ऐसे में लोगों के बीच इसकी जानकारी होना बेहद जरूरी है. रोबोटिक सर्जरी के रूप में आई नई तकनीक ने कैंसर के इलाज और अधिक प्रभावशाली बना दिया है. 3डी व्यू के साथ रोबोट असिस्टेड कंसोल डॉक्टरों को ऐसी सर्जरी करने में मदद करता है जिन्हें करना लेप्रोस्कोपी के जरिए कठिन माना जाता है. रोबोटिक सर्जरी में टांके लगाने में भी आसानी रहती है जिससे रिकंस्ट्रक्शन में मदद मिलती है.

पीएम किसान की 16वीं किस्त आज होगी जारी

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत जिले में अब तक 388030 लाभार्थियों के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से 939.78 करोड़ की धनराशि भारत सरकार द्वारा भेजी गयी है। आगामी दिनांक 28 फरवरी 2024 को आदरणीय प्रधानमंत्री जी पी0एम0किसान की 16वीं किस्त महाराष्ट्र से बटन दबाकर जारी करेंगे, जिसका सभी विकास खण्डों के सभागार में सीधा लाइव प्रसारण किया जायेगा। कार्यक्रम में पी0एम0किसान योजना के लाभार्थी कृषक, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के कृषक, कृषक उत्पादन संगठन के सदस्य / सी0ई0ओ0 द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। जायद में बोयी जाने वाली प्रमुख फसलों यथा उर्द, मूँग की खेती के तकनीकी बिन्दुओं, प्राकृतिक खेती, नैनो यूरिया, नैनो डी0ए0पी0, जैव उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, कृषि विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ तथा सहायक विकास अधिकारी (कृषि/कृषि रक्षा) द्वारा भी चर्चा की जायेगी।

ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले में 82 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जनपद के हाजी अब्दुल्ला महिला पीजी कालेज परिसर सुल्तानपुर कबीरपुर विकास खण्ड बसखारी में कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनार्न्तगत ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री रफत एजाज जिला उपाध्यक्ष भाजपा और कौशल विकास मिशन के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं बुके देकर अधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कौशल प्रबंधक, कौशल विकास मिशन द्वारा किया गया। जिला कौशल प्रबंधक, कौशल विकास मिशन द्वारा उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थियों को यह अवगत कराया गया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भारत सरकार की एक महत्वाकाँक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पुरूषों के लिए 15 से 35 आयुवर्ग एवं महिलाओं के लिए 15 से 45 आयुवर्ग के ग्रामीण क्षेत्रों के निर्धन परिवार के युवाओं को निःशुल्क व्

मैप में हेराफेरी की रिपोर्ट देने के 22 महीने बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील के ग्राम पंचायत टेवा के राजस्व मैप नक्शा में हेरा फेरी करके नक्से की आकृति 28 लाठा बढ़ाकर नक्शा फिर से बना दिया गया । इसका साजिश कर्ताओं ने लाभ उठाया। अपने हिस्से से ज्यादा जमीन की रजिस्ट्री कर चुके हैं। अब पड़ोसी के खेत पर कब्जा कर रहे हैं । राजस्व आरजी 703 को हड़पने के उद्देश्य आराजी संख्या 701 के नक्शे में हेरा फेरी कर 44 लाठा जमीन को रातों रात 72 लाठा बना दिया गया है। यह जमीन चकबंदी रिपोर्ट के अनुसार चकबंदी प्रक्रिया से बाहर है। मामले की शिकायत तत्कालीन जिलाधिकारी से हुई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर मंझनपुर तहसीलदार में संपूर्ण प्रकरण की जांच की जांच के दौरान राजस्व मैप नक्शा में हेरा फेरी उजागर हुई । तहसीलदार ने पत्र संख्या 723 सन 2022 के जरिए 26 मई 2022 को जिलाधिकारी को अपनी रिपोर्ट कार्यवाही के लिए भेज दिया था, लेकिन 22 महीने बीत जाने के बाद भी तहसीलदार की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी कार्यालय से कार्रवाई नहीं हुई है। जब लोग जिलाधिकारी कार्यालय के उक्त पत्र से संबंधित लिपिक के पास पहुंचे और 26 मई 2022 को तहसीलदार मंझनपुर द्वारा भेजे गए पत्र की जानकारी चाही। तो मालूम चला कि कलेक्ट्रेट के लिपिक के पास पत्र नहीं मिल रहा है ।अब सवाल उठता है कि कलेक्ट्रेट लिपिक के पास से तहसीलदार का यह पत्र कहां गायब हो गया है ।पौने दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इसकी जांच भी नहीं की गई है। तहसीलदार की रिपोर्ट पर 22 महीने बाद कार्रवाई न होने के बाद राजस्व नक्शा में हेरा फेरी करने वाले लोग मौज कर रहे हैं। वह पड़ोसी की जमीन पर कब्जा करके मालामाल होना चाहते हैं।

दो पटाखा दुकानों का भंडारण मिला मानक विपरीत

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मंगलवार को उपजिलाधिकारी सिराथू एवं क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा संयुक्त रूप से व्यापक चेकिंग अभियान चलाते हुए अवैध पटाखा भण्डारण के विरुद्ध कस्बा भरवारी व सर्किल सिराथू क्षेत्र मे चेकिंग कर कार्यवाही की गयी इस दौरान कस्बा भरवारी मे 2 दुकान का भण्डारण मानक के विपरीत पाया गया । जिसको सीज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है, तथा कस्बा सिराथू मे अनुज्ञप्ति धारक अब्दुल गफ्फार पुत्र हबीब अहमद के भण्डारण स्थल पर अग्निशमन यन्त्र व सुरक्षा के अन्य उपकरण नही पाये गये। जो मानक के विपरीत थे।

सीज करके किया विधिक कार्रवाई

जिसके दृष्टिगत अनुज्ञप्तिधारक अब्दुल गफ्फार पुत्र हबीब अहमद के लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है। थाना कड़ाधाम मे चेकिंग के दौरान एक मकान से बारूद व पटाखे बरामद किये गये हैं। जिनमे संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध थाना कड़ाधाम में अभियोग पंजीकृत करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार क्षेत्राधिकारी चायल के द्वारा सर्किल चायल क्षेत्रांतर्गत कस्बा मनौरी एवं कस्बा चायल सहित अन्य स्थलों में चेकिंग की गई एवं सम्बन्धित को शासन द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन करने हेतु हिदायत दी गई।

पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामला में टीम ने गोदाम के ताले तोड़कर की जांच

कौशाम्बी। जिले के भरवारी कस्बे में पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में 7 लोगो की मौत और 8 लोगो के गंभीर होने के बाद शासन के निर्देश पर पटाखा फैक्ट्री और दुकानदारों की जांच करने के लिए सीओ, एसडीएम फायर ब्रिगेड की टीम भारी पुलिस फोर्स के साथ भरवारी कस्बा पहुंची। भरवारी कस्बे में दो दिन पहले पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। जिसमें पटाखा फैक्ट्री मालिक सहित 7 लोगो की मौत हो गई थी और 8 लोग अभी भी गंभीर हालत में प्रयागराज और दिल्ली में भर्ती है, उनका इलाज चल रहा है। मंगलवार को भरवारी कस्बा में पटाखा फैक्ट्री चला रहे अन्य लोगो के घरों के ताला तोड़कर सीओ, एसडीएम और फायर ब्रिगेड के अधिकारियों की टीम ने जांच की है। जांच टीम द्वारा जांच के दौरान दुकान में पटाखे भरे हुए मिले है,अधिकारियो ने दुकान और गोदाम में अपना ताला लगवाकर पटाखे नष्ट कराने के लिए प्रयागराज से टीम बुलाने के लिए उच्च अधिकारियों से वार्ता की है।

संक्षिप्त आवाज

गैर इरादतन हत्या के दो वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी । जनपद में अपराद एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवा घाट पुलिस उप निरीक्षक अनुराग सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0 के वांचित अभियुक्त लल्ल सिंह पुत्र देशराज व राजा सिंह पुत्र देशराज नि0 गण ग्राम शाहपुर मुबारकपुर थाना महेवा घाट जनपद कौशाम्बी यमुना ब्रिज से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेजा गया।

हत्या का प्रयास करने वाले को गिरफ्तार किया

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उप निरीक्षक अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0 के वांछित अभियुक्त राममिलन पुत्र महादेव निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को उस्मानपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक अरविंद दुबे मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी केदारनाथ पुत्र तुली निवासी गौरा डेरा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

वाहन चेकिंग के दौरान 51 वाहनों का चालान

कौशाम्बी। जनपद में चलाए जा रहे यातायात से संबंधित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानो वह यातायात पुलिस द्वारा यातायात के नियमों का नियमों का ना पालन करने वाले के विरुद्ध चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले 51 वाहनों का ई चालान किया गया

शांतिभंग में 4 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट हुआ शांति भंग करने के आप में थाना सैनी 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया

ब्लॉक में कृषि गोष्टी मेला आयोजित

कौशाम्बी। प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार सरसवां ने बताया कि बुधवार को 10 बजे से सरसवा ब्लॉक में कृषि गोष्टी मेला आयोजित है। इसमें किसानों का किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जाएगा। जिन किसानों को सम्मान निधि नही मिल रही है उनके फॉर्म जमा किए जायेगे। उनको कृषि विभाग की योजनाओं जानकारी दी जाएगी। क्षेत्र के किसान भाई अधिक से अधिक कृषि मेले में भाग ले।

नवागत ईओ ने नगर पालिका मंझनपुर का संभाला कार्यभार

कौशाम्बी। मंझनपुर नगर पालिका कार्यालय में मंगलवार को पहुंचकर नवागत अधिशाषी अधिकारी प्रतिभा सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। अधिशाषी अधिकारी अनूप राय के स्थानांतरण के बाद पद खाली था। शासन के निर्देश पर अब तक एडीएम न्यायायिक प्रबुद्ध सिंह को नगर पालिका का चार्ज मिला हुआ था। मंगलवार को उन्होंने नवागत अधिशासी अधिकारी को ज्वाइन करा दिया। नगर पालिका में ज्वाइन करने के बाद ईओ प्रतिभा सिंह ने एडीएम वित्त अरुण कुमार से भेंट कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया है।

एएसपी ने पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी

कौशाम्बी। मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी अशोक कुमार वर्मा द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एएसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं ड्रल कराई गई, तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गई ,तथा गार्ड का निरीक्षण किया गया।परेड के उपरान्त परिवहन शाखा, पुलिस कैंटीन, जिम, बारिकों, डायल 112, डीसीआर, मेंस एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

दबंग ने रास्ते को काटकर अपने खेत में मिला लिया

कौशाम्बी। सैनी थाना क्षेत्र के भरेठा बाग मजरा अठसरई के छोटे लाल मौर्य, विनोद कुमार, संजीत कुमार,संत लाल,नथन सिंह, हरिश्चंद्र मौर्य,संत लाल मौर्य, सोनू, राजेंद्र कुमार मौर्य, सोनू यादव, राकेश कुमार लोधी, मनीष मौर्य,रोशन यादव,मान सिंह,जय सिंह आदि लोगों ने भाजपा जिलाध्यक्ष कों शिकायत देकर बताया कि गांव का फूल सिंह यादव पुत्र जगन्नाथ यादव के खेत के पास लगभग 19 वर्ष पुराना खरंजा लगा हुआ था। उसी रास्ते से आम जनमानस आते जाते रहे। फूल सिंह ने अपने गुंडई और दबंगई के बल पर जबरन उक्त खरंजे को उखाड कर ईटों को अपने घर में रख लिया। उस रास्ते को काटकर अपने खेत में मिला लिया। जिससे गांव वालों के आने-जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया है। ग्रामीणों ने जब प्रधान प्रतिनिधि को बताया तो राकेश कुमार मौर्य ग्राम प्रधान प्रतिनिधि होने के नाते फूल सिंह यादव से पूछताछ किया तो दबंग ने मंगलवार के दिन समय लगभग 12 बजे मोबाइल पर फूल सिंह ने फोन करके कहा कि तुम प्रधान गांव के लोगों के कहने पर निर्माण करवाओगे तो मैं तुम्हें देख लूंगा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नहीं रह पाओगे मैं तुम्हें देख लूंगा और कई प्रकार की धमकी दिया और कहा कि रास्ता नहीं बनवा पाओगे ऐसी स्थिति में प्रधान प्रतिनिधि ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए सैनी पुलिस को लिखित तहरीर दी लिखित तहरीर पाकर सैनी पुलिस ने दबंग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज़ कर लिया ,लेकिन हफ्तों बीत जाने के बाद भी पुलिस ग्रामीणों को न्याय नहीं दिला सकी। और न ही पुलिस आरोपी को गिरफतार कर सकी। न्याय न मिलने के कारण ग्रामीणों ने भाजपा जिलाध्यक्ष धर्म राज मौर्य से न्याय की गुहार लगाई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष कों शिकायती पत्र देकर न्याय की लगाई गुहार

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

कौशाम्बी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय, कौशाम्बी में 9 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, एन0आई0 एक्ट, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी व अन्य प्रकार से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेगा।

जनता की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: एसपी बृजेश श्रीवास्तव

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने रोजाना की तरह मंगलवार को लोगो की समस्याओं को सुनने व उनके निस्तारण के लिए जनता दरबार लगाई । एसपी लगातार जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओ का निस्तारण कर रहे हैं। गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक का जनता दरबार से फरियादियों को न्याय मिल रहा है।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय पहुंचे जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के फरियादियों ने एसपी के समक्ष अपनी समस्याएं बताई। पुलिस अधीक्षक ने समस्त फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर गंभीरता से सुना।इस दौरान

जन सामान्य की शिकायतों को समय से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को एसपी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

सड़क हादसो में किसान समेत दो की मौत

बांदा। दो बाइको में आमने सामने भिडंत हो गई। इसमें बाइक सवार किसान की मौत हो गई। पीछे बैठा युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अन्य हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सतना जिले के चुआखेरवा गांव निवासी रामलखन पांडे (70) पुत्र रामसनेही अपने पड़ोसी नंदकिशोर (35) के साथ बाइक में बैठकर राजाड़ाडी फतेहगंज साले सालिगराम के दो पुत्र संगम और अतुल के तिलक समारोह में शामिल होने गया था। सोमवार की रात कार्यक्रम निपटाने के बाद दोनो लोग बाइक से वापस गांव जा रहे थे। तभी फतेहगंज के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी भिडंत हो गई। जिससे दो लोग घायल हो गए। उन्हे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को रानीदुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान रामलखन पांडे की मौत हो गई। मृतक किसानी करता था। उसके 12 बीघा जमीन है। मृतक अपने पीछे पत्नी कल्ली के अलावा तीन पुत्र दो पुत्री छोड़ गया है। एक अन्य हादसे में गिरवां थाना क्षेत्र के बछेही गांव निवासी बबलू (28) पुत्र चद्रभवन अतर्रा कस्बे में किराए के मकान में रहता था। वह सोमवार को अपनी मां रामदेवी व पत्नी रत्नो के साथ शहर के जवाहर नगर शादी में शामिल होने आया था। मां और पत्नी को छोड़ने के बाद बाइक से कालू कुआ जा रहा था। तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव पहुंच गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चाचा चद्रपाल ने बताया कि बबलू दिल्ली में रहता था। वह एक सप्ताह पहले गांव आया था।

ओवरटेक के चक्कर में ट्रक को मारी टक्कर, खलासी की मौत

बांदा। ओवरटेक करने के चक्कर में डंपर ने मोरम लदे ट्रक में टक्कर मार दिया। जिससे ट्रक खलासी की मौके पर मौत हो गई। ट्रक चला रहा मृतक का बड़ा भाई घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाराबंकी के लालपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र (32) पुत्र रामकेश ट्रक चलाता है। उसका छोटा भाई राजकुमार (25) खलासी का काम करता था। सोमवार की रात वह रामपुर गिरवां से ट्रक में मोरम लादकर फतेहपुर जा रहे थे। तभी पपरेदा गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक में टक्कर मार दिया। जिससे राजकुमार की मौके पर मौत हो गई। ट्रक चालक हरिश्चंद्र घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक अविवाहित था वह तीन भाईयो में दूसरे नबंर का था। अचानक हुई इस घटना से मां रामा देवी समेत परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

किशोरी के साथ रेप का प्रयास

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया गया,मामले की तहरीर पुलिस को दिया गया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई । किशोरी की मां ने मंगलवार को एसपी से शिकायत करके न्याय की गुहार लगाई है। मां का आरोप है कि गत 23/2/24 को उसके घर में घुसकर गांव का ही एक युवक उसकी बेटी के साथ जबरन रेप करने का प्रयास किया। इस दौरान उसने किशोरी के कपड़े फाड़ दिए। किशोरी ने छुडाकर भागने की कोशिश किया तो युवक ने किशोरी के हाथ में और चेहरे पर दांत काट लिया। किशोरी की मां ने पुलिस चौकी बेरुई को लिखित शिकायती पत्र दिया है, लेकिन चौकी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

भटेवर गांव में 150 वर्षों से अनवरत जारी रामलीला

ग्रामीणों ने कहा, रामलीला होने से नहीं होती गांव में ओलावृष्टि

महोबा (स्पष्ट आवाज)। भटेवर गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय रामलीला का आयोजन पुजारी बाबा के स्थान पर सम्पन्न हो गया। प्रत्येक वर्ष हिन्दू पंचांग के अनुसार माघ मास की पूर्णिमा को धनुष यज्ञ का मंचन किया जाता है। महोबा कोतवाली क्षेत्र में आने वाले भटेवर गांव में इस वर्ष 23 फरवरी से 27 फरवरी तक अलग-अलग क्षेत्र कानपुर, बांदा, फतेहपुर, महोबा के विद्वान कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन 23 फरवरी को

राम जन्म, ताड़का बध, पुष्प वाटिका का मंचन किया गया तो वही दूसरे दिन यानी मांघ पूर्णिमा की रात्रि में धनुष यज्ञ का मंचन किया गया। उसके अगली रात्रि 25 फरवरी को राम बनवास, केवट (मल्लाह) मिलन की लीला का मंचन किया गया, जिसमें चतुर केवट द्वारा भगवान राम से नाव की उतराई न लेते हुए कहा कि आपका और मेरा काम एक है मैं नदी से पार लगाता हूं और आप भवसागर (मोक्ष) से पार लगाते हैं। इसलिए मैं आप लोगों से उतराई नहीं ले सकता। सोमवार की रात्रि के मंचन में सीता हरण, सुग्रीव से मित्रता, बाली बध एवं सीता माता की खोज आदि लीलाओं का मंचन किया गया। यही रात्रि अंतिम, यही रात्रि भारी, रामलीला मंचन की अन्तिम रात्रि को राम ने अपनी सेना सहित लंका पर चढ़ाई करते हुए सभी राक्षसों का बध किया, और लंका का राज्य विभीषण को सौंपते हुए पुष्पक विमान से (अवध) अयोध्या लौट गये।

1992 से गायब कमलेश लौटा अपने घर

महोबा (स्पष्ट आवाज)। पनवाड़ी विकासखंड के बैंदो गांव के कमलेश तिवारी 31 साल लापता रहने के बाद अचानक घर वापस आ गया जिससे दोनों बड़े भाई और गांव के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। बैदो निवासी स्व0 मोतीलाल तिवारी के तीन पुत्र है। सबसे बड़े पुत्र संतोष, उससे छोटा अशोक व सबसे छोटे पुत्र कमलेश तिवारी है। दोनो बड़े पुत्र शादीशुदा है तथा सबसे छोटा अविवाहित था। वर्ष 1992 में कमलेश घर से भाग गया था। परिजनों के खोजबीन करने पर भी उसका कहीं पता न चलने पर थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उधर बेटे के गायब होने पर माता मान व पिता मोतीलाल चिंतित रहते थे और इसी सदमें में वर्ष 2008 में मां की तथा पिता की वर्ष 2018 में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद भी गायब कमलेश घर नहीं आया और न कोई जानकारी हुई। गत दिवस बुजुर्ग हालत में घर के दरवाजे पर कमलेश को देखकर दोनो भाई संतोष,अशोक पहचान नहीं पाए द्य आवाज सुनते ही दोनों भाई गले से लिपट गए और थाने लाकर जानकारी दी। पुलिस ने अधिकृत रूप से परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

क्रसं 1:– ई–प्रापण निविदा संख्या: उप मु0इं0–नि0–छपरा–02–2024, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत मॉझी–बकुलहा –(घाघरा नदी पर पुल सं0 16) का पुर्ननिर्माण परियोजना के अन्तर्गत घाघरा नदी पर महत्वपूर्ण पुल सं0 16 (मॉझी पुल) के पुर्ननिर्माण के अन्तर्गत रिवर ट्रेनिंग एवं बैंक प्रोटेक्शन का कार्य। **अनुमानित निविदा मुल्य:** ₹ 163961402.25, **बयाना राशि:** ₹ 969800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य: 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 (छः) माह। (मानसून अवधि दिनांक 16.06.2024 से 15.09.2024 को छोड़कर)।

बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि – 06.03.2024 उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि–दिनांक 20.03.2024 को 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि– दिनांक 20.03.2024 को 15.30 बजे, निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेवसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

श्री विवेक नन्दन, कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/छपरा, मो0 न0 9794844280,

उप मुख्य इंजीनियर/नि0 छपरा

मुजाधि/डब्लू–555

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें

दोबारा ओलावृष्टि गिरने से किसान हुए बेहाल

बांदा। ब्लाक जसपुरा क्षेत्र के सोनामऊ आदि के क्षेत्रों मे मंगलवार को पुनः आंधी तूफान तेज हल्की वारिस के दौरान ओलावृष्टि ने किसानों को दुबारा झकझोर दिया। कुछ दिन पूर्व ब्लाक जसपुरा के क्षेत्र में भारी तूफान, हल्की बारिस ,सत्तर प्रतिशत बड़े-बड़े ओला खेतो में पड़े थे जिससे खड़ी फसल ज्यादा मात्रा में नष्ट हुई थी। बड़े बड़े पेड़ भी टूटकर दूसरी जगह पडे थे तथा रोड से पेड़ को जेसीवी के जरिये प्रशासन हटवाए थे परन्तु आज पुनः प्रकृति ने किसानों के ऊपर मार दी है वही किसान शिवदत्त तिवारी सोनामऊ ने बताया कि आज 20 मिनट तक बड़े बड़े ओला पड़े। जिससे सैकड़ो बीघा की खड़ी फसल सरसो, मटर, चना आदि ओलावृष्टि से सत्तर प्रतिशत फसल नष्ट हो गई हैं।

वही रज्जू किसान गौरीकला ने बताया

कि केवल आठ बीघा खेत है जिसमें से पांच बीघा के आसपास फसल बोई हुई थी। आज के ओलावृष्टि से दुबारा फसल खराब हो गई है अब खाने के लिए कुछ नही बचा है। बिन्दा प्रसाद नुनहा डेरा गड़रिया किसान ने बताया कि केवल साढ़े तीन बीघा खेत था आज के ओला पड़ने से फसल नष्ट हो गई है अब इसके अलावा कुछ नही बचा है।

वही विमल मिश्रा, श्रीराम सविता, मोहन विश्वकर्मा, संतोष शुक्ला, लवकुश बाजपेई, शिवदत्त तिवारी निवासी सोनामऊ आदि ने बताया कि सबसे ज्यादा आज की ओलावृष्टि से मटर, लाही, सरसो, चना आदि की फसल ज्यादा मात्रा में खराब हो गई हैं। मटर के दाने फटकर नष्ट हो गए है। वही कल्लू किसान रामपुर ने बताया कि रामपुर हार, जसपुरा हार की फसल आज के ओले से काफी नुकसान हो गया है वही किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया कि पहले भी किसानो की फसल मटर, लाही, सरसो, चना, आदि की फसल खराब हुई थी और आज के ओले पड़ने पर दुबारा फसल खराब हो गई है जिस से भारी मात्रा में किसान दुखी है किसान यूनियन के अध्यक्ष ने पुनः सरकार से किसानों की सहायता करने की अपील की है।

जनप्रतिनिधियों के साथ एसपी ने की बैठक

महोबा (स्पष्ट आवाज)। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ सामायिक विषयों पर परिचर्चा हेतु मासिक विचार-विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया।अपराध नियंत्रण,शान्ति, कानून-व्यवस्था, क्षेत्रीय समस्याओं एवं पुलिसिंग में अपेक्षित सुधार आदि विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सम्मानित सांसद, विधायक, उनके जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर जनहित में प्राप्त सुझावों से क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण हेतु पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने में सहायता प्राप्त होगी साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण पहलुओं पर पुलिस के दृष्टिकोण से अवगत कराने, विचारों के आदान-प्रदान से एक-दूसरे को समझने में सहायक होगी।

छात्र ने ईमानदारी की मिशाल पेश कर दी प्रेरणा

उरई (जालौन)। आज परिवार और विद्यालय यदि अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक से करे तो छात्र को आदर्श नागरिक वनने से कोई नही रोक सकता, ऐसा ही एक उदाहरण देखने को मिला सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज झांसी रोड उर ई मे जहां शिवम राजपूत कक्षा 09 का छात्र है जो साइड मे चलने वाले छात्रावास मे रहता है ने अपने संस्कारो को अपने आचरण से दिखाया! शिवम राजपूत अपने गांव सुनेहटा से 15 किमी दूर परासन मे लगने वाले मेले मे गया था जहां उसे ओप्पो कम्पनी का एक मोबाइल रास्ते मे पडा मिला जिसे लेकर वह घर आया और अपनी मां श्रीमती चन्द्रकली राजपूत को सौपते हुये पूरे वाकया से अवगत कराया, मां ने अपने बडे बेटे पुष्पेन्द्र राजपूत, पति

देवेन्द्र राजपूत को बताया तो बडे बेटे ने उक्त मोबाइल का नम्बर खोजना चाहा पर मिला नही राजपूत परिवार को लगा कि पता नही मोबाईल उपभोक्ता पर क्या बीत रही होगी आगे कोई कदम उठाते उसके पूर्व ही उसी नम्बर पर काल आयी जिसको पुष्पेन्द्र ने रिसीव किया और उसको ढाढस बंधाते हुये कहा आप घबराईये नही आपका मोबाईल सुरक्षित हाथों मे ये मेरे छोटे भाई शिवम को मिला है आप आ जाइये और उसे ले जाय! अगले दिन मध्य प्रदेश निवासी उक्त मोबाईल का मालिक आया और फोन प्राप्त कर वहुत खुश हुआ सभी को धन्यवाद देते हुये कुछ नगद इनाम देना चाहा जिसको राजपूत परिवार ने ये कहकर लौटा दिया कि ईश्वर कृपा से सब कुछ अपने पास है फिर ये तो हमारी जिम्मेदारी थी जो हमने निभाई! आप के चेहरे की खुशी ही हमारा उपहार है! इस बात की जानकारी जब शिवम के अध्यापको और सहपाठियो को हुई तो उनका सीना गर्व से चौडा हो गया, सभी ने शिवम को इस नेक कार्य के लिये वधाई देते हुये उसके उज्जवल भविष्य की कामना की! विद्यालय के प्रधानाचार्य और प्रबंध समिति ने भी अपने इस छात्र को वधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की!

खोये बच्चे को चार घंटे में माता-पिता के किया हवाले

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की टीम ने चार घण्टे के अन्दर गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। ज्ञात है कि 26 फरवरी सोमवार को महर्षि वाल्मीकि आश्रम असावर देवी माता मंदिर लालापुर में अंतिम सोमवार को लगने वाले मेले में शाम साढे पांच बजे दो वर्षीय बालक माता-पिता व परिजनों से बिछड़ गया था। बच्चे के माता-पिता गांव के तमाम लोगों के साथ मेला आये थे। लापरवाही से बच्चे को मेले में ही छोड़कर घर चले गए थे। बच्चा पुलिस को मेले में रोता हुआ मिला। काफी प्रयास-खोज खबर कर बच्चे के माता-पिता का पता किया।

पीड़ित शिक्षिका ने एपीएस प्रबंधक-डायरेक्टर पर लगाये आरोप

चित्रकूट। अशोक पब्लिक स्कूल के प्रबंधक व डायरेक्टर पर स्कूल की शिक्षिका डॉ कुसुम मिश्रा ने आरोप लगाये कि महिलाओं से दुर्व्यवहार एवं छेडखानी करते हैं। एसपी अरुण कुमार सिंह के कार्यालय से बताया गया कि महिला की शिकायत सीओ सिटी कार्यालय में आई है। सीओ सिटी कार्यालय से शिकायतकर्ता को तलब किया है। मंगलवार को अशोक पब्लिक स्कूल की शिक्षिका कुसुम मिश्रा ने स्कूल के प्रबंधक अशोक गुप्ता व डायरेक्टर आकाश गुप्ता पर शिक्षिका के कमरे में घुसकर डायरेक्टर आकाश गुप्ता पर छेड़खानी का आरोप लगाया। कहा कि आकाश गुप्ता शिक्षा के मंदिर को अय्याशी का अड्डा बनाये है। शिक्षा के मंदिर को शराब का अड्डा भी बनाये है। नियमों को ताक में रखकर स्कूल चला रहा है। प्रबंधक के उत्पीड़न से त्रस्त शिक्षिका ने नौकरी छोडी है। पीडिता शिक्षिका ने बताया कि स्कूल प्रबंधन सीबीएसई मानदंडों निर्देशों अनुसार पालन नहीं करता। मूल दस्तावेज जमा करने को मजबूर नहीं कर सकता। स्कूल प्रबंधक डमी प्रिंसिपल रखे है। आरोप लगाया कि एपीएस प्रबंधन खुद को कानून से ऊपर मानता है। शिक्षिका ने आरोप लगाये कि स्कूल प्रबंध समिति एक भी नियम का पालन नहीं करती। कोई भी महत्वपूर्ण समिति नहीं बनाई। एपीएस में प्रबंधन कर्मचारियों के दो रजिस्टर रखते हैं। एक मूल व दूसरा सरकारी अधिकारियों को मूर्ख बनाने को। सत्यापन किया जाये तो श्रम विभाग व पीएफ आयुक्त निष्पक्ष जांच में सब खुलासा हो जायेगा। बैंक-

रैना और गेल में अभी भी रनों की भूख : हर्शेल गिब्स

ग्रेटर नोएडा। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज हर्शल गिब्स ने मंगलवार को कहा कि क्रिकेट लीजेंड सुरेश रैना और क्रिस गेल के अंदर अभी भी रनो के लिये भूख है।

इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले संस्करण में रेड कार्पेट दिल्ली के कप्तान गिब्स कैरिबियन क्रिस गेल और भारत के स्टार बल्लेबाज रहे सुरेश रैना के खिलाफ खेलने के लिए काफी उत्सुक हैं। उन्होने कहा वे (गेल, रैना) मुझसे कुछ साल छोटे हैं। यहां होना बहुत अच्छी बात है। जैसा कि मैंने कहा, वे सभी शानदार क्रिकेटर हैं। वे अभी भी परफॉर्म करना चाहते हैं। वह हमेशा जीतने के बारे में सोचते हैं, चाहें आपकी उम्र कुछ भी हो और आप किसी भी लीग में खेल रहे हों।

उनके अंदर अभी भी रन बनाने की भूख है।

गौरतलब है कि शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जारी टी20 टूर्नामेंट में क्रिस गेल और सुरेश रैना हिस्सा ले रहे हैं। गिब्स को लगता है कि खिलाड़ी मौजूदा लीग में अपनी फ्रेंचाइजी का नाम ऊंचा करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि वे लोग साबित करना चाहेंगे कि उनकी योग्यता क्या है और वे अपनी फ्रेंचाइजी को गौरवान्वित करेंगे। फिर से कुछ क्रिकेट देख पाना बहुत अच्छी बात है।

गिब्स ने अपनी कप्तानी की भूमिका पर कहा ठीक है, यह ज्यादा दिक्कत की बात नहीं है। उम्र आपको प्रभावित नहीं करती है। मेरी भूमिका मुख्य रूप से रन बनाना है। मैं इसी तरह से अपने रोल को देखता हूं। जब टी20 क्रिकेट की बात आती है, तो गेंदबाज अपनी फील्डिंग खुद ही सेट करते हैं। वास्तव में इसमें बहुत कुछ नहीं है। यह मूल रूप से खेल का आंकलन करना है। सही गेंदबाजी निर्णय लेना है। लेकिन, जैसा कि मैंने कहा, यह एक शानदार अनुभव है और आगे अत्यधिक मजा आने वाला है।

राज्यसभा चुनाव में अखिलेश को मिला बड़ा झटका

- **मनोज पांडे के साथ तीन और विधायक हुए बागी**

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज पांडे ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अखिलेश यादव को भेज गए लेटर में लिखा- अवगत कराना है कि आपके द्वारा हमें सपा विधानमंडल दल यूपी विधानसभा का मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया था। इसलिए मैं मुख्य सचेतक के पद से त्यागपत्र दे रहा हूं। कृपया इसे स्वीकार करने की कृपा करें। बता दें कि मनोज सपा कल रात अखिलेश यादव की डिनर पार्टी में शामिल नहीं हुए थे। सपा के विधायक मनोज पांडे ने पत्र में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लिखा कि मैं मुख्य सचेतक के पद से

इस्तीफा दे रहा हूं। इस्तीफा स्वीकार किया जाए। विधायक मनोज कुमार पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी विधानमंडल दल के मुख्य सचेतक के पद से हमने इस्तीफा दे दिया है। मुख्य सचेतक के पद से इस्तीफा देने के बाद मनोज पांडे विधानसभा पहुंचे। इस दौरान मीडिया कर्मियों ने उन्हें घेर लिया। इस्तीफे को लेकर उनसे सवाल किया। मगर वो बिना जबाव दिए निकल गए। अमेठी गौरीगंज से समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह और अभय सिंह एक गाड़ी से सदन पहुंचे। अयोध्या जनपद के सपा विधायक अभय सिंह और अंबेडकरनगर से सपा विधायक राकेश पांडे भी मौजूद थे। तीनों ने संयुक्त बयान में कहा कि अंतरात्मा की आवाज पर वोट देंगे।

विधायक राकेश प्रताप सिंह अपनी पार्टी की दोनो मीटिंग में नही गए थे और उन्होंने बागी रुख अख्तियार कर रखा था। यह तीनों भाजपा के पक्ष में मतदान कर सकते हैं। राकेश पांडे के सांसद बेटे रितेश पांडे दो दिन पहले भाजपा में शामिल हुए हैं। राज्यसभा चुनाव में सपा के नौ विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है। इस बीच उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया है कि सपा के कुल 14 विधायक हमें वोट करेंगे। हमने सपा खेमे को निराशा दे दी है। सपा पीडीए का नहीं सिर्फ अपने परिवार का ही ध्यान रखती है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में आठ प्रत्याशी जीतेंगे जबकि लोकसभा में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करेंगे। सपा विधायक राकेश पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह, विनोद चतुर्वेदी, मनोज पांडेय, पूजा पाल और आशुतोष मौर्य ने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया है। बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह ने बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ को वोट किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने मुझसे वोट नहीं मांगा। संजय सेठ ने वोट मांगा। इसलिए उन्हें वोट दिया हूं। सूत्रों के हवालों से खबर है कि मनोज पांडे सदन ने पहुंचने से पहले मंत्री दयाशंकर सिंह के घर गए। वहां उनके से मुलाकात की। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जिस तरीके से समाजवादी पार्टी के विधायक राम मंदिर को लेकर बयान दे रहे थे और दर्शन करने नहीं गए।

इससे आहत होकर मनोज पांडे समेत कई विधायक भाजपा के साथ आ रहे हैं। राज्यसभा चुनाव पर भाजपा नेता सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि भाजपा के आठ उम्मीदवार हैं, सभी जीतकर दिल्ली जाने वाले हैं। जिनको डर था वे सुबह से ही गा रहे हैं कि भाजपा ने उनके विधायकों को छीन लिया है। उन लोगों को अपने घर को संभालना नहीं आया। किसी पर आरोप लगाने से पहले ये भी देख ले कि आपके घर के सदस्य क्यों आपसे भागना चाहते हैं? अखिलेश यादव को बहाना देने की आदत पड़ चुकी है।

रामपुर की अदालत ने जयाप्रदा को किया फरार घोषित

रामपुर। उत्तर प्रदेश में रामपुर जिले की विशेष अदालत ने पूर्व सांसद और सिने तारिका जया प्रदा को सीआरपीसी की धारा 82 के तहत फरार घोषित किया है। न्यायाधीश शोभित बंसल ने अगली सुनवाई के लिए छह मार्च नियत की है। जया को एक माह के अंदर हाजिर कराने के एसपी रामपुर को आदेश दिए गए हैं। बार बार गैर जमानती वारंट जारी होने और अपने पते पर नहीं मिलने के कारण एमपी एमएलए न्यायालय ने जयाप्रदा को फरार घोषित करते हुये पुलिस अधीक्षक को टीम गठित कर फिल्म अभिनेत्री को हाजिर कराने के आदेश दिए हैं।

विपक्ष ने मान ली है हार : मोदी

- **उनके पास देश के विकास का रोडमैप नहीं, इसलिए मुझे गाली देना ही उनका एजेंडा**

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केरल दौरे पर हैं। पहले वे तिरुवनंतपुरम में विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर पहुंचे, जहां उन्हें गगनयान मिशन के चार एस्ट्रोनॉट्स के नाम का ऐलान किया। इसके बाद उन्होंने एक जनसभा में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्ष ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। विपक्ष के पास देश के विकास का कोई रोडमैप नहीं

है, इसलिए उन्होंने सिर्फ एक एजेंडा बना रखा है- मोदी को गाली देना। मैं जानता हूं केरल के लोग ऐसे नकारात्मक विचार रखने वाले लोगों का साथ नहीं देंगे। देश को समृद्ध बनाने के लिए केरल के लोग भाजपा और राजग को अपना आशीर्वाद देंगे। पीएम ने कहा कि भाजपा ने कभी केरल या देश के किसी राज्य को वोट के चश्मे से नहीं देखा। जब भाजपा यहां कमजोर थी तब भी हमने केरल को मजबूत बनाने के लिए काम किया। गल्फ के देशों में रहने वाले साथियों ने अभी हाल में अनुभव किया है कि पहले के भारत और आज के भारत में कितना फर्क है।2019 में देश नारा दे रहा था- फिर एक बार मोदी सरकार, 2024 में हर कोई कह रहा है- अबकी बार 400 पार। केरल के लोगों में एक नया उत्साह है। 2019 में केरल के लोगों के दिलों में उभरी उम्मीद अब 2024 में उनका विश्वास बन गई है।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की विश्वसनीयता बढ़ी : राजनाथ सिंह

- **रक्षा मंत्री ने कांग्रेस को बताया भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की अम्मा**

विशाखापट्टनम। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की विश्वसनीयता बढ़ गई है। भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि दुनिया का ताकतवर देश बन गया है। अब यदि कोई भारत को आंख दिखाएगा तो उसे जवाब देने से भारत पीछे नहीं रहेगा। अब कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी मानते हैं कि 21वीं शताब्दी भारत की होने वाली है। विशाखापट्टनम में 'बुद्धिजीवी सम्मेलन' में उन्होंने कहा कि यही वजह है कि कतर में फांसी की सजा पाए आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को माफी मिल गई। उनमें से एक इसी विशाखापट्टनम से हैं। बुद्धिजीवी सम्मेलन में राजनाथ सिंह ने उत्तर और दक्षिण भारत की बुनियादी समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों जगह कुछ अलग-अलग संरचनात्मक मुद्दे भी हैं, इसलिए हमारा प्रयास दोनों को और अधिक जोड़ने का होना चाहिए, न कि भाषा और समृद्धि के नाम पर दोनों को तोड़ने का। दक्षिण भारत की समृद्धि के आंकड़ों को खत्म करने के लिए हमारे विपक्ष के साथी कई बार उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीयों के बीच दुश्मनी दिखाने की कोशिश करते हैं, जो पूरी तरह

गलत है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी भारत के राज्यों की बात करें तो कर्नाटक में लंबे समय तक हमारी सरकार रही है। वर्तमान में पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और कर्नाटक में हम दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में हैं। आंध्र प्रदेश, तमिल और केरल में हमारा वोट शेयर लगातार बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने भारत के पश्चिमी भाग की बात करते हुए कहा कि राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में करीब तीन-चार दशक से हमारी पार्टी अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में तो पश्चिमी भारत में सबसे ज्यादा सीटें हमें ही मिलीं। गुजरात में लगभग 30 साल से हमारी सरकार है। पूर्वोत्तर की बात करते हुए कहा कि हम पर अक्सर एक आरोप लगता है कि भाजपा केवल उत्तर भारत की पार्टी है। हम पर यह आरोप भी ग़लत है कि हम केवल हिंदी बेल्ट की पार्टी हैं। असम में हमारी दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। असम तो हिंदी बेल्ट का राज्य नहीं है। कांग्रेस को भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की 'अम्मा' बताते हुए राजनाथ सिंह का कहना था कि कुछ लोग भाजपा पर साम्प्रदायिक पार्टी का आरोप लगाते हैं जबकि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी सेक्युलर पार्टी है। पांच अरब देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सबसे सर्वोच्च सम्मान दिया है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हम कितने गंभीर हैं, इसका पता इसी बात से चलता है कि महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने वाले को फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। अर्थव्यवस्था की बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत के बैंकों में एनपीए बहुत कम हो गया है। क्रेडिट उठान बढ़ा है। आज भारत 'फ्रैगाइल फाइव' की श्रेणी से निकलकर 'फैब्युलस फाइव' की श्रेणी में पहुंच गया है।

गन्ने की कटौती ही नहीं उतराई के नाम पर लिये जा रहे रुपए

- **सरौराकलां में गन्ना कृषक गोष्ठी के दौरान फूटा किसानों का गुस्सा**
- **परेशान प्रधान बोलेः इसका कोई नियम हो तो बताओ**

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। गन्ना क्रय केंद्र पर फसल की कटौती ही नहीं उतराई के नाम पर रुपए लिये जा रहे है। क्रय केंद्र कमलापुर बी के तहत सरौराकलां गांव में मंगलवार को गन्ना विकास परिषद की ओर से आयोजित गन्ना कृषक गोष्ठी के दौरान किसानों का यह गुस्सा जमकर फूटा। विषय पर बातचीत के बीच परेशान ग्राम प्रधान ने मातहतों से कहा कि ऐसा कोई नियम हो तो हमें भी बताओ। जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक डॉक्टर दीप शिखा, सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव माधवराव, जवाहरपुर चीनी मिल के चंद्रप्रकाश मिश्रा एवं सहायक निदेशक गन्ना संस्थान गोंडा के सेवानिवृत्ति राम नरेश वर्मा की मौजूदगी में कई किसानों ने गंभीर आरोप जड़े। उन्होंने कहा कि गन्ना क्रय केंद्र पर

फसल लेकर जब वह जाते हैं तो दो या फिर तीन कुंतल गन्ने की कटौती होती है। किसानों ने कहा कांटा बाबू पर्ची भी नहीं देते है। गन्ना उतराई के नाम पर वसूली की जा रही है। किसान गुड्डू ने कहा चीनी मिल चलते इतना समय बीत रहा है। अभी तक पेड़ी गन्ने की फसल उनके खेत में खड़ी है।

एक पर्ची गन्ना लेकर वह तौल कराने के लिए गए तो उनसे दो सौ रुपए लिए गए है। गोष्ठी के दौरान मिल प्रबंधन के सिस्टम से परेशान ग्राम प्रधान देशराज ने जमकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने मौजूद सभी जिम्मेदारों से कहा कि ऐसा कोई नियम हो तो बताओ। प्रधान ने कहा

> किसानों ने फोन न उठाने और उतराई के नाम पर रुपए लेने की शिकायत की है। जबकि आज तक ऐसी किसी शिकायत को लेकर न तो हमारे पास फोन आया है। और न ही सचिव को किसी किसान ने फोन किया। अगर ऐसा है तो किसी भी दिन औचक निरीक्षण किया जाएगा। यदि ऐसा पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डॉक्टर दीप शिखा**
> **ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक कमलापुर।**

गन्ना उतराई के नाम पर रुपए लिए जा रहे है। तीन से चार कुंतल फसल की कटौती की जाती है। जिम्मेदारों की सफाई के बीच प्रधान ने कहा सौ बीघा से अधिक उनके पास गन्ना है। सिस्टम से वह परेशान है। उनके पास गांव के गरीब किसान गुहार लगाते हैं कि उतराई के नाम पर रुपए और अवैध कटौती की जाती है। गोष्ठी में किसानों ने और कई गंभीर आरोप लगाए है।

योगी जी राजस्थान के दबंग भट्ठा मालिक से बीवी-बच्चों को बचा लीजिए!

- **अजमेर से जान बचा कर भागे सीतापुर के मजदूर, अब परिवार की फ्रिक**
- **वीडियो वायरल कर सीएम से रक्षा करने की लगाई गुहार**
- **पेट की आग बुझाने के लिए मजदूरी करने गये थे लोग**

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सीतापुर से मजदूरी करने अजमेर के ईट भट्ठे पर गये मजदूरों की जान आफ्त में पड़ गई। जानवरों जैसा सलूक और खाने के नाम पर दबंग मालिक की गालियों ने उन्हें अंदर तक तोड़ दिया।

जैसे-तैसे दबंग भट्ठा मालिक के चंगुल से छूट कर मजदूर तो भाग निकले पर अब उन्हें परिवार की चिन्ता सता रही है। भट्ठा मालिक ने मजदूरों की पत्नी और बच्चों को बंधक बना रखा है। खाने पीने को भी कुछ नहीं दे रहा है। सीतापुर के मजदूरों ने वीडियो वायरल कर यूपी और राजस्थान के सीएम से बीवी बच्चों को

दबंग भट्ठा मालिक के कब्जे से मुक्त कराने की गुहार लगाई है। इन लोगों ने दोनों मुख्यमंत्रियों को प्रार्थना पत्र भी भेजा है। सकरन के लोधनपुरवा निवासी दिनेश राजपूत, नीरज राजपूत, गंगाराम, चीतपुर निवासी शरीफ़ वसीर, रईश, रसीद, जिला खीरी के शैलगांव निवासी गुफ्रान, कोतवाली देहात इलाके के ढखिया गांव निवासी इकबाल सहित अन्य मजदूर करीब पांच माह पूर्व ठेकेदार भूरे व कमरू सलाम के कहने पर मजदूरी करने जेबीसी ब्रिक फील्ड भीलवाड़ा रोड केकड़ी अजमेर राजस्थान प्रांत मजदूरी करने गये थे। इन लोगों का कहना है कि भट्ठा मालिक मोईन खान ने उन्हें बंधक बना कर शारीरिक यातनाएं दी और बंधुवा मजदूर बना कर काम कराया, एक भी पैसे नहीं दिये। मांगने पर जानवरों की तरह पीटा। आरोप यह भी है कि मजदूरों के बीवी-बच्चों को बंधक बना कर रखा है। हम नौ मजदूर किसी तरह जान बचा कर भाग आये है। अब इन्हें अपने बीवी-बच्चों की चिन्ता है। लिहाजा इन लोगों ने दोनों प्रांतों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिख कर बीवी बच्चों को दबंग भट्ठा मालिक से बचाने की मांग की है।

पुलिस कर्मियों को बेहतर सुविधाओं के लिए 48.76 करोड़ की धनराशि जारी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। शासन ने प्रदेश के जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए 48 करोड़ 35 लाख रुपये से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मुरादाबाद की क्षमता दोगुना किये जाने के लिए अनावसीय भवनों के निर्माण के लिए 33 करोड़ 80 लाख 35 हजार रुपये तथा आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 9 करोड़ 26 लाख 19 हजार रुपये की धनराशि के आदेश निर्गत कर दिये गये है। जनपद आगरा के थाना फतेहाबाद में श्रेणी-ए के 06 एवं श्रेणी-बी के 09 आवासों के निर्माण के लिए 2 करोड़ 73 लाख 70 हजार रुपये की धनराशि, जनपद बिजनौर में थाना बढ़ापुर में 32 क्षमता के हॉस्टल एवं बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए एक करोड़ 76 लाख 81 हजार रुपये व जनपद बिजनौर में थाना नगीन देहात में 16 क्षमता के हॉस्टल व बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 19 लाख 65 हजार रुपये की धनराशि निर्गत करने के आदेश निर्गत कर दिये गये है। मुख्यमंत्री ने स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिये है।

गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराये निर्माण कार्य : सीडीओ

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से अधिक लागत के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुयी। सीडीओ ने निर्देश दिये कि संचालित निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। जर्जर परिषदीय विद्यालयों के भवनों के ध्वस्तीकरण के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराये जाने के निर्देश भी दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, यूपीसीएनडीएस, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा

कराये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यों के सापेक्ष आवंटित धन का उपभोग प्रमाण-पत्र समय से प्रेषित कर दिया जाये तथा शेष धन आवंटन हेतु मांग पत्र समय से प्रेषित किया जाये। पर्यटन विभाग के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को आकर्षक रूप से कराया जाये। निर्माणाधीन सेतुओं का निर्माण समय से पूर्ण कराने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।